आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* सांई टेऊराम जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 184 | उज्जैन, रविवार 19 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### भारत ने पहला विक्रम-1 रॉकेट लॉन्च कर रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारत का पहला निजी तौर पर विकसित ऑर्बिटल-क्लास रॉकेट विक्रम-1 शनिवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया। विक्रम-1 ने अंतरिक्ष में अपनी तय कक्षा (ऑर्बिट) सफलतापूर्वक हासिल कर ली है। इस ऐतिहासिक कामयाबी के साथ ही भारत, निजी क्षेत्र में ऑर्बिटल लॉन्च (कक्षीय प्रक्षेपण) की क्षमता हासिल करने वाला दुनिया का तीसरा देश बन गया। इस रॉकेट को हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस ने विकसित किया है। स्काईरूट एयरोस्पेस ने अपने आधिकारिक एक्स से पोस्ट करते हुए बताया, भारत के पहले निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 (टेस्ट फ्लाइट-1) ने अंतरिक्ष में अपनी तय कक्षा (ऑर्बिट) सफलतापूर्वक हासिल कर ली है।

### अमरनाथ से लौट रहे श्रद्धालुओं की बस बनी आग का गोला

**सलूंबर।** राजस्थान के सलूंबर जिले के तीर्थयात्री जो अमरनाथ यात्रा से लौट रहे थे, उनकी बस में जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में आग लग गई। इस घटना में बस तो पूरी तरह जल गई, लेकिन सभी 47 तीर्थयात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, हालांकि आग में यात्रियों का सामान, नकदी और मोबाइल फोन जलकर खाक हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक सलूंबर जिले के सराडा ब्लॉक के धाकड़ा गांव के 47 तीर्थयात्री 9 जुलाई को दो बसों में अमरनाथ यात्रा के लिए निकले थे। गुरुवार शाम को, जब वे बाबा बर्फानी (भगवान अमरनाथ) के दर्शन कर-के लौट रहे थे, तो रामबन जिले के करोल इलाके में एक बस का टायर अचानक फट गया।

### होर्मुज स्ट्रेट में दो तेल टैंकरों में विस्फोट

**तेल अवीव।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट में दो तेल टैंकरों में विस्फोट हो गया। आईआरजीएस ने बताया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की गलत जानकारी के कारण दोनों टैंकर समुद्र में बिछी माइंस से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गए। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस दावे को झूठा बताया। वहीं, केंटकॉम ने कहा कि उसने लगातार सातवीं रात ईरान के सैन्य ठिकानों, हथियार भंडार और समुद्री सैन्य क्षमताओं पर हमले किए। अल जजीरा के मुताबिक, इन हमलों में सीरिक, बुशेहर, बंदर अब्बास, केश्म द्वीप और यज्द को निशाना बनाया गया। उधर, ईरानी सांसद अहमद बख्शायेश अर्देस्तानी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने जमीनी हमला किया, तो ईरान कुवैत और बहरीन में घुस जाएगा और वहां मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को तबाह कर देगा।

### आमिर को लॉरेंस गैंग से जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** एक्टर आमिर खान को तीसरी शादी करने पर अब लॉरेंस गैंग की तरफ से जान से मारने की धमकी मिलने की खबर है। रिपोर्ट के अनुसार गैंग ने आमिर खान की 5 जुलाई को हुई गौरी स्प्रैट से शादी को लव जिहाद बताया है। आज तक की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को लॉरेंस गैंग की तरफ से एक लेटर और ऑडियो नोट जारी किया गया है। लेटर में लिखा है- हमारे देश में आमिर खान जैसे लोग लव जिहाद को बढ़ावा दे रहे हैं, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसका जवाब बहुत जल्द इसको दिया जाएगा। ये चीज हमारे सनातन धर्म में और देश के खिलाफ है। ये जो स्टारडम के नाम पर इस चीज को बढ़ावा दे रहे हैं, इनकी हम सांसें दबा लेंगे। खबर लिखे जाने तक मुंबई पुलिस की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। आमिर की टीम की तरफ से भी कोई बयान नहीं आया है। तीसरी शादी करने के बाद एक्टर आमिर खान को सोशल मीडिया पर लव जिहाद का ब्रांड एंबेसडर कहा जा रहा है।

### साउथ परगना में अभिषेक बनर्जी का पार्टी ऑफिस तोड़ा गया

**कोलकाता।** टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साउथ 24 परगना के अमतला में स्थित पार्टी ऑफिस को शनिवार को तोड़ दिया गया। यह कार्रवाई जिला प्रशासन की तरफ से की गई है। अधिकारियों के मुताबिक ऑफिस बिना किसी मंजूरी बिल्डिंग प्लान के बनाया गया था। यह ऑफिस डायमंड हार्बर लोकसभा सीट का हिस्सा है। अभिषेक बनर्जी इसी सीट से सांसद हैं। जिले में टीएमसी की संगठनात्मक गतिविधियों का मुख्य केंद्र माना जाता है। यहां से जिला नेताओं, बूथ कार्यकर्ताओं और चुनावी रणनीति से जुड़ी बैठकें होती रही हैं। अमतला ऑफिस को विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान वार रूम की तरह इस्तेमाल किया जाता था। कई अहम संगठनात्मक बैठकें यहीं हुई हैं।

### मेक्सिको में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का खतरा बढ़ा

**मेक्सिको।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य चियापास के तट पर शुक्रवार को 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इसके बाद करीब 10 लाख लोगों के लिए सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है। अमेरिकी एजेंसी यूएसजीएस के मुताबिक, भूकंप का केंद्र मेक्सिको के प्यूर्टो मडेरो शहर के पास था। यह 10 किलोमीटर की गहराई पर आया, जिससे आसपास के इलाकों में तेज झटकों की आशंका बढ़ गई है। यूएस सुनामी वार्निंग सिस्टम ने इस क्षेत्र के लिए सुनामी का अलर्ट जारी किया है। 7.4 तीव्रता के भूकंप को 'मेजर' कैटेगरी में रखा जाता है, जो बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकते हैं। भूकंप के झटके मेक्सिको के पड़ोसी देश ग्वाटेमाला और अल साल्वाडोर में भी महसूस किए गए।

---

जंतर-मंतर पर पिछले 20 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को पुलिस अस्पताल ले गई

# मंच पर फूट-फूटकर रोने लगे अभिजीत दीपके

## दिल्ली पुलिस ने की प्रदर्शनकारियों से जंतर मंतर खाली करने की अपील, जंतर मंतर पर भारी पुलिस बल तैनात

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



जंतर-मंतर पर पिछले 20 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस अस्पताल ले गई है। सोनम वांगचुक को आज सुबह 7.40 बजे आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल के लिए सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। लंबे समय तक उपवास और निर्जलीकरण के कारण वे कमजोर हैं। हालांकि उनकी हालत फिलहाल स्थिर है, फिर भी उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

दिल्ली पुलिस प्रदर्शनकारियों से जंतर मंतर खाली करने की अपील कर रही है। जंतर मंतर पर भारी पुलिस बल तैनात है और प्रदर्शनकारी जमकर नारेबाजी कर रहे हैं और जंतर मंतर पर डटे हुए हैं। उधर, अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की। भूख हड़ताल पर बैठे अभिजीत पर एक महिला ने स्याही फेंक दी।

सोनम वांगचुक को 18 जुलाई 2026 को सुबह 7.40 बजे दिल्ली पुलिस द्वारा वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अनुसार, भर्ती के समय वह पूरी तरह होश में थे। उनकी नाड़ी, रक्तचाप और ऑक्सीजन सैचुरेशन सामान्य एवं स्थिर पाया गया। हालांकि, शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) के लक्षण दिखाई दिए। जांच में ब्लड गैस एनालिसिस से क्षतिपूरित एसिडोसिस की स्थिति और सीरम पोटैशियम का स्तर कम पाया गया। भर्ती के समय उनका ब्लड शुगर 78एमजी/डीएल दर्ज किया गया। दोबारा की गई जांच में भी सीरम पोटैशियम का स्तर पहले जैसा ही रहा। भर्ती के समय यूरिन में कीटोन का स्तर 1+ था, जो दोपहर 1 बजे तक बढ़कर 3+ हो गया। डॉक्टरों ने उन्हें नस के जरिए तरल पदार्थ (इंट्रावेनस फ्लूइड्स) देने की सलाह दी, लेकिन सोनम वांगचुक ने आईवी फ्लूइड्स, ओरल रिहाइड्रेशन फ्लूइड (ओआरएस) और किसी भी अन्य दवा को लेने से इनकार कर दिया है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और उनके बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उपचार स्वीकार करने के लिए लगातार परामर्श दिया जा रहा है।

### सोनम वांगचुक की पत्नी ने सफदरजंग अस्पताल को पत्र लिखा

सोनम वांगचुक की पत्नी ने सफदरजंग अस्पताल को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने सोनम वांगचुक को दूसरे निजी अस्पताल में रेफर करने की मांग की है।

### अभिजीत दीपके पर स्याही फेंकी, आरोपी महिला हिरासत में

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके पर स्याही फेंकने का मामला सामने आया है। एक महिला ने अभिजीत पर स्याही फेंक दी। दिल्ली पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है।

### सोनम वांगचुक अभी भी भूख हड़ताल पर हैं

सोनम वांगचुक की पत्नी ने खुलासा किया है कि सोनम अभी भी भूख हड़ताल पर हैं। डॉक्टरों को उन्हें इलेक्ट्रोल देने से मना किया है। वो किसी दूसरे लैब से भी सोनम की जांच करवाएंगी, क्योंकि उन्हें सफदरजंग अस्पताल पर भरोसा नहीं है। उन्होंने बताया कि जल्द ही यहां से डिस्चार्ज करवाकर उन्हें किसी विश्वसनीय अस्पताल में भर्ती करवाया जाएगा। 20 जुलाई को अगर सोनम मार्च में शामिल नहीं हो पाएंगे, तो मैं उनकी जगह मार्च का नेतृत्व करूंगी। यह मार्च सोमवार को पहले से तय योजना के मुताबिक होगा।

- **प्रशासन और पुलिस पर सोनम वांगचुक की पत्नी का आरोप-** सोनम वांगचुक की पत्नी का आरोप है कि प्रशासन और पुलिस सोनम वांगचुक के मेडिकल रिपोर्ट साझा नहीं कर रहे हैं और उन्हें उस कमरे में फोन ले जाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं, जहां सोनम को रखा गया है। वकील और निजी डॉक्टरों को अब अंदर जाने की अनुमति है।
- **अभिजीत दीपके आज से भूख हड़ताल पर बैठेंगे-** अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की। अभिजीत दीपके आज से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। अभिजीत का दावा है कि उनके साथ मारपीट की गई, वह पुलिस की गिरफ्त से भाग कर जंतर मंतर पहुंचे।

### अनशन स्थल से उठाकर ले जाना अत्यंत निंदनीय

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- 'सोनम वांगचुक को बल-प्रयोग करके, जबरदस्ती उनके आमरण अनशन स्थल से उठाकर ले जाना अत्यंत निंदनीय समाचार है। आज सुबह घटी ये घटना थोड़ी ही देर में पूरे देश और संपूर्ण विश्व में फैल चुकी है। सारी दुनिया और देशभर में सोनम वांगचुक को लेकर गहरी चिंता है और भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश भी। जो लोग सादी वर्दी में इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए धोखे से अचानक घुसे थे, उनकी पहचान सार्वजनिक की जाए।'
कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस द्वारा प्रदर्शन स्थल से हटाए जाने के बाद जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के दौरान फूट-फूटकर रो पड़े।

---

स्व. श्री गोवर्धनलाल जी मेहता की जयंती पर

# वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ और उज्जयिनी रक्त संचार संस्था द्वारा 26 जुलाई को 'रक्तांजलि'

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक अवंतिका अपने पितृपुरुष परमश्रद्धेय पं. गोवर्धनलाल मेहता 'दा साब' की 111वीं जयंती के पावन अवसर पर 26 जुलाई 2026 (रविवार) प्रातः 11 बजे रक्तांजलि मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रहा है। यह जनसेवा का महाअभियान उज्जैन में आयोजित होगा, जिसमें उज्जयिनी रक्त संचार संस्था एवं वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ सहयोगी संस्था के रूप में सहभागी रहेंगे।

दैनिक अवंतिका के संपादक संदीप मेहता ने बताया कि वर्तमान समय में दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन, थैलेसीमिया तथा अन्य आपात परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि परमश्रद्धेय पं. गोवर्धनलाल मेहता 'दा साब' ने अपने जीवनकाल में सदैव समाजहित, जनसेवा और मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी जयंती पर आयोजित यह रक्तदान शिविर उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम बनेगा।

उज्जयिनी रक्त संचार समिति की ओर से सुनील गुप्ता, रूपेश बीडवान, अलका शर्मा एवं रितेश बोरिया तथा वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की ओर से अभिलाष नागर, चैतन्य चौधरी, नरेंद्र सहगल, शेख जमील, अविनाश श्रीवास, अनिल देवड़ा, मुश्ताक खान एवं जी.आर. जरिया ने शहर के युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सभी जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है।

आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किया गया एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पुनीत अभियान में सहभागी बनकर मानव सेवा के इस महायज्ञ को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

---

# अहमदाबाद में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाके से 8 की मौत, 15 घायल

## आरएएफ का कैंप पास था, रेस्क्यू के लिए पहुंचे जवान

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

अहमदाबाद के वस्त्राल इलाके में शनिवार को पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद आग लग गई। हादसे में 8 कर्मचारियों की मौत हो गई और करीब 15 घायल हो गए।

हादसा रामोल से गतराड जाने वाले रास्ते पर महमूदपुरा टैलेंट के पास हुआ। यहां पास में ही रैपिड एक्शन फोर्स का कैंप है। धमाके की आवाज सुनते ही आरएएफ जवान तुरंत घटनास्थल पहुंचे और लोगों का रेस्क्यू किया। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर तक सुनाई दी। धमाके की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां और एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गईं। हादसे के समय फैक्ट्री में करीब 25 लोग काम कर रहे थे।



### पीएम ने दुःख जताया

इलाके के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर जयपाल सिंह राठौड़ के अनुसार, रामोल-गटराड रोड पर खुले मैदान में मेहुल डोडिया नाम का व्यक्ति पटाखा फैक्ट्री चला रहा था। फैक्ट्री का लाइसेंस पहले ही रद्द हो चुका था, इसके बावजूद वहां पटाखे बनाए जा रहे थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजन के लिए 2-2 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया है।

---

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा यात्रियों को सेकेंड क्लास कहना गलत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी यात्री की श्रेणी उसके खर्च से तय नहीं होनी चाहिए। रेलवे के नियमों में इस्तेमाल होने वाले सेकेंड क्लास पैसेंजर शब्द पर आपत्ति जताते हुए कोर्ट ने कहा कि सेकेंड क्लास का संबंध कोच से होना चाहिए, यात्री से नहीं। कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल का फैसला पलटते हुए ट्रेन हादसे में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिवार को 8 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि मृत यात्री के पास टिकट नहीं मिलने भर से उसके परिवार को मुआवजे से वंचित नहीं किया जा सकता।

---

यूसीसी, फायर एक्ट जैसे बिल विधानसभा के मानसून सत्र में होंगे पेश

# बीच में कोचिंग छोड़ने पर छात्र को वापस मिलेगी फीस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में निजी कोचिंग संस्थानों पर पहली बार व्यापक नियमन लागू करने की तैयारी है। सरकार मानसून सत्र में निजी कोचिंग संस्थान (पंजीयन एवं विनियमन) विधेयक, 2026 पेश कर सकती है। प्रस्तावित कानून के तहत यदि कोई छात्र बीच में कोचिंग छोड़ता है तो संस्थान को 10 दिन के भीतर शेष फीस वापस करनी होगी। इसके साथ ही पंजीयन, प्रवेश, विज्ञापन और संचालन से जुड़े कई नए नियम लागू होंगे।

सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' विधेयक, 2026 लाने की तैयारी में है। इसके तहत उद्योग लगाने के लिए अलग-अलग विभागों से अनुमति लेने की व्यवस्था समाप्त कर एकीकृत प्रणाली बनाई जाएगी। सभी मंजूरियां एक ही प्लेटफॉर्म से मिलेंगी और निवेशकों को विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है।

### निजी विश्वविद्यालय खोलने के नियम होंगे आसान

निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2026 में भूमि सहित कई शर्तों में बदलाव का प्रस्ताव है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप आधारभूत ढांचे, शैक्षणिक गुणवत्ता और अन्य मानकों को सरल बनाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य निजी क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए निवेश को बढ़ावा देना है।

### ऊंची इमारतों में फायर सेफ्टी अनिवार्य

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विधेयक, 2026 के तहत 15 मीटर से अधिक ऊंची इमारतों, बड़े स्कूलों, छात्रावासों, अस्पतालों, मॉल और व्यावसायिक परिसरों में फायर सेफ्टी के कड़े मानक लागू किए जाएंगे। नियमों का पालन नहीं करने पर दंड का प्रावधान रहेगा। इसके साथ ही फायर सेफ्टी टैक्स लगाने का भी प्रस्ताव है।

---

छतरपुर में विस्थापितों का 'चिता आंदोलन' तेज, 11वें दिन भी भूख हड़ताल जारी

# 500 घरों में नहीं जला चूल्हा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ छतरपुर

प्रदेश के छतरपुर जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं के कारण बेघर हुए लोगों की लड़ाई अब बेहद गंभीर रूप ले चुकी है। केन-बेतवा लिंक परियोजना, एनटीपीसी, मझगांव, रूंज और नैगुवा जैसी बड़ी परियोजनाओं में हुए कथित भ्रष्टाचार और विस्थापितों के सही पुनर्वास की मांग को लेकर 'जय किसान संगठन' के बैनर तले चल रहा 'चिता आंदोलन' दिन-ब-दिन और तेज होता जा रहा है।

इस क्रम में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर की भूख हड़ताल 11वें दिन भी जारी रही, जिससे स्थिति संवेदनशील बनी हुई है और स्वास्थ्य को लेकर चिंताए भी बढ़ गई है।

मिली जानकारी के अनुसार लगातार भूख हड़ताल पर बैठे अमित भटनागर की सेहत में तेजी से गिरावट आ रही है। आंदोलनकारियों के मुताबिक, 11 दिनों में उनका वजन करीब 6 किलोग्राम तक घट चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता के समर्थन में आंदोलन स्थल पर मौजूद प्रभावित परिवारों ने भी अपना विरोध जताने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। बुधवार को भी प्रदर्शन स्थल पर चूल्हा नहीं जलाया गया, जिसके कारण लगभग 500 बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भूखे रहने को मजबूर हुए।

### क्या हैं आंदोलनकारियों के आरोप?

प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले चार सालों से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन द्वारा न तो सही तरीके से ग्राम सभाएं बुलाई गईं और न ही पारदर्शी सर्वे किया गया। इसके साथ ही जनसुनवाई और लोगों की आपत्तियों का भी कोई निपटारा नहीं किया गया।

### ग्रामीणों का सबसे गंभीर आरोप मुआवजे को लेकर

इसके अलावा गौर करने वाली बात यह है कि ग्रामीणों का सबसे गंभीर आरोप मुआवजे को लेकर है। मामले में ग्रामीणों का कहना है कि जिन परिवारों की जमीनें गईं और जो वाकई हकदार थे, उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला। वहीं दूसरी तरफ, कई गलत लोगों को मोटी रकम बांट दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि पुनर्वास प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और मुआवजे का पैसा बिचौलियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## गैंग की अजब गजब कार्रवाई

बात शुक्रवार रात की शहर के घंटाघर टावर की है। पूरे मामले को देखने वाले गैंग की कार्रवाई को गैंग की अजब गजब कार्रवाई बोलने से नहीं चुके हैं। हुआ यूं की रात 8 बजे के लगभग एक छोटे भारवाहक वाहन से दो व्यक्ति घंटाघर के उस क्षेत्र में पहुंचे जहां कारों की पार्किंग की जाती है। यहीं पर किलो से कपड़े बेचने के कारोबार की दुकान है। शहर की संस्था की सड़कों पर अस्थायी अतिक्रमण हटाने वाली गैंग सफेद वाहन से इस दौरान पूरी तरह से घंटाघर क्षेत्र में सक्रिय थी। वाहन वाले ने वाहन को कारों की पार्किंग के बीच ही वाहन लगाकर शटर खोला और 50 रूपए में चार दूध पीने के कप बेचने लगा। देखते ही देखते उनके वाहन पर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। करीब डेढ़ घंटे के समय में वाहन आधा खाली हो गया। करीब 9.15-9.30 के दरमियान एक दम से गैंग के ईमानदार और दबंग कर्मचारी पूरी कर्मनिष्ठा के साथ धडाधड आए और वाहन वाले को जमकर अपने सुसंस्कृत शब्दों से चमकाया। वाहन का शटर बंद करवाया और मग लेने के लिए खडे लोगों को भी हड़काया। इसके बाद वाहन वाले को मय वाहन के अपने साथ ले गए। मग लेने से वंचित रहे लोगों में इस पर खुसूर-फुसूर शुरू हो गई। इसमें कुछ ने कहा कि जब एक डेढ़ घंटे पहले वाहन वाला आकर इनके सामने ही खडा हुआ था तो फिर उसे तत्काल क्यों नहीं रोका गया। उसका धंधा सुचारू होने के बाद ही उसे रोका जाना जायज स्थिति में नहीं कहा जा सकता। इस समय के दौरान जब चौराहों के सिग्नल बंद हो जाते हैं ऐसे में एक तरफ खड़े कारोबारी को ही यातायात में बाधक बताकर क्यों रोका गया, जबकि घंटाघर के चारों और इस दौरान जाम के हाल बने हुए थे। फ्रीगंज शहीद पार्क जाने वाले मार्ग की रोटरी के पास सडक पर ही वाहन की पार्किंग की गई थी। सफेद वाहन वाली गैंग मग बेचने वाले एवं उसके वाहन को साथ लेकर गए उसके बाद कार्रवाई क्या की गई इसका कोई हिसाब किताब सामने नहीं है। गैंग के इस अजब गजब काम को लेकर लोगों ने उन शब्दों का भी उपयोग किया जो कि बगैर पुष्टि के उचित नहीं कहे जा सकते हैं, पर ये जरूर है कि पूरे मामले में इतनी रात को एक ही क्षेत्र में कुछ लोगों को छूट एवं एक को सुसंस्कृत शब्दों से हड़काना भेदभाव तो स्पष्ट करता ही है। गैंग की कार्रवाई सवालों के घेरे में तो कही ही जाएगी। यही नहीं उसके उद्देश्यों को भी सही नहीं कहा जा सकता है। स्मार्ट शहर के सीसीटीवी कैमरा पूरी हकीकत को समेटे बैठे हैं। आमजन के सवालों के घेरे में आए इस मुद्दे को लेकर स्मार्ट अफसरों को उन्हें देखने की कवायद करना चाहिए और अपने प्रशासन के निचले नुमाइंदों की हरकतों पर संज्ञान लेना चाहिए।




## संक्षिप्त समाचार

- कालिदास कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को प्राकृतिक सामग्री जैसे सूखे फूलों और पत्तियों से आकर्षक कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।
- कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में जीवन संगीत संस्था की सुरीली शाम, वरिष्ठ रंगकर्मी नितिन सेठिया को मिला कला सम्मान
- एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर सूर्यपाल सिंह राठौड़ का राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स शूटिंग कॉम्पिटिशन के लिए मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ टीम में चयन हुआ है।
- इंदौर में गूंजा उज्जैन का नासिक ढोल, 'चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली उज्जैन' ने अपने शानदार संयुक्त प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया।
- उज्जैन से देवास की 45 किमी दूरी 2 घंटे 45 मिनट में की तय, अवंतिका रेसलिंग सेंटर के अरहान टाइगर और राजीक ने सुबह 5 बजे लाल गेट से शुरू की थी दौड़
- मृत गौमाता को वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन और धार्मिक विधि-विधान के साथ गौमाता को भू-समाधि दी गई
- श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की ग्रामीण कर्मचारियों के साथ बैठक, 21 जुलाई को प्रधानमंत्री के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन
- दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की मंशा के अनुरूप निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर
- सम्राट हर्षवर्धन सिंह बैस की जयंती पर आज निकलेगी क्षत्रिय गौरव शौर्य यात्रा, सामाजिक न्याय परिसर से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से गुजरेगी यात्रा
- अष्टान्हिका महापर्व पर 20 जुलाई से होगा 10 दिवसीय समोशरण मंडल विधान, आज निजातपुरा से निकलेगा चल समारोह
- रथ यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने वाले डिजिटल क्रिएटर्स का इस्कॉन ने किया सम्मान, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को मिला डिजिटल रथ यात्रा एंबेसडर अवॉर्ड
- बच्चों ने लिया एक बच्चा-एक पौधा लगाने का संकल्प, आनंद ग्राम में मनाया हरियाली महोत्सव, पूरे सावन माह चलेंगी गतिविधियां
- वडोदरा, गुजरात में आयोजित इंटरनेशनल क्लासिकल फीडे रेटेड चेस टूर्नामेंट में उज्जैन की चार्वी मेहता ने महिला वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया।

### उज्जैन संभाग के 4 थे जिले में विकास प्राधिकरण के गठन की प्रशासनिक तैयारी तेज

# मंदसौर में भी विकास प्राधिकरण के गठन की कवायद तेज

## उज्जैन, देवास, रतलाम में पूर्व से ही विकास प्राधिकरण, अब मंदसौर में कलेक्टर ने शासन को प्रस्ताव भेजा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

उज्जैन संभाग के 4 थे जिले में विकास प्राधिकरण के गठन की प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। मंदसौर कलेक्टर ने प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव शासन को भेजा है। संभाग के उज्जैन, देवास, रतलाम जिला मुख्यालयों पर पूर्व से ही विकास प्राधिकरण काम कर रहा है। अब मंदसौर में इसकी कवायद तेज हो गई है। इसके गठन से शहर के चहुंमुखी विकास के मार्ग खुलेंगे।

मंदसौर शहर क्षेत्र के चहूंमुखी विकास को नवीन आयाम देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा मंदसौर विकास प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। प्राधिकरण के गठन से शहर के मास्टर प्लान तथा विकास योजनाओं को और नए सिरे से गतिमान किया जा सकेगा।




कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने बताया कि विकास प्राधिकरण जैसी वैधानिक संस्थाओं के गठन से शहर या क्षेत्र के नियोजित विकास, आधारभूत संरचनाओं के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य संपादित किए जाते हैं। प्राधिकरण के गठन से शहरी क्षेत्र में भूमि के वाणिज्यिक एवं व्यावसायिक उपयोग को नई दिशा मिल सकेगी। नई आवासीय एवं वाणिज्य योजनाओं का विकास, सड़क, पार्क, जल निकासी, सार्वजनिक सुविधाओं आदि का निर्माण व्यापक स्तर पर होगा। इसके अलावा अनाधिकृत विकास एवं अवैध कॉलोनियों पर नियंत्रण रहेगा। भूमि विकास तथा नगरीय विस्तार का नियमन होगा। प्राधिकरण द्वारा विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भूमि का प्रबंधन एवं अधिग्रहण भविष्य में हो सकेगा, जिससे नियोजित विकास द्वारा उद्योग व्यापार एवं निजी निवेश आकर्षित होते हैं रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी के साथ-साथ भविष्य की शहरी आबादी एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जा सकेंगी।

प्रशासन द्वारा मंदसौर विकास प्राधिकरण के गठन के संबंध में प्रेषित प्रस्ताव में आवश्यक जानकारियां समाहित की गई है। जिसमें मंदसौर का भौगोलिक परिदृश्य निवेश क्षेत्र सहित कृषि व्यापार, यातायात, आवागमन तथा अन्य बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी सम्मिलित है।

### 1977 से विकास की ट्रेक पर संभाग

उज्जैन संभाग में 1977 से विकास प्राधिकरण की शुरूआत हुई। उज्जैन को संभाग का दर्जा मिलने के साथ ही विकास प्राधिकरण का गठन किया गया था। इसके पहले प्रशासनिक अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा थे जो कि प्रथम संभागायुक्त भी थे। इसके उपरांत देवास विकास प्राधिकरण का गठन मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 38 की उप धारा(1) अनुसार 19 नवम्बर 1979 को अधिसूचना द्वारा किया गया हैं जिसका प्रकाशन म.प्र. राजपत्र में दिनांक 30 नवम्बर 1979 को किया गया। संभाग में रतलाम जिला मुख्यालय पर सबसे अंत में 2010 में विकास प्राधिकरण का गठन किया गया था। उसके पश्चात पिछले 16 सालों में संभाग के मंदसौर, नीमच, शाजापुर एवं आगर जिलों के विकास को लेकर इस प्रकार की संस्था के गठन की कोई कवायद सामने नहीं आई । हाल ही में मंदसौर कलेक्टर ने इसका प्रस्ताव शासन को भेजा है।

### ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में दान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी करनेकी दिशा में

# अब कैरेट मीटर से दानदाता के सामने होगी सोने-चांदी की शुद्धता की जांच

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में दान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अब मंदिर में दान स्वरूप प्राप्त होने वाले सोने और चांदी के आभूषणों की शुद्धता कैरेटमीटर मशीन से जांची जाएगी। खास बात यह है कि दानदाता की मौजूदगी में ही धातु की शुद्धता की जांच होगी, जिससे दान प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी।

मंदिर समिति के अनुसार कैरेटमीटर मशीन एक-दो दिन में मंदिर में स्थापित कर दी जाएगी। इसके बाद दान काउंटर पर प्राप्त होने वाले सोने-चांदी के आभूषणों की तत्काल जांच कर उनकी शुद्धता का निर्धारण किया जाएगा। अभी तक मंदिर में दान के रूप में प्राप्त आभूषणों के बारे में प्रथम दृष्टया सोने जैसा या चांदी जैसा लिखकर दर्ज किया जाता था। शुद्धता की तत्काल वैज्ञानिक जांच की व्यवस्था नहीं होने से वास्तविक गुणवत्ता का पता बाद में चलता था। नई मशीन लगने के बाद यह प्रक्रिया अधिक सटीक और प्रमाणिक हो जाएगी। मंदिर समिति ने यह निर्णय देश के कई प्रमुख मंदिरों में दान के नाम पर नकली या कम शुद्धता वाले सोने-चांदी के आभूषण मिलने के मामलों को देखते हुए लिया है। समिति का मानना है कि कैरेटमीटर मशीन से जांच होने पर दानदाता का विश्वास और मजबूत होगा तथा मंदिर में दान प्राप्ति की प्रक्रिया भी पारदर्शी तथा प्रामाणिक बनी रहेगी।

### वर्तमान में यह व्यवस्था




महाकाल मंदिर में वर्तमान में दान में प्राप्त सोने-चांदी की वस्तुओं को सोने जैसी, चांदी जैसी लिखकर कोठार में जमा कर लिया जाता है। बाद में स्वर्णकार से इसका परीक्षण कराया जाता है। कई बार कीमती धातु खोटी तथा कम शुद्धता की निकल जाती है। काफी दिन बीत जाने से समिति दानदाता को इससे अवगत भी नहीं करा पाती है। प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होने के कारण अविश्वास भी पनपता है।

### वातानुकूलित कक्ष में होगा स्थापना

कंपनी ने कैरेटमीटर मशीन मंदिर कार्यालय के सुपुर्द कर दी है। एक दो दिन में कोठार शाखा में इसका स्थापन कराया जाएगा। इस मशीन को चौबीस घंटे वतानुकूलित कक्ष में रखना अनिवार्य है, इसलिए कोठार में छोटा कमरा तैयार कराया जा रहा है।

### एक्स-रे की तरह काम करती है मशीन

कैरेटमीटर मशीन एक्स-रे बीम का उपयोग करती है। यह बीम जब धातु पर पड़ते हैं, तो धातु के परमाणु उत्तेजित हो जाते हैं और ऊर्जा छोड़ते हैं। जिससे मशीन कुछ ही सेकंड में सोने, चांदी की वास्तविक शुद्धता बता देते हैं। धातु परीक्षण अधिकतम तीस सेकंड में हो जाता है। टेस्टिंग के दौरान आभूषण को किसी प्रकार का कोई नुकसान भी नहीं होता है।

### पारदर्शिता के लिए उठाया कदम

महाकाल मंदिर में दान में प्राप्त सोने-चांदी की वस्तुओं की शुद्धता जांच के साथ दान की प्रक्रिया को पारदर्शी तथा विश्वसनीय बनाए रखने के लिए कैरेटमीटर मशीन के उपयोग का निर्णय लिया गया है। कंपनी से मशीन मंदिर को प्राप्त हो चुकी है। एक दो दिन में इसे स्थापित कर दिया जाएगा।

**-सिम्मी यादव, डिप्टी कलेक्टर व उप प्रशासक महाकाल मंदिर समिति, उज्जैन**

## स्वास्थ्य कार्यक्रमों के शतप्रतिशत क्रियान्वयन हेतु संयुक्त बैठक आयोजित



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय संयुक्त बैठक शनिवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बृजेश त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी-02 डॉ. मंजूषा पिप्पल, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनीता परमार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार पाल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों की शतप्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति, नियमित टीकाकरण के अंतर्गत शतप्रतिशत टीकाकरण पूर्ण करने, एफ.आई.सी. शतप्रतिशत रखने एवं टीकाकरण सेवाओं को युचिन पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। युचिन एवं एच.एम.आई.एस. रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की भिन्नता न होने का विशेष ध्यान रखने को कहा गया। जिन क्षेत्रों में ए.एन.एम. पदस्थ नहीं है, वहाँ टीम वर्क अथवा सी.एच.ओ. के माध्यम से कार्य पूर्ण करवाने तथा सभी कार्यक्रमों एवं योजनाओं की मैदानी स्तर पर प्रभावी मॉनीटरिंग कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## 70 स्कूलों में शुरू होंगी ईसीसीई कक्षाएं

**अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

जिले में पूर्व बाल्यावस्था परिचर्या एवं शिक्षा (ईसीसीई) को प्रभावी बनाने के लिए शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में गुरुवार से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखंडों से आए 60 प्राथमिक शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य 2.5 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए शुरू की जा रही नई कक्षाओं को गुणवत्तापूर्ण और गतिविधि आधारित शिक्षा से जोड ?ा है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), उज्जैन में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पूर्व बाल्यावस्था परिचर्या एवं शिक्षा (ईसीसीई) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार से प्रारंभ हुआ। संस्थान के प्रभारी प्राचार्य किशोर कुमार चंदन ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीषा टंडन ने कहा कि छोटे बच्चे ही भविष्य के समाज की मजबूत नींव हैं। प्रशिक्षण तभी सार्थक होगा, जब शिक्षक प्रारंभिक बाल्यावस्था के बच्चों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि शासन शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और दूर-दराज तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए शासकीय विद्यालय आज भी सबसे बड़ी उम्मीद हैं। प्रशिक्षण में बताया गया कि जिले के 70 शासकीय विद्यालयों में ढाई से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए अरुण, उदय और प्रभात नाम से विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

पहले दिन राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिनेश पांडे ने भाषा एवं संज्ञानात्मक विकास तथा गतिविधि आधारित शिक्षण की विभिन्न विधियों की जानकारी दी। वहीं साक्षरता समन्वयक कमलेश शर्मा ने शिक्षकों को बच्चों के लिए रोचक और आकर्षक शिक्षण गतिविधियों का अभ्यास कराया। प्रभारी प्राचार्य ने प्रशिक्षण के उद्देश्य, महत्व और विद्यालयों में उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण से मिली सीख को कक्षा में लागू करें, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में वास्तविक सुधार हो सके।

### दिग्विजय ने छोड़ा एक्स, पर्सनल मोबाइल भी स्टाफ को दिया

# 20 अक्टूबर से निकालेंगे उज्जैन से अयोध्या की यात्रा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

कांग्रेस के सीनियर लीडर और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपना अधिकारिक एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट छोड़कर ऑफिस स्टाफ के हवाले कर दिया है। यही नहीं उन्होंने अपना पर्सनल मोबाइल भी अपने सेक्रेटरी सचिन वत्स को सौंप दिया।

दिग्विजय सिंह का एक्स हैंडल पहले दिग्गीजया-28 के नाम से था अब यह ऑफिस ओएफडीवीएस यानी ऑफिस ऑफ दिग्विजय सिंह के नाम में बदल दिया गया है। दिग्विजय सिंह ने अपना पर्सनल मोबाइल नंबर भी अपने सेक्रेटरी को दे दिया है। दिग्विजय सिंह ने फेसबुक पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा है- आज से मैं अपना मोबाइल नंबर उपयोग नहीं करूंगा। यह नंबर अब मेरे सचिव सचिन वत्स द्वारा उपयोग किया जाएगा। इस नंबर पर प्राप्त आपके महत्वपूर्ण संदेशों एवं जानकारियों से वे मुझे अवगत कराते रहेंगे। आपके सहयोग और विश्वास के लिए धन्यवाद।

**सोशल मीडिया यूज न करने का किया है ऐलान**



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अयोध्या के श्री रामजन्मभूमि मंदिर में हुई चढ़ावा चोरी की घटना को लेकर उज्जैन से अयोध्या तक पदयात्रा करने जा रहे हैं। 20 अक्टूबर से यह यात्रा शुरू होगी। इस यात्रा में दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया का प्रयोग न करने का भी ऐलान किया है।

शुरूआत में दिग्विजय सिंह ने भोपाल में घोषणा की थी कि वह 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) से उज्जैन के महाकाल मंदिर से अयोध्या तक की 1,000 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू करेंगे। हालांकि, बाद में अपनी योजनाओं में संशोधन करते हुए उन्होंने इसे दशहरे (विजयदशमी) के पावन अवसर से शुरू करने का निर्णय लिया। वर्ष 2026 में दशहरा 20 अक्टूबर को पड़ रहा है, इसलिए यह यात्रा 20 अक्टूबर से शुरू होगी।

### यह यात्रा किसी राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं होगी

दिग्विजय सिंह ने कहा, मैं 80 साल का हो गया हूं। पार्टी ने मुझे 5 बार विधायक बनाया, दो बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा भेजा। अब मैंने पार्टी से कह दिया है कि मेरी जगह किसी और को मौका दें। अब मैं सिर्फ धर्म की रक्षा के लिए काम करूंगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उज्जैन से अयोध्या की यह यात्रा किसी राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं होगी। यात्रा के दौरान वे न तो कोई राजनीतिक बयान देंगे और न ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स (फेसबुक, एक्स) पर कोई राजनीतिक प्रतिक्रिया पोस्ट करेंगे। दिग्विजय सिंह ने बताया था कि वे इस यात्रा में किसी बड़े राजनीतिक नेता को आमंत्रित नहीं कर रहे हैं।

### मप्र राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# अजा एवं जनजाति हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आज जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए संचालित शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।



बैठक में धुर्वे ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र हितग्राही को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रखा जाना चाहिए तथा सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से संबंधित लंबित प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। धुर्वे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। बैठक में अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति वर्ग के महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के 8,013 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं तथा 95.87 प्रतिशत छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही यह भी बताया गया कि जिन अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को छात्रावास उपलब्ध नहीं हो पाता, उन्हें उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए आवास सहायता प्रदान की जाती है।

- बैठक में वनाधिकार अधिनियम-2006 के अंतर्गत प्राप्त 131 प्रकरणों की जानकारी दी गई, जिनमें से 4 वनाधिकार पट्टों को जिला स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा अत्याचार से पीड़ित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों के लिए संचालित राहत योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना तथा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना की प्रगति से अवगत कराया गया।
- अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को लाभ वितरित किया जा चुका है। श्री धुर्वे ने निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से संबंधित सभी प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल एवं विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घर तक नल से जल पहुंचाने में किसी प्रकार की बाधा आने पर उसका त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पात्र व्यक्तियों के जाति प्रमाण-पत्र समय पर एवं बिना किसी अनावश्यक परेशानी के बनाए जाना सुनिश्चित किया जाए।बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एडीएम राजस्व अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर उज्जैन में लोक निर्माण विभाग (भवन/मार्ग) संभाग उज्जैन द्वारा श्एक पेड़ माँ के नामश् अभियान के अंतर्गत पौधारोपण महाअभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता ने परिसर में पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।कार्यक्रम में जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण ने भी पौधारोपण कर अभियान में सहभागिता निभाई।

### मध्य प्रदेश में बनेगी नई दिव्यांग नीति, प्रतिभाओं का किया सम्मान

**इंदौर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान (एनआईएमएचआर) सीहोर तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रवींद्र नाट्य गृह में पर्पल फेयर इंदौर-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया तथा उन्हें अपनी प्रेरक जीवन यात्रा साझा करने का अवसर मिला। दिव्यांग बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों का मन मोह लिया। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक दिव्यांगजनों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि इंदौर दिव्यांगजनों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और यहां राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाले अनेक एनजीओ सक्रिय हैं।

### इंदौर के 6 परीक्षा केन्द्रों पर 2398 परीक्षार्थी शामिल होंगे

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशन में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस (एसीएस) परीक्षा - 2026 को लेकर उपायुक्त (राजस्व) सपना लोवंशी ने संभागायुक्त कार्यालय में समीक्षा बैठक ली। बैठक में बताया गया कि आयोग द्वारा आयोजित सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस (एसीएस) परीक्षा 19 जुलाई रविवार को इंदौर के 6 केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। इस परीक्षा में कुल 2 हजार 398 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उक्त परीक्षा के लिए संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को परीक्षा समन्वयक बनाया गया है एवं उपायुक्त (राजस्व) श्रीमती सपना लोवंशी को परीक्षा प्रभारी बनाया गया है।

### इंदौर जिला कोर्ट ने दिया 51 लाख रुपये क्षतिपूर्ति का आदेश



**इंदौर।** घरेलू महिला के काम की कीमत कम नहीं आंकी जा सकती। भविष्य में उसकी आय में भी बढ़ोतरी की संभावना थी। इस टिप्पणी के साथ जिला न्यायालय ने घरेलू महिला की आय तीस हजार रुपये मासिक मानते हुए बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह उसके स्वजन को क्षतिपूर्ति के रूप में 51 लाख रुपये का भुगतान करे। बीमा कंपनी को इस राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी देना होगा। एडवोकेट जगदीश वैष्णव ने बताया कि 30 अगस्त 2023 को महिला भाई एवं पति के साथ मोटर साइकिल पर पीछे बैठकर अपने घर जा रही थी। रास्ते में एक अन्य वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर महिला को नीचे गिरा दिया। सिर में आई गंभीर चोट की वजह से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के स्वजन ने एडवोकेट जगदीश वैष्णव, अर्पित वैष्णव के माध्यम से जिला कोर्ट में क्षतिपूर्ति के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया। बीमा कंपनी ने यह कहते हुए क्षतिपूर्ति देने से इंकार किया कि मृतका घरेलू महिला थी। उसकी कोई निश्चित आय नहीं थी। एडवोकेट वैष्णव ने अंतिम तर्क के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत प्रस्तुत किए। कोर्ट ने तर्कों से सहमत होते हुए महिला की काल्पनिक आय तीस हजार रुपये मासिक मानते हुए क्षतिपूर्ति देने के आदेश बीमा कंपनी को दिए।

### विक्रमोत्सव 2026 को मिला बीटा गोल्ड अवार्ड

**उज्जैन।** महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव 2026 को इस वर्ष तीसरा राष्ट्रीय सम्मान मिला है। इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑफ इवेंट इंडस्ट्री द्वारा 15 एवं 16 जुलाई को देहरादून में आयोजित हिन्दुस्तान 2.0 नेशनल चिंतन शिविर एवं एक्स्पो में विक्रमोत्सव 2026 को बीटा गोल्ड अवार्ड का प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। बीटा की टीम भोपाल आकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यह सम्मान प्रदान करेगी। विक्रमोत्सव दुनिया का सबसे लंबी अवधि तक चलने वाला सांस्कृतिक आयोजन है। जिसमें सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ बिजनेस इवेंट भी शामिल है। इसके पहले भी नई दिल्ली में 2-3 मई 2026 को आयोजित शो ऑफ इंडिया कांक्लेव 2026 में विक्रमोत्सव 2026 को सांस्कृतिक लाइव इवेंट ऑफ द ईयर में गोल्ड तथा लाइव इवेंट में सर्वश्रेष्ठ शासकीय सहभागिता में सिल्वर अवार्ड मिल चुका है।

### इंदौर आबकारी विभाग द्वारा नशे के विरूद्ध कार्रवाई

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के द्वारा दिये निदेर्शानुसार इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई जारी है। वृत महू (ब) प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री पवन टिकेकर एवं उनके दल द्वारा गत दिवस गश्त के दौरान शंका के आधार पर महू पीथमपुर रोड पर बिना नंबर का दो पहिया वाहन हीरो स्प्लेंडर को रोक कर तलाशी लेने पर देशी प्लेन मदिरा के 50 पाव बरामद किये गये, जो अवैध रूप से परिवहन कर ले जाये जा रही थी। उक्त मदिरा तथा वाहन को विधिवत रूप से जप्त कर कब्जे में लिया गया। आरोपी हरिओम पिता पुरुषोत्तम रजक निवासी पीथमपुर के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1)क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

---

इंदौर-महू-खंडवा नई ब्रॉडगेज रेलवे लाइन परियोजना का काम अब गति पकड़ने लगा

# इंदौर-खंडवा नई ब्रॉडगेज रेलवे लाइन पर ट्रैक की मार्किंग शुरू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर-महू-खंडवा नई ब्रॉडगेज रेलवे लाइन परियोजना का काम अब आगे बढ़ने लगा है। चोरल क्षेत्र में रेलवे ने ट्रैक की मार्किंग शुरू कर दी है। इसके आगे के हिस्से में अर्थवर्क करीब पूरा होने के बाद अब पटरियां बिछाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार विभिन्न परियोजनाओं में अलग-अलग सेक्शन में समानांतर रूप से काम किया जा रहा है ताकि परियोजना को समय में पूरा किया जा सकें।

चोरल क्षेत्र में जिन स्थानों से नई रेल लाइन निकलना है, वहां जमीन पर मार्किंग की जा रही है। साथ ही मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी हटाने पर काम शुरू हो गया है। इंदौर-खंडवा नई ब्राडगेज रेलवे लाइन परियोजना में रेलवे की टीम लगातार सर्वे और सीमांकन कर रही है, जिससे ट्रैक बिछाने का कार्य बिना किसी रूकावट के आगे बढ़ सके।

वहीं, मोरटक्का और आसपास के क्षेत्रों में अर्थवर्क लगभग पूरा हो चुका है। यहां रेलवे ट्रैक बिछाने की तैयारी अंतिम चरण में है। निर्माण एजेंसी ने ट्रैक के लिए आवश्यक गिट्टी (बैलेस्ट) भी पहुंचाना शुरू कर दिया है। पहले बैलेस्ट की परत बिछाकर ब्लैकेट तैयार किया जाएगा। इसके बाद स्लीपर और रेल पटरियां बिछाने का काम शुरू होगा।

नर्मदा नदी पर बन रहे ब्रिज के पिलर बनाने का काम चल रहा है। पिलर बनने के बाद ब्रिज बनाने का निर्माण कार्य शुरू होगा। इधर, पातालपानी के हिस्से में टनल निर्माण का कार्य अभी शुरू नहीं हो सका है। यहां रेलवे को टनल बनानी है, लेकिन जिस निर्माण कंपनी को काम सौंपा गया है, वह फिलहाल इंदौर-टीही की टनल बनाने में व्यस्त है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार टीही की टनल कार्य पूरा होने के बाद यही एजेंसी रेलवे टनल का निर्माण शुरू करेगी।

### पेड़ों की कटाई के बाद काम

इसके अलावा वन विभाग भी रेलवे परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में जुट गया है। जिन स्थानों पर पेड़ निर्माण कार्य में बाधा बन रहे हैं वहां नियमानुसार पेड़ों की कटाई की तैयारी की जाएगी। ताकि रेलवे का निर्माण कार्य बिना रूकावट आगे बढ़ सके। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि विभिन्न सेक्शन में काम की गति बढ़ाई गई है और आने वाले महीनों में परियोजना के कई हिस्सों में ट्रैक बिछाने का काम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगेगा। इससे इंदौर-खंडवा रेल लाइन परियोजना को समय पर पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

### शुरू होगा रेल पटरियों को बिछाने का काम



निर्माण एजेंसी ने ट्रैक के लिए आवश्यक गिट्टी (बैलेस्ट) भी पहुंचाना शुरू कर दिया है। पहले बैलेस्ट की परत बिछाकर ब्लैंकेट तैयार किया जाएगा, इसके बाद स्लीपर और रेल पटरियां बिछाने का काम शुरू होगा। इधर, पातालपानी के हिस्से में टनल निर्माण का कार्य अभी शुरू नहीं हो सका है। यहां रेलवे को टनल बनानी है, लेकिन जिस निर्माण कंपनी को यह काम सौंपा गया है, वह फिलहाल इंदौर टीही की टनल बनाने में व्यस्त है। अधिकारियों का कहना है कि टीही की टनल कार्य पूरा होने के बाद यही एजेंसी रेलवे टनल का निर्माण शुरू करेगी।

### मालवा-निमाड़ को होगा फायदा

गौरतलब है कि इंदौर-खंडवा गेज कन्वर्जन परियोजना को मालवा और निमाड़ क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। परियोजना पूरी होने के बाद इंदौर से खंडवा और आगे देश के अन्य हिस्सों तक रेल संपर्क अधिक सुगम और तेज हो जाएगा। प्रोजेक्ट के तहत वन्यजीवों की आवाजाही प्रभावित न हो इसके लिए कई स्थानों पर टनल और विशेष ब्रिज बनाए जाएंगे। इन संरचनाओं के जरिए जंगली जानवर सुरक्षित रूप से एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आ-जा सकेंगे। इसके अलावा वन विभाग द्वारा तय अन्य पर्यावरणीय शर्तों का भी पालन किया जाएगा। महाराष्ट्र में नासिक जिले में 13.8247 हेक्टेयर और धुले जिले में 128.6620 हेक्टेयर वन भूमि प्रस्तावित है। वहीं, मध्य प्रदेश में इंदौर जिले में 14.6680 हेक्टेयर, खरगोन में 31.0807 हेक्टेयर, धार में 76.4503 हेक्टेयर और बड़वानी में 65.2110 हेक्टेयर वन भूमि की आवश्यकता तय की गई है। इस रेल लाइन के बनने के बाद इंदौर, धार, खरगोन, बड़वानी, धुले, नासिक और मनमाड के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा। इससे यात्रा का समय कम होगा, साथ ही कृषि, उद्योग, व्यापार और पर्यटन को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

---

11:30 के बाद भी खुला रहा ठेका, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

# शराब कारोबारी की मनमानी या सिस्टम की मेहरबानी...?

### आखिर किसके दम पर चल रहा था कारोबार?

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में कानून सबके लिए बराबर होने की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी हकीकत कई बार अलग तस्वीर पेश कर देती है। रोशन सिंह भंडारी मार्ग स्थित एक शराब दुकान पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी शराब का कारोबार जारी रहा। रात 11:54 बजे तक दुकान का शटर खुला था और वहां ग्राहक भी मौजूद थे। जबकि नियमों के अनुसार शराब दुकानों का संचालन रात 11:30 बजे तक ही किया जाना है।

यह कोई ऐसा मामला नहीं जिसे नजरअंदाज कर दिया जाए, क्योंकि समय सीमा खत्म होने के पूरे 24 मिनट बाद तक दुकान पर गतिविधियां जारी थीं। यदि नियमों का पालन कराने वाले जिम्मेदार अमले की निगरानी सख्त होती, तो क्या इतनी देर तक दुकान खुली रह पाती?



शहर में अक्सर यह चर्चा सुनने को मिलती है कि कुछ इलाकों में रात-रात भर शराब की बिक्री पीछे के रास्ते, आधे के होल या गुपचुप तरीके से होती है। लेकिन यहां मामला बिल्कुल अलग दिखाई दिया। दुकान खुली रही, शटर ऊपर था और ग्राहकों की आवाजाही भी सामान्य रूप से जारी थी। आखिर किसके भरोसे नियमों को खुलेआम चुनौती दी जा रही है?

जानकारी के अनुसार यह शराब दुकान अक्षत सिंह ठाकुर के लाइसेंस पर संचालित है। ऐसे में जिम्मेदारी तय होना भी जरूरी है। यदि समय सीमा के बाद दुकान संचालित हो रही थी तो क्या संबंधित अधिकारियों को इसकी भनक नहीं थी? या फिर सब कुछ सामने होने के बावजूद कार्रवाई से दूरी बनाए रखी गई? इस पूरे घटनाक्रम ने पुलिस और आबकारी विभाग दोनों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर में आम नागरिक यदि छोटे-छोटे नियमों के उल्लंघन पर चालान और कार्रवाई का सामना करते हैं, तो फिर शराब कारोबार से जुड़े मामलों में इतनी ढील आखिर क्यों दिखाई देती है? क्या नियम केवल आम लोगों के लिए हैं, या उनका पालन सभी पर समान रूप से होना चाहिए?

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि समय सीना के बाद तक खुलेआम चल रही इस शराब दुकान के मामले में जिम्मेदार विभाग क्या कार्रवाई करेगा? केवल औपचारिक जांच कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा, या फिर समय सीमा का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कदम उठाकर यह संदेश दिया जाएगा कि कानून से ऊपर कोई नहीं।

---

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में खेती को मिल रहा बढ़ावा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम घिनौदा में प्राकृतिक खेती का अवलोकन किया गया तथा प्राकृतिक खेती अपनाने वाले प्रगतिशील कृषक गिरधारीलाल पाटीदार की नवनिर्मित गौशाला का उद्घाटन एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना संचालक (पीडी) आत्मा के.एस. केन, सहायक संचालक कृषि श्री कमलेश कुमार राठौर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री संदीप करोड़िया एवं कृषि विभाग की टीम उपस्थित रही। अधिकारियों ने श्री गिरधारीलाल पाटीदार के फार्म का निरीक्षण कर प्राकृतिक खेती एवं गौ-आधारित कृषि को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फार्म पर पौधरोपण भी किया। श्री पाटीदार द्वारा प्राकृतिक खेती के अंतर्गत मूंगफली, रेज्ड बेड पद्धति पर मक्का तथा सफेद मूसली की खेती की जा रही है। साथ ही प्राकृतिक खेती के प्रमुख घटक जीवामृत, घनजीवामृत, पाँच पत्ती अर्क सहित अन्य जैविक आदानों का निर्माण भी फार्म पर किया जा रहा है।

---

मानदेय भी नहीं दिए, अब भी दर-दर भटक रही महिला, हो रही परेशान

# रिटायर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से एक महीने तक कराया काम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महिला एवं बाल विकास विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। आरोप है कि 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हो चुकी एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से 31 मार्च तक बिना मानदेय के काम कराया गया। जब उन्होंने मानदेय की मांग की तो ऑनलाइन सिस्टम ने भुगतान से इनकार कर दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत के बाद कलेक्टर ने संबंधित सीडीपीओ का वेतन काटकर भुगतान करने के आदेश दिए, लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी पीड़ित कार्यकर्ता को राशि नहीं मिली।

मामला उज्जैन ग्रामीण परियोजना के ग्राम नलवा का है। यहां पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उषा वर्मा 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हो गई थीं। नियमानुसार 1 मार्च से उन्हें आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्य नहीं करना था। आरोप है कि उज्जैन ग्रामीण की सीडीपीओ नीलम सेठिया ने उनसे 31 मार्च तक लगातार ड्यूटी करवाई। अधिकारी के निर्देश पर उषा वर्मा काम करती रहीं, लेकिन जब करीब 13 हजार रुपये मानदेय देने की बारी आई तो ऑनलाइन पोर्टल में उन्हें सेवानिवृत्त दशार्ते हुए भुगतान रोक दिया गया।

अपना हक पाने के लिए उषा वर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया। टीएल बैठक में उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी को फटकार लगाई और 13 जुलाई 2026 को संबंधित सीडीपीओ नीलम सेठिया का वेतन काटकर उषा वर्मा को मानदेय देने के निर्देश दिए।



### 13 हजार रुपये का मानदेय नहीं मिला

हालांकि, उषा वर्मा का कहना है कि कलेक्टर के आदेश के करीब एक सप्ताह बाद भी उन्हें 13 हजार रुपये का मानदेय नहीं मिला है। उनका कहना है, मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत की, कलेक्टर साहब ने तुरंत आदेश भी दे दिया, लेकिन एक सप्ताह बीत गया। न सीडीपीओ का वेतन कटा और न ही मुझे मानदेय मिला। आखिर न्याय कब मिलेगा? कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद भुगतान में हो रही देरी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर विभाग कलेक्टर के आदेश के बाद भी भुगतान में देरी क्यों कर रहा है।

---

# 10 अध्ययनशालाओं को मिलाकर बनाई पांच

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

देवी अहिल्या विवि प्रशासन ने एक बड़ा निर्णय लेकर 10 अध्ययनशालाओं को आपस में मिलाकर 5 अध्ययनशाला घोषित कर दिया है। यह फैसला 'ईसी' ने लिया है। विवि से दी गईं जानकारी अनुसार यह आदेश विश्वविद्यालय की विद्या संबंधी योजना एवं मूल्यांकन बोर्ड की 18 मार्च को हुई बैठक की अनुशंसा के कार्य-विवरण पर कार्य-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार विश्वविद्यालय ने लिया है।

इसके अंतर्गत गणित अध्ययनशाला और स्कूल सांख्यिकी अध्ययनशाला का संविलीयन कर विभाग का नया नाम 'गणित एवं सांख्यिकी अध्ययनशाला किया गया है।

ऐसे ही योग अध्ययनशाला को शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला के साथ संविलीयन कर विभाग का नाम शारीरिक शिक्षा एवं योग अध्ययनशाला किया गया है। आजीवन शिक्षण अध्ययनशाला को दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र में मिलाकर कर विभाग का नाम दीनदयाल उपाध्याय आजीवन शिक्षण अध्ययनशाला किया है। सेंटर फॉर लॉजिस्टिक का स्कूल ऑफ एविएशन, टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी एण्ड मैनेजमेंट में तथा जीव रसायन अध्ययनशाला का जीवन विज्ञान अध्ययनशाला, देअविवि इन्दौर में संविलीयन कर विभाग का नाम 'जीवन विज्ञान एवं जीव रसायन अध्ययनशाला' देअविवि इन्दौर कर दिया है।

---

सिंहस्थ में 'पहले अलर्ट, फिर एक्शन' का फार्मूला, मेला प्रबंधन का पूरा आपरेटिंग सिस्टम बदल रहा

# सिंहस्थ में पहली बार- एआई भीड़ नहीं गिनेगा, भीड़ का भविष्य बताएगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 में प्रशासन की भूमिका बदलने जा रही है। अब अधिकारी किसी घटना के बाद पहुंचकर निर्णय नहीं लेंगे, बल्कि घटना से पहले ही कार्रवाई शुरू हो जाएगी। इसके लिए पूरे मेला प्रबंधन को प्रेडिक्टिव गवर्नेंस टझ्ी' पर शिफ्ट किया जा रहा है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पहले संभावित खतरे का अनुमान लगाएगा और उसके बाद पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य, परिवहन और अन्य विभाग कार्रवाई करेंगे। यही सिंहस्थ-2028 की सबसे बड़ी प्रशासनिक क्रांति होगी।

अब तक सिंहस्थ का संचालन अनुभव, वायरलेस संदेशों, मैदानी फीडबैक और अधिकारियों के निर्णय पर चलता था। अब पहली बार निर्णय का आधार रियल टाइम डेटा होगा। लाखों डिजिटल इनपुट का विश्लेषण कर अकयह बताएगा कि अगले कुछ मिनटों में किस घाट पर भीड़ खतरनाक स्तर तक पहुंच सकती है, किस सड़क पर जाम बनने वाला है, किस अस्पताल पर मरीजों का दबाव बढ़ेगा या किस क्षेत्र में सफाई व्यवस्था प्रभावित होने वाली है।

### डिजिटल निगरानी

सरकार राष्ट्रीय टेक-हैकाथान से चयनित तकनीकी समाधानों को इसी आपरेटिंग सिस्टम का आधार बना रही है। इन्हें एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़कर पूरे मेला क्षेत्र की डिजिटल निगरानी की जाएगी। इससे प्रशासन पहली बार रिएक्टिव एडमिनिस्ट्रेशन से प्रेडिक्टिव एडमिनिस्ट्रेशन में प्रवेश करेगा। प्रदेश सरकार सिंहस्थ-2028 के लिए लगभग 19 हजार करोड़ रुपये की अधोसंरचना विकसित कर रही है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इससे भी बड़ा बदलाव डिजिटल ऑपरेटिंग सिस्टम होगा। अधिकारियों के अनुसार लक्ष्य केवल स्मार्ट मेला बनाना नहीं, बल्कि ऐसा निर्णय तंत्र तैयार करना है, जो डेटा के आधार पर सेकेंडों में फैसले ले सके।

### सिंहस्थ में पहली बार ऐसा होगा-भीड़ नहीं गिनेगा, भीड़ का भविष्य बताएगा

एआई केवल यह नहीं बताएगा कि किस घाट पर कितने श्रद्धालु हैं, बल्कि यह भी बताएगा कि अगले कुछ समय में वहां कितनी भीड़ पहुंच सकती है। जाम नहीं देखेगा, जाम लगने से पहले अलर्ट करेगा-वाहनों और पैदल श्रद्धालुओं की गति का विश्लेषण कर पहले ही ट्रैफिक डायवर्जन लागू कराया जाएगा। सीसीटीवी, सेंसर और अन्य डिजिटल इनपुट से जोखिम का संकेत मिलते ही कंट्रोल रूम को अलर्ट मिलेगा और सुरक्षा बल पहले ही सक्रिय हो जाएंगे। अस्पताल भरने से पहले व्यवस्था बदलेगी। मरीजों की संख्या बढ़ने का पूवार्नुमान मिलते ही अतिरिक्त डाक्टर, एम्बुलेंस और बेड उपलब्ध कराए जाएंगे।

### सिंहस्थ के लिए उज्जैन में होगा 37 पुलों का नेटवर्क

उज्जैन। सात लाख की आबादी वाला उज्जैन सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के साथ देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर बदलावों में से एक का गवाह बनने जा रहा है। अगले दो वर्षों में शहर 15 से बढ़कर 37 पुलों के नेटवर्क वाला शहर होगा, वहीं शहर के भीतर करीब 350 किलोमीटर सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण का काम भी साथ-साथ चल रहा है।

रेलवे ओवरब्रिज, रिवर ओवरब्रिज, नए लिंक ब्रिज और चौड़ी सड़कों का यह नेटवर्क केवल करोड़ों श्रद्धालुओं की निर्बाध आवाजाही के लिए नहीं, बल्कि आने वाले दशकों तक उज्जैन की ट्रैफिक व्यवस्था और शहरी विकास की नई रीढ़ बनने जा रहा है। धार्मिक आयोजन की जरूरतों को ध्यान में रखकर किसी मझोले शहर में इतने बड़े पैमाने पर कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास देश में विरले ही देखने को मिलता है।

सिंहस्थ-2028 को लेकर इस बार तैयारी का केंद्र सिर्फ घाटों का विस्तार या अस्थायी व्यवस्थाएं नहीं हैं। पूरा फोकस स्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने पर है। सरकार का लक्ष्य ऐसा सड़क और पुल नेटवर्क विकसित करना है, जो सिंहस्थ के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं की आवाजाही संभालने के साथ आने वाले वर्षों में भी शहर की बढ़ती जरूरतों को पूरा करे। इसी सोच के तहत शिप्रा नदी पर 22 नए पुल प्रस्तावित हैं। इनके बनने के बाद शहर में पुलों की संख्या 15 से बढ़कर 37 हो जाएगी। इन परियोजनाओं पर लगभग 853 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

---

# उज्जैन के 914 गांवों की चौखट पर नर्मदा का पानी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

करीब तीन वर्षों के लंबे इंतजार के बाद मालवांचल के 914 गांवों तक नर्मदा का पानी पहुंचाने वाली 1275 करोड़ रुपये की नर्मदा-गंभीर समूह जल प्रदाय परियोजना अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। जल निगम ने शेष कार्य को अगले ढाई महीने में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। अधिकारियों के अनुसार सितंबर के अंत तक पाइप लाइन, ट्रायल और तकनीकी परीक्षण पूरे कर अक्टूबर से नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। ऐसा होने पर उज्जैन और इंदौर जिले के 914 गांवों के लाखों ग्रामीणों को पहली बार घर बैठे नर्मदा का शुद्ध पेयजल मिलेगा और हर गर्मी में गहराने वाले पेयजल संकट से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। परियोजना के लगभग सभी प्रमुख ढांचागत कार्य पूरे हो चुके

## न्यूज कालम



## डाकघर में नवीन आधार केंद्र के अतिरिक्त कक्ष का शुभारंभ हुआ

**सुवासरा।** डाकघर में नवीन आधार केंद्र के अतिरिक्त कक्ष का शुभारंभ हुआ क्षेत्र के विधायक श्री डंग एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉक्टर विजय पाटीदार द्वारा किया गया इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में कहां की इस आधार केंद्र के खुलने से जनता को लाभ मिलेगा और पोस्ट ऑफिस का कार्य भी प्रभावित नहीं होगा क्योंकि वर्तमान में अभी पोस्ट ऑफिस के अंदर ही आधार केंद्र का काम चल रहा था जिससे कई बार पोस्ट ऑफिस के कार्य में बाधा आ रही थी और आधार बनाने वाले को भी परेशानी आती थी अब अतिरिक्त कक्ष होने से दोनों के प्रथक काम चलाते रहेंगे इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोडलाल वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर बालाराम परिहार पार्षद ,राकेश सोनी रिंकू पार्षद प्रतिनिधि ,महेश धनोतिया पार्षद प्रतिनिधि ,प्रकाश नानू जायसवाल ,डाक विभाग के सब इंस्पेक्टर प्रीतम सोनी पोस्ट मास्टर सुवासरा कमलेश कमलेश बाघेला, डाक सहायक दीपक धनोतिया, पोस्टमैन एवं शाखा डाकघरों के स्टाफ उपस्थित रहे।

## चरक फार्मेसी कॉलेज का सर्वोत्कृष्ट परीक्षा परिणाम घोषित



Khushi Patel

**मंडलेश्वर।** नगर के अग्रणी फामेर्सी संस्थान चरक इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी के अंतिम वर्ष (फाइनल ईयर) के विद्याथीर्यो ने राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविधालय भोपाल द्वारा आयोजित जून 2026 की परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता हासिल की। बी फामेर्सी फाइनल ईयर का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा। 59 विद्यार्थियों में से 14 विद्यार्थियों ने बी फामेर्सी की डिग्री आनर्स (75 प्रतिशत से ज्यादा अंक) के साथ उत्तीर्ण की व 39 विद्याथीयो ने डिग्री फर्स्ट डिवीजन के साथ उत्तीर्ण की खुशी पटेल 83 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान पर रहा। विद्यार्थियों की अभूतपूर्व सफलता का श्रेय चरक इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी के प्रतिभावान एवं समर्पित शिक्षकों को प्रेषित किया गया। इस सफलता पर संस्था प्राचार्य डॉ. डि.एस. बेले, चेयरमैन डॉ बद्रीप्रसाद पाटीदार एवं डायरेक्टर श्री भगवान पाटीदार द्वारा हर्ष व्यक्त कर विद्यार्थियों को भविष्य में ऐसी और सफलताएं अर्जित करने व अपने भविष्य को और सुनहरा करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## दिनदहाड़े हुई तीन चोरियों का खुलासा, शातिर आरोपी गिरफ्तार



**मंडलेश्वर।** पुलिस ने क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई तीन चोरियों का पदार्फाश करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा शनिवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुंतला रुहल ने किया। उन्होंने बताया आरोपी के कब्जे से करीब 3 लाख 36 हजार रुपए का चोरी का सामान व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई है। एडिशनल एसपी ने बताया 27 अप्रैल को ग्राम झापड़ी तथा 12 मई को ग्राम चोली और वासलीकुंडिया में दिनदहाड़े चोरी की घटनाएं हुई थीं। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों की गतिविधियों का विश्लेषण किया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम उखालदा (थाना मनावर) निवासी तालीब उर्फ तालिम (23) पिता हमीद खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने तीनों चोरियों की वारदात करना स्वीकार कर लिया।आरोपी के कब्जे से दो सोने की अंगूठियां, दो सोने के पेंडल, 20 चांदी के सिक्के, चांदी का कमरपट्टा, चांदी की पायल, एक चांदी की बिछिया जोड़, एक चांदी की अंगूठी तथा वारदात में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई।

## अपनी ही जमा-गिरवी संपत्ति व खाते का पूरा हिसाब मांगना क्या गलत है?

**सनावद।** बुलढाणा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, सनावद शाखा के बाहर खाताधारक अखिलेश पटेल ने अपनी वित्तीय जानकारी और दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। अखिलेश पटेल का दावा है कि कई बार लिखित आवेदन देने के बावजूद उन्हें गोल्ड लोन, गिरवी रखी कपास की गांठों, बैंक खाते के लेनदेन और अन्य संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। अखिलेश पटेल के अनुसार, उन्होंने बैंक से गोल्ड लोन लेने के साथ कपास की गांठें गिरवी रखकर ऋण प्राप्त किया था। उनका आरोप है कि बैंक अब तक यह स्पष्ट नहीं कर रहा कि गिरवी रखी गई कपास की कितनी गांठें जमा थीं, उनका निस्तारण कब और किस प्रक्रिया के तहत किया गया तथा उसका पूरा हिसाब-किताब क्या है। उन्होंने बिना अनुमति खाते से राशि स्थानांतरण किए जाने का भी आरोप लगाया है। खाताधारक ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## वेदिका दीक्षित ने नीट परीक्षा पास की



**खंडवा।** स्थानीय ब्राह्मणपुरी निवासी उड़नखटोला ग्रुप के प्रदीप दीक्षित की भतीजी एवं संजय दीक्षित की पुत्री वेदिका दीक्षित ने मेडिकल की नीट परीक्षा उत्तीर्ण की । उड़न खटोला ग्रुप के आनंद जोशी ने बताया कि वेदिका नागर ब्राह्मण समाज खंडवा के प्रतिष्ठित शिक्षक स्व.प्रभाकर दीक्षित जी के परिवार से हैं । वेदिका दीक्षित ने नीट परीक्षा में 365 अंक हासिल किए हैं, इस उपलब्धि पर उड़नखटोला ग्रुप के समस्त सहपाठीयों एवं नागर ब्राह्मण समाज में हर्ष व्याप्त है ।

### सेंट एंटोनी जेनेलिस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में

## इन्वेस्टिचर सेरेमनी और टॉपर सम्मान समारोह संपन्न

### नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को दिलाई शपथ, बोर्ड टॉपर हुए सम्मानित




'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

सेंट एंटोनी जेनेलिस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत *इन्वेस्टिचर सेरेमनी एवं बोर्ड परीक्षा टॉपर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नवनियुक्त कैबिनेट सदस्यों, हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टनों को पद एवं दायित्व सौंपे गए। प्राचार्य सिस्टर टीना ने सभी छात्र पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंडवा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पाटिल रहे। उन्होंने नवनियुक्त कैबिनेट सदस्यों और हाउस कैप्टनों को बैज पहनाकर पदभार ग्रहण कराया।

अपने संबोधन में पाटिल ने कहा कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। अनुशासित विद्यार्थी ही डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक और अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में सफल होकर देश और समाज का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की रुचि और क्षमता के अनुसार उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दें ताकि वे उज्ज्वल भविष्य बना सकें।

इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्य सिस्टर टीना ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों और नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्र कप्तानों को निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ दायित्व निभाने का मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य सिस्टर टीना और उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन, जिला महामंत्री राहुल यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष नितेश वर्मा, जिला मंत्री रोहित यादव, जिला मंत्री तरुण पाटिल सहित गणमान्य अतिथि और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त सह प्राध्यापकों को भी मिले प्रोफेसर पदोन्नति का आर्थिक लाभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में 300 कार्यरत सह प्राध्यापकों को प्रोफेसर (प्राध्यापक) पदनाम दिए जाने के बाद अब सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी इसका आर्थिक लाभ देने की मांग तेज हो गई है। समाजसेवी एवं शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम से सह प्राध्यापक पद से सेवा निवृत्त हुए डॉ. मदनलाल गांगले ने इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल से कार्रवाई की मांग की है। डॉ. गांगले ने बताया कि सरकार द्वारा कार्यरत सह प्राध्यापकों को प्रोफेसर पदनाम प्रदान करना स्वागत योग्य निर्णय है।, लेकिन पिछले दस वर्षों या उससे अधिक समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा करते हुए सेवानिवृत्त हुए अनेक सह प्राध्यापक इस लाभ से वंचित रह गए हैं। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों ने भी अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी के साथ शासकीय दायित्वों का निर्वहन किया है। इसलिए उन्हें भी वरिष्ठता क्रम के आधार पर प्रोफेसर पदनाम का आर्थिक लाभ मिलना चाहिए। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के समक्ष मांग रखी गई है कि वरिष्ठता सूची के अनुसार पदोन्नति की पात्रता रखने वाले सेवानिवृत्त सह प्राध्यापकों के मामलों की समीक्षा कर उन्हें भी पदोन्नति का वित्तीय लाभ स्वीकृत किया जाए। इससे वर्षों तक सेवा देने वाले शिक्षकों के साथ न्याय होगा और लंबे समय से लंबित प्रकरणों का भी समाधान हो सकेगा। डॉ. गांगले ने उम्मीद जताई कि उच्च शिक्षा विभाग इस मांग पर गंभीरता से विचार करेगा तथा पात्र सेवानिवृत्त सह प्राध्यापकों को भी प्रोफेसर पदनाम के साथ आर्थिक लाभ प्रदान करने की दिशा में जरुरी निर्णय लेगा।




## अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जहां पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गणेश मालवीय एवं ज्योति चौहान अधिवक्ता ने बच्चों को कानून न्यायालीन प्रक्रिया एवं संविधान के बारे में जानकारी दी ओर कहा कि न्याय वही होता जो सत्यता पर हो एक मतता पर हो न्याय पाना का सबका अधिकार है न्याय नैतिकता, औचित्य, कानून विधि, धर्म या समता के आधार पर 'उचित' होने की स्थिति को न्याय है संविधान में बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार एवं बाल प्रतिषेध अधिनियम संबंधित जानकारी दी न्यायाधीश मो असलम दहलवी साहब एवं योगेश चालीसा साहब ने कहा कि दोषियों की जवाबदेही तय कर शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना न्याय हे न्याय का उद्देश्य है कि अपराधों के विरुद्ध वैश्विक स्तर पर न्याय सुनिश्चित करना न्याय पाने का अधिकार सबका है आपके सामने अन्याय हो रहा हो तो आप उसके साथ न्याय करे जो सत्यता के आधार पर हो न्याय के लिए मौजूदा परिस्थितियों में जो विसंगतियां हैं उन पर प्रकाश डाला ओर उन्हें समाप्त करने या कम करने के सार्थक प्रयास पहल करने पर विचार करना चाहिए ।

## मुख्यमंत्री के प्रभार वाले जिले में 35 किमी सड़क बदहाल

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रभार वाले इंदौर जिले में विकास के दावों की पोल खोलती देवधर्म टंकी से देपालपुर तक करीब 35 किलोमीटर लंबी एमपीआरडीसी की सिंगल लेन सड़क आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सड़क का डामरीकरण कई स्थानों से पूरी तरह उखड़ चुका है और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से यह मार्ग हादसों को खुला निमंत्रण दे रहा है। इसके बावजूद न तो एमपीआरडीसी के अधिकारियों का ध्यान इस ओर है और न ही जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या को लेकर सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। देवधर्म टंकी से लेकर देपालपुर तक पूरे 35 किलोमीटर के मार्ग में आगरा, ऊषापुरा, बड़ौलीहौज और मुरखेड़ा सहित कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग सबसे अधिक खतरनाक बन गया है।



## न.पा. सभागार में विभागीय अफसर व जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

समृद्ध मध्य प्रदेश विजन २०४७ के तहत जिला विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने की दिशा में शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में विधानसभा स्तर पर विभागीय अफसर एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता एसडीएम रचना शर्मा ने की एवं मुख्य अतिथि विधायक डॉ राजेंद्र पांडे थे। बैठक में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 222 को वर्ष 2047 तक एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करने की कार्य योजना तैयार करना था ।इसके लिए क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर मूलभूत सुविधाओं स्वास्थ्य शिक्षा अधो संरचना रोजगार कृषि एवं अन्य आवश्यक सेवाओं का समग्र आकलन करते हुए विभिन्न विभागों से सुझाव एवं परियोजनाओं के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। बैठक में विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में संचालित तथा स्वीकृत विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा भी की गई। बैठक में नगर पालिका सीएमओ चंद्रशेखर सोनीस ने विजन 2047 के अंतर्गत शहर के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए। जिसमें ऑडिटोरियम का निर्माण, हाईटेक ई लाइब्रेरी ,मल्टी स्टोरी मार्केट, एवं पार्किंग, सोलर आधारित नगरी निकाय एवं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था ,गीता भवन का विकास इंडोर एवं आउटडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण नया हाईटेक बस स्टैंड सिटी बायपास आदि परियोजनाएं शामिल रही।

## सुशासन पंचायत का हुआ लोकापर्ण

**बड़वानी ।** पानसेमल विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत पानसेमल अंतर्गत ग्राम पंचायत गोगवाडा में 37,50 लाख की लागत से निर्मित स्मार्ट (अटल सुशासन) ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण विधायक श्री श्याम बरडे द्वारा किया गया । यह भवन ग्रामवासियों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएँ, पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था तथा सुगम जनसेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आधुनिक पंचायत भवन ग्रामीण विकास को नई गति देने के साथ-साथ शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश के गाँवों में विकास और सुशासन की नई इबारत लिखी जा रही है। हमारी सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक गाँव आधुनिक सुविधाओं से सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध बने।

## केले के रेशे से बनी राखियां बनीं बुरहानपुर की नई पहचान

### अर्चना चिटनिस ने महिला स्व-सहायता समूहों के प्रयासों की सराहना की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

केले के उत्पादन के लिए देशभर में पहचान रखने वाला बुरहानपुर अब केले के रेशे से तैयार उत्पादों के जरिए महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहा है। "एक जिला-एक उत्पाद" योजना के अंतर्गत केले को मिले दर्जे से अब रोजगार और स्वरोजगार का नया आधार बन रहा है। रक्षाबंधन पर्व पर जिले की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा केले के रेशे से शुद्ध, हस्तनिर्मित और पूर्णतः पर्यावरण-अनुकूल राखियां तैयार की जा रही हैं। यह पहल "वोकल फॉर लोकल", "लोकल फॉर ग्लोबल" के आह्वान और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार कर रही है।

इसी क्रम में विधायक एवं पूर्व



कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस से ग्राम जैनाबाद के श्रीकृष्ण स्वयं सहायता समूह की पूजा कुशवाह और शाहपुर निवासी उषा उदलकर ने भेंट की। महिलाओं ने उन्हें केले के रेशे से बनी राखियां भेंट कीं और स्वरोजगार की यात्रा साझा की। पूजा कुशवाह ने बताया कि समूह ने केले के रेशे से उत्पाद बनाने का काम छोटे स्तर से शुरू किया था। आज यह पहल ४० से अधिक महिलाओं के लिए रोजगार का माध्यम बन चुकी है। समूह द्वारा झूले, मोबाइल कवर, झूमर, पेन होल्डर, गणेश प्रतिमाएं और सजावटी सामग्री सहित कई उत्पाद तैयार किए।

## अवैध मदिरा की रोकथाम हेतु कार्यवाही

**बड़वानी ।** जिले में अवैध मदिरा पर रोकथाम के लिये कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा सतत कार्यवाही के निर्देश दिये है। निर्देश के पालन में जिला आबकारी अधिकारी श्री अशोक कुमार खत्री के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अभिलाषा वर्मा के नेतृत्व में आबकारी वृत-राजपुर के उपनिरीक्षक कमलेश बामनिया द्वारा 17 जुलाई को संयुक्त बल द्वारा कार्रवाई की गई कार्यवाही के दौरान राजपुर के शेरा ढाबा, गर्व होटल, बिलवानी में किराणा दुकान एवं उमरिया में महाकाल ढाबा व अन्य स्थानो पर तलाशी के दौरान म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ए के तहत 7 प्रकरण पंजीबद्ध कर 7.02 बल्क लीटर देशी मदिरा, 19.6 बल्क लीटर विदेशी मदिरा, 28 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 120 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया।

## चोरों ने दहाड़े सूने मकानों में की चोरियां, 2.40 लाख के आभूषण और 45 हजार नकद जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

दिनदहाड़े सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला एक शातिर चोर मंडलेश्वर पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद ३ मकानों में की गई चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी से २ लाख 40 हजार रुपए के आभूषण, 45 हजार रुपए नकद और एक बाईक जब्त करने का खुलासा किया है।

पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 27 अप्रैल को ग्राम झापड़ी एवं 12 मई को ग्राम चोली व ग्राम वसूली कुंडिया के सूने मकानों में चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए थे।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित पुलिस टीम ने फरियादी के घर एवं आसपास के आने जाने वाले सभी के संभावित



रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया। फुटेज के आधार पर उक्त चोरी की घटना में संलिप्त संदेहियों को चिह्नित किया गया। मुखबिरों को भी सक्रिय कर संदेही की जानकारी एकत्रित की गई।

विवेचना के दौरान ग्राम उखालदा उमरबान धार के तालिब पिता हामिद खान को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में उसने उक्त तीनों चोरी करना कबूल किया।

आरोपी के कब्जे से 2 जोड़ सोने की झुमकी, 2 सोने के पेंडल, 20 सोने के मोती, एक चांदी का कमरबंद, दो जोड़ चांदी की पायल, एक चांदी का सिक्का, एक चांदी की अंगूठी, 45 हजार रुपए नगदी एवं घटना में प्रयुक्त बाईक,१ लोहे की टॉमी जब्त की गई। आरोपी का आपराधिक रिकार्ड खंगालने पर मनावर और धामनोद थाने पर भी प्रकरण दर्ज किये गये।

## सदभावना मंच सदस्यों ने सुपरस्टार राजेश खन्ना को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना (काका) की पुण्यतिथि के अवसर पर सदभावना मंच सदस्यों की ओर से मंच संस्थापक प्रमोद जैन की उपस्थिति में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि भारतीय सिनेमा के इतिहास में 'सुपरस्टार' शब्द यदि किसी एक कलाकार के लिए गढ़ा गया, तो वह राजेश खन्ना थे। अपनी अनूठी अदा, गर्दन झुकाकर आँखें मटकाने के अंदाज और रोमांटिक संवाद अदायगी से उन्होंने करोड़ों दिलों पर राज किया। 'आनंद' फिल्म का उनका वह अमर संवाद 'बाबू मोशाय जिंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं' आज भी जीवन के फलसफे को बयां करता है। 'काका' का जादू, उनकी सदाबहार फिल्में और उनके गीत आज भी लोगों की यादों में जिंदा हैं। वे केवल एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक संपूर्ण युग थे। इस मौके पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, सुरेंद्र गीते, ओम पिल्लै, डॉ जगदीशचंद्र चौरे, देवेंद्र जैन, केबी मंसारे, अनूप शर्मा, जीडी सराफ, अशोक जैन, अजय मंडलोई, सतीश मुदिराज, डॉ. एमएम कुरैशी, सुनील सोमानी, योगेश गुजराती, विजया दिवेदी, गणेश भावसार, राजेश खांडे, निर्मल मंगवानी, रामनाथ सराफ, योगेश गदले, संतोष सोनी, राजेश पौरपंथ, एनके दवे, महेश मूलचंदानी, राधेश्याम शाक्य, अशोक पारवानी, कमल नागपाल, अर्जुन बुंदेला, सुभाष मीणा, रजत सोहनी, नितिन मुदलियार, कैलाश पटेल आदि सदस्यों व्दारा राजेश खन्ना के किरदार को कराओके के माध्यम से फिल्मी गीतों को गाकर जीवंत किया




## कार्यकर्ता ही भाजपा का असली परिवार -प्रदेश मंत्री भाटी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं निमाड़ संभाग प्रभारी बलवंत भाटी का मंगलवार को पहली बार बड़वानी जिला मुख्यालय पर आगमन हुआ। उनके स्वागत में जिला भाजपा कार्यालय पर कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया। जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष हरीश मुकाती के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पुष्पमाला पहनाकर एवं गुलदस्ते भेंट कर प्रदेश मंत्री का स्वागत किया। बैठक का शुभारम्भ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री बलवंत भाटी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो छोटे से छोटे कार्यकर्ता को उसकी मेहनत और योग्यता के आधार पर बड़ा दायित्व सौंपती है। उन्होंने कहा, "भाजपा में परिवारवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। यहां कार्यकर्ता ही पार्टी का परिवार है।

## योग से बच्चों के समग्र विकास पर जोर

**खंडवा।** बाल कल्याण समिति खंडवा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने भोपाल में मध्यप्रदेश योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा से सौजन्य भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष साकेत शर्मा, झाबुआ की अध्यक्ष प्रीति चौहान एवं देवास की अध्यक्ष सीमा यादव भी उपस्थित रहीं। मुलाकात के दौरान योग और बाल संरक्षण विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि वर्तमान समय में बच्चों के समग्र विकास के लिए केवल कानूनी संरक्षण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच जरुरी है।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों को निर्माण कार्यो का भ्रमण कराया जाए

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, उज्जैन की शासी निकाय की 34वीं बैठक प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में महाविद्यालय के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आगामी शैक्षणिक एवं विकासात्मक गतिविधियों के लिए प्रस्तुत बजट प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया, जिन्हें सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने विभिन्न प्रस्तावों पर अपने महत्व पूर्ण सुझाव दिए तथा कुछ विषयों पर जरुरी आपत्तियां जब्त की।

## न्यूज -कॉलम

### देवासगेट पुलिस ने दर्ज किये चाकूबाजी के मामले

**उज्जैन।** शुक्रवार शाम को चामुंडा माता चौराहा बाइक सवार बदमाश ने चाकूबाजी करते हुये अयुब खां का हाथ काट दिया था। उक्त बदमाश ने कुछ मिनट बाद ग्राउंड होटल के पास मोहम्मद सईद का गला रेत था। चाकूबाज को लोगों की मदद से पक? लिया गया था, जिसे माधवनगर थाना पुलिस को सौंपा गया था। चाकूबाज कमल पिता देवीलाल ग्राम बिछडौद का रहने वाला सामने आया था। कुछ मिनट में हुई 2 चाकूबाजी की घटना में दोनों प्रकरण देवासगेट थाना पुलिस द्वारा दर्ज किये गये है। थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि आरोपी को माधवनगर थाना पुलिस की कस्टडी से देवासगेट लाया गया है। उससे चाकू और हमले में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। आरोपी को रविवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा। दोनों घायलों को परिजन चरक अस्पताल से उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर गये है।

### क्रेडिट कार्ड पर ऑफर देकर ठगे 60 हजार

**उज्जैन।** शिवाजी पार्क में कालोनी में रहने वाले 68 वर्षीय सत्येन्द्र पिता विष्णु स्वरूप श्रीवास्तव बैंक से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। 12 जुलाई को उन्होने फेसबुक पर विज्ञापन देखा, जिसमें सेवानिवृत्त बैंककर्मियों को क्रेडिट कार्ड पर विशेष ऑफर की बात लिखी गई थी। उन्होने विज्ञापन पर क्लिक किया, कुछ देर बाद आईसीआईसीआई बैंक से उनके पास कॉल आ गया। बताया गया कि क्रेडिट कार्ड पर विशेष ऑफर है और लिमिट बढाई जा रही है। सत्येन्द्र श्रीवास्तव बातों में आ गये, कॉल धारक ने लिंक भेज फोटो के साथ केडिट कार्ड नम्बर मांग लिया। कुछ देर बाद मैसेज मिला की उनके खाते से एक बार 10 हजार और दूसरी बार में 50 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ है। अपने साथ ऑनलाइन धोखाधडी होने पर उन्होने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। जहां से ई-एफआईआर माधवनगर थाना पुलिस के पास पहुंची। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया है। बैंक के माध्यम से 60 हजार का ट्रांजेक्शन किस खाते में हुआ है, इसकी जानकारी जुटाकर धोखाधडी करने वाले का पता लगाया जा रहा है।

### पेट दर्द की शिकायत के बाद युवक की मौत

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र अमृतनगर में रहने वाले रितेश पिता राकेश मंडोर 21 साल को शुक्रवार रात पेट दर्द होने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया। प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में पता चला कि रितेश 3 साल पहले सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। कुछ दिनों तक कोमा में रहा था। होश आने के बाद से उसका दिमागी संतुलन बिगड़ गया था। रात में उसने पहले सिर दर्द होना बताया, फिर पेट दर्द की शिकायत करने लगा। उसे अस्पताल लाया गया, जहां कुछ देर बाद मौत हो गई। प्रधान आरक्षक पाल के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चलेगा कि मौत की वजह क्या रही है।

### पडोसियों ने खोला दरवाजा तो झुलसता दिखा वृद्ध

**उज्जैन।** तिरूपतिधाम कालोनी में रहने वाला 65 वर्षीय रामचंद्र सोलंकी लकवाग्रस्त है। वह बिस्तर से उठ नहीं पाता है, दोपहर में पत्नी शांताबाई बाजार जाते समय बाहर से दरवाजा लगा गई थी। कुछ देर बाद पड़ोसियों ने धुआं निकलता देखा तो दरवाजा खोला रामचंद्र जलते बिस्तर पर झुलसता दिखाई दिया। उसे तत्काल उठाया गया और अस्पताल लाया गया। उसका लकवाग्रस्त पैर जल चुका था। आशंका जताई गई है कि रामचंद्र बीड़ी पीता है। जलती बीड़ी से बिस्तर में आग लगी और वह उठ नहीं पाया। अस्पताल स्टॉफ द्वारा घटनाक्रम से चिमनगंज थाना पुलिस को अवगत कराया गया है। आग से झुलसने का एक मामला दताना-मताना से सामने आया। यहां निर्माणधीन बिल्डिंग में पुताई का काम कर रहा जितेन्द्र पिता रामकिशोर 32 वर्ष खाना बनाते समय कपडो में आग लगने से झुलस गया। उसे चरक अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती किया गया है।

### विवाद होने पर पडोसी ने कुल्हाडी से किया हमला

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम कोलूखेड़ी में रहने वाले इंदर पिता प्रहलाद मोंगिया और पड़ोस में रहने वाले नाथुसिंह के बीच शुक्रवार रात शराब के नशे में विवाद हो गया था। दोनों में गाली-गलौच के बाद मामला हाथपाई में बदल गया। तभी नाथुसिंह घर में से कुल्हाडी लाया और इंदर पर हमला कर दिया। घायल इंदर को परिजन उपचार के लिये रात में उज्जैन चरक अस्पताल लेकर आये, जहां उपचार चल रहा है। घट्टिया थाना पुलिस बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू करेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 150-6 | 589-2 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 178-6 | 146-1 |
| मिलन नाइट | 146-1 | 459-8 |
| मधुर डे | 256-3 | 679-2 |
| मधुर नाइट | 257-4 | 470-2 |
| शुभांक | 3 5 | 4 |

## गोरकर परिवार पर पासियों ने किया हमला, घटना में एक की मौत...

# नीलगंगा चौराहा पर रात 11 बजे चली ताबड़तोड़ गोलियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन






नीलगंगा चौराहा पर रात 11 बजे गोलियां चलने पर दहशत फैल गई। दो पक्षों के बीच विवाद में तीन से चार लोग घायल हुये, जिन्हे निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां एक की मौत होना सामने आया। घटनाक्रम के बाद एसपी मौके पर पहुंचे। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है।

एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर ने बताया कि नीलगंगा चौराहा पर गोरकर परिवार और पासियों के बीच विवाद होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में 3 से चार लोगों के घायल होने की बात सामने आई। बताया जा रहा है कि कुछ महिनों से दोनों पक्षों के बीच किसी लडकी को लेकर विवाद चला आ रहा था। उसी विवाद में पासी समाज के कुछ लोगों ने गोरकर परिवार के मां हरसिद्धी दरबार फूड कैफे एंड रेस्टोरेंट पर आकर हमला किया। गोलियां चलने की बात सामने आई है, जिसकी जांच जारी है। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की जायेगी। घटनाक्रम के बाद एसपी प्रदीप शर्मा खुद मौके पर पहुंचे थे, उन्होने घटना की जानकारी ली और हमलावरों को पकडने के लिये टीमों को अलर्ट किया। बताया जा रहा है कि घटनाक्रम में गोली लगाने से लोकेश गोरकर की मौत हुई है। वहीं दिलीप राव गोरकर, जय गोरकर के साथ एक अन्य घायल हुआ है।

**हमलावरों की संख्या 15 से अधिक**

घटनास्थल पर लोगों का कहना था कि हमलावरों की संख्या 15 से अधिक रही होगी। जिनके पास कट्टे, चाकू और अन्य हथियार थे। विवाद के बाद गोरकर परिवार ने बचाव में हमला किया लेकिन हमलावरों ने गोलियां चलाना शुरू कर दी। कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त किये और हमलावर रेस्टोरेंट के सामने गोरकर परिवार के घर तक पहुंच गये थे।

आसपास के लोगों को कहना था कि वह सोने की तैयारी में थे गोलियां चलने की आवाज सुनकर बाहर आये तो अफरा-तफरी दिखाई दी।

### पुलिस ने बरामद किये गोलियों के राउंड

नीलगंगा चौराहा पर एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर, सीएसपी दीपिका शिंदे, नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील, माधवनगर प्रभारी गजेंद्र पचौरिया के साथ नीलगंगा थाने का पूरा स्टॉफ पहुंचा था। घटनास्थल से गोलियां चलने के खाली राउंड बरामद किये गये। काफी जगह खून फैला था, जिसका परीक्षण करने के बाद पानी से साफ कराया गया।

**इनका कहना**

घटना के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घायलों के पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है। हमला करने वालों की धरपकड़ के प्रयास किये जा रहे है।

**प्रदीप शर्मा**
**एसपी**

## हिरासत में आने पर बेग से मिले 1.17 लाख के उपकरण...

# पुलिस रिमांड पर नर्मदा-क्षिप्रा परियोजना के वाल्व चुराने वाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना में लगाये गये उपकरण (वॉल्व) चोरी करने वाला बदमाश हिरासत में आ गया। उसके पास से 1.17 लाख से अधिक कीमत के वॉल्व बरामद किये गये है। शनिवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया और रिमांड पर लिया।

तराना थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नर्मदा-क्षिप्रा परियोजना में किसानों के खेतों में डाली गई पाइप लाइन के ओएमएस बॉक्स से पीएफसी वॉल्व चोरी होने की शिकायत परियोजना अधिकारियों द्वारा की गई थी। पुलिस के साथ परियोजना के अधिकारी-कर्मचारी नजर रख रहे थे। इसी दौरान खबर मिली कि परियोजना कर्मचारी ने ग्राम नाटाखेडी-बगोदा स्थित परियोजना क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति के घूमने हुये देखा है। पुलिस पहुंचती उससे पहले कर्मचारी ने ग्रामीणों की मदद से उसे पकड लिया था। उसके बेग में चोरी किये गये परियोजना के वॉल्व भरे थे। पुलिस मौके पर पहुंच उसे हिरासत में लिया।

पूछताछ करने पर चोरी करने वाला का नाम दरबारसिंह पिता चरणसिंह निवासी ग्राम भैसाखेड़ी थाना टोंकखुर्द जिला देवास होना सामने आया। उसके पास से 28 वॉल्व बरामद किये गये। जिसकी कीमत 1.17 लाख से अधिक पाई गई है। आरोपी के खिलाफ धारा 303(5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया। शनिवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि उपकरण चोरी में वह अकेला शामिल है या फिर उसके अन्य साथी भी है। वह कब से उपकरण चोरी कर रहा था और कहां ठिकाने लगाने वाला था।

### समाज को नशा मुक्त बनाने का विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

**उज्जैन।** नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में शनिवार को विद्यार्थियों ने समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया और लघु नाटिका की प्रस्तुति देकर दुष्परिणामों के साथ नशामुक्त जीवन का संदेश दिया।

नागदा थाना एसआई योगिता उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाये जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में नागदा स्थित मदर मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल के शिक्षकों ने भागीदारी करते हुये नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया, छात्र-छात्राओं लघु नाटिका के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्परिणामों का संदेश दिया। एसआई उपाध्याय ने बताया कि नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लेने वाले विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, ऑनलाइन धोखाधडी से बचने के उपाय, 1930 साइबर हेल्पलाइन और 112 आपातकालीन सेवा की जानकारी दी गई। अभियान में उन्हेल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर स्थित जे.डी. स्कूल भाटपचलाना में अजदावडा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खाचरौद इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में भी विद्यार्थियों ने नशा मुक्त समाज का संकल्प लेकर शपथ ग्रहण की।

**शॉर्ट वीडियो से अभियान का प्रचार**

शनिवार को पुलिस कंट्रोलरूम मीटिंग हॉल में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मीट का आयोजन किया गया। 50 से अधिक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों शामिल हुये। जिनके माध्यम से अभियान के उद्देश्य एवं नशे के विरुद्ध जनजागरूकता संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जागरूकता फैलाएं और समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के लिये शार्ट वीडियो का प्रसारण किया जायेगा।

### पारिवारिक प्रकरण में जीजा-साले के बीच चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी ने पति खिलाफ कोर्ट में प्रकरण दायर कर दिया। उसी बात को लेकर जीजा-साले के बीच लात-घूंसे चल गये और चाकू खुल गया। विवाद का वीडियो पुलिस को मिला है। मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

सुदामा नगर में रहने वाले दुर्गेश पिता बलराम सूर्यवंशी की बहन का विवाह पंवासा क्षेत्र के ग्राम जम्बुरा में रहने वाले कमल पिता विक्रमलाल से हुआ था। पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद होने पर दुर्गेश की बहन मायके आ गई थी और उसने कोर्ट में प्रकरण दायर कर दिया था। इसी बात पर बीती शाम कमल आने साथियों के साथ दुर्गेश के ऑफिस फ्रीगंज स्थित गुरूद्वारे पहुंचा और अपने साथियों के साथ मिलकर दुर्गेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। दुर्गेश ने अपने साथियों को बुला लिया और जीजा कमल के साथ मारपीट कर चाकू खोल लिया। विवाद का मामला माधवनगर थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने दोनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। घटना का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरे देखे गये। पुलिस को एक वीडियो में मिला जिसमें विवाद के दौरान दुर्गेश के हाथ में चाकू दिखाई दिया। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। जिसके पूरी होने पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। चाकू वाला वीडियो जांच में शामिल कर लिया गया है।

# काम दिलाने के बहाने नाबालिग से अनैतिक कृत्य

## चंद घंटों में पकडाये आरोपी का भेजा गया जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

काम दिलाने के बहाने नाबालिग के साथ अनैतिक कृत्य करने वाले आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने तलाश शुरू की थी, आरोपी नाबालिग को छोड़कर भाग निकला था। जिसे शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

नागझिरी थाना एसआई पूजा सोलंकी ने बताया कि रतलाम की रहने वाली नाबालिग थाना क्षेत्र में चौकीदारी करने वाले मामा के यहां रह रही थी। 16 जून को नाबालिग लापता हो गई। परिजनों ने उसके नहीं मिलने पर तलाश शुरू की, रात में नाबालिग नागझिरी थाने से कुछ दूरी पर परिजनों को मिल गई। परिजनों ने पूछताछ की तो उसने बताया कि सामने वाली बिल्डिंग में काम करने वाला कान्हा पिता जगदीश परमार उसे काम दिलाने के बहाने साथ ले गया था और काफी देर तक घूमने के बाद नक्षत्र गार्डन स्थित गार्ड रूम में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। परिजनों ने 17 जुलाई को थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। नाबालिग के बयान दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई और चंद घंटो में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी कान्हा ग्राम कडाई थाना महिदपुर का रहने वाला है। जिसके खिलाफ पास्को एक्ट में प्रकरण दर्ज कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया।

**छत्तीसगढ़ कोरबा में मिली बालिका**

नाबालिग के लापता होने और 12 सौ किलोमीटर दूर मिलने का एक मामला भाटपचलाना थाना क्षेत्र से सामने आया। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 11 जुलाई को कस्बे में रहनी वाली 16 वर्षीय बालिका के लापता होने की शिकायत परिजनों ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने तलाश शुरू की तो पता चला गांव में बोरिंग मशीन पर काम करने वाला युवक उसे लेकर गया है। दोनों की तलाश करने पर उनके 12 सौ किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ कोरबा में होने की खबर मिलते ही पुलिस टीम रवाना की गई।

कोरबा के जंगलों से बालिका को 7 दिनों में दस्तयाब कर लाया गया है। उसे शादी का झांसा देकर ले जाने वाले आरोपी रविशंकर पिता जगतपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। जिसके खिलाफ अपहरण की धारा में प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# झूठी निकली युवक की एसिड से जलाने की कहानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार सुबह महाकाल थाना पहुंचा युवक बोला कि रात में उसे एसिड डालकर जला दिया है। एक महिला और कुछ युवकों ने उससे 30 हजार रूपये छीने है। पुलिस ने जांच शुरू की, कुछ देर में पूरा मामला झूठा साबित हो गया। महिला उसकी पत्नी थी, जिससे उसका विवाद चल रहा है। युवक गर्म पानी झुलसा था। जिसके मजिस्ट्रेट बयान दर्ज कराये गये है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सुबह योगीपुरा में रहने वाला सतीश पिता धनीराम 32 साल थाने आया था और बोला कि उसे रात 1 बजे गौंड बस्ती में सपना, मोनू, कृष्णा, नवीन, करण और गबलू ने एसिड डालकर जला दिया और 30 हजार रूपये लेकर भाग निकले। मामला प्रथमदृष्टता संदिग्ध होना सामने आया, रातभर में घटना के बाद युवक थाने नहीं आया था। जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और जांच शुरू की गई। पता चला कि वह फूल प्रसाद की दुकान पर काम करता है और आगरा का रहने वाला है। उसने गौंड बस्ती में रहने वाली सपना से शादी की थी, जिससे विवाद चल रहा। रात में पत्नी से विवाद होने पर गर्म पानी झुलस गया था। थाना प्रभारी के अनुसार अस्पताल में भर्ती युवक के मजिस्ट्रेट बयान तहसीलदार स्तर पर दर्ज कराये जा रहे है। एसिड डालकर जलाने और रूपये छीनने की कहानी झूठी होना सामने आई है।

# लाखों के मोबाइल चोरी करने वालों की महाराष्ट्र में तलाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



कार से शहर में आकर 2 दुकानों से लाखों के मोबाइल चोरी करने वालों की तलाश में पुलिस की टीम महाराष्ट्र पहुंची है। बदमाशों को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार ट्रेस किया जा रहा है।

माधवनगर थाना क्षेत्र में 10-11 जुलाई की रात फ्रीगंज क्षेत्र में बदमाशों ने हाई च्वाइस और एसएस मोबाइल शॉप का शटर उचाकर लाखों के मोबाइल चोरी कर लिये थे। पुलिस जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों में 4 बदमाश दिखाये दिये थे, जो कार से आये थे, पुलिस ने कार को ट्रेस करने का काम शुरू किया, कार नम्बर ग्वालियर का होना सामने आया, लेकिन ग्वालियर पहुंचने पर पता चला कि बदमाशों ने नम्बर की फर्जी प्लेट लगाई थी। उक्त नम्बर कार ग्वालियर में मौजूद है, जिसका मॉडल बदमाशों की कार से अलग है। बावजूद पुलिस बदमाशों को लगातार ट्रेस करने में लगी थी। पुलिस अधीक्षक ने बदमाशों का सुराग देने वाले को 10 हजार का इनाम देने की घोषणा भी की है। इसी बीच एक टीम महाराष्ट्र पहुंची है, जहां बदमाशों के पहुंचने की जानकारी सामने आई है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि बदमाशों के जहां भी जाने की खबर मिल रही है, पुलिस टीम तस्दीक के लिये पहुंच रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी है। आज नहीं तो कल बदमाशों को पकड लिया जायेगा।

**इधर बासवाडा तक पहुंची चोरी हुई कारें**

लाखों के मोबाइल चोरी की वारदात के दूसरे दिन नानाखेडा थाना क्षेत्र के बसंत बिहार से पटवारी की और नीलगंगा थाना क्षेत्र के सुभाषनगर से महाकाल दर्शन करने विदिशा से आये श्रद्धालु परिवार की क्रेटा कारें चोरी हो गई थी। दोनों थानों की पुलिस कार चोरी करने वालों को पता सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से लगा रहा है। चोरी के बाद दोनों कारें इंदौर की ओर जाती दिखाई दी थी। अब जानकारी मिली कि दोनों कार बासवाडा में दिखाई दी है। पुलिस बदमाशों के आगे जाने वाले रास्ता का पता लगा रही है।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** मुनीनगर में रहने वाली पूजा पति राकेश भोई 36 साल ने शनिवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडती देख परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और नानाखेडा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस हालत में सुधार होने पर बयान दर्ज कर जहरीला पदार्थ खाना की वजह पता लगायेगी।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**GeM-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या : GEM/2026/B/7796883 दिनांक :** 17/07/2026, **कार्य का नाम :** कोच केयर कॉम्प्लेक्स, DADN में 02 साल की अवधि के लिए बायो - टॉयलेट के सालाना रखरखाव और संचालन के साथ-साथ उनकी सफाई और देखभाल का काम। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹3,10,44,031.21/-, सभी टैक्स एवं GST समेत । **अग्रिम धन :** ₹3,05,220/-, **समापन अवधि :** 02 वर्ष (या 24 महीने) एल.ओ.ए. जारी होने की तारीख से। **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी :** कार्यालय वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर/रतलाम मंडल (प.रे.), **निविदा फॉर्म जमा करने एवं निविदा खुलने का समय :** बंद होने का समय - 15:00 Hrs. on 11.08.2026, खुलने का समय - 15:30 Hrs. on 11.08.2026, **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** निविदायें GeM की वेबसाईट https//gem.gov.in पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध में कोई भी जानकारी कार्यालय वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर/रतलाम मंडल (प.रे.) से सभी कार्यालय दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

SNP-163

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

## पाँच बंधन



हममें से अनेक लोगों ने अपने मन को लाडले लड़के के समान कर डाला है। वह जो कुछ चाहता है, उसे वही दे दिया करते हैं। इसीलिए क्रिया योग का सतत अभ्यास आवश्यक है, जिससे मन को संयत करके वश में लाया जा सके। इस संयम के अभाव में ही योग के सारे विघ्न उपस्थित होते हैं और उनसे फिर क्लेश की उत्पत्ति होती है। उनको दूर करने का उपाय है- क्रिया योग द्वारा मन को वशीभूत कर लेना, उसे अपना कार्य न करने देना

याद रखो, अविद्या, अहंकार, राग, द्वेष और जीवन के प्रति मोह, अर्थात अभिनिवेश- ये पांचों क्लेश हैं। ये पांचों बंधन ही हमें इस संसार से बांधकर रखते हैं। इनमें से अविद्या ही कारण है और शेष चार क्लेश इसके कार्य हैं। अविद्या ही हमारे दुख का एकमात्र कारण है। भला और किसकी शक्ति है, जो हमें इस प्रकार दुख में रख सके? आत्मा तो नित्य आनंदस्वरूप है। उसे अज्ञन, भ्रम, माया के सिवा और कौन दुखी कर सकता है?

अविद्या ही अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश का कारण है। ये संस्कार समूह विभिन्न मनुष्यों के मन में विभिन्न अवस्थाओं में रहते हैं। कभी-कभी वे प्रसुप्त रूप में रहते हैं। योगी में ये संस्कार सूक्ष्म भाव से रहते हैं। योगी उन्हें दबाकर रख सकते हैं। उनमें उन संस्कारों को प्रकाशित न होने देने की शक्ति रहती है। कभी-कभी कुछ प्रबल संस्कार अन्य कुछ संस्कारों को कुछ समय के लिए दबाकर रख सकते हैं, किंतु जैसे ही वह दबाए रखने वाला कारण चला जाता है, वे पूर्व संस्कार फिर उठ जाते हैं। इसी अवस्था को विच्छिन्न कहते हैं। अंतिम अवस्था है उदार। इस अवस्था में संस्कार समूह अनुकूल परिस्थितियों का सहारा पाकर शुभ या अशुभ रूप में कार्य करते हैं।

**सम्पादकीय**

## हाइड्रोजन रेल

भारतीय रेल भी अब हरित ऊर्जा की दिशा में दौड़ चली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिंद जंक्शन से भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन-चालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर एक शानदार आगाज किया है। यह स्वच्छ परिवहन के मोर्चे पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। जिंद स्टेशन पर ही एकीकृत हाइड्रोजन संयंत्र निर्मित हुआ है और भारत में हाइड्रोजन ऊर्जा उत्पादन और उपयोग की एक बेहतरीन शुरूआत हुई है। आसमानी नीले और सफेद रंग की ब्रॉड-गेज ट्रेन में दो हाइड्रोजन-चालित पावर कार और आठ ट्रेलर कोच जोड़े गए हैं। बताया जा रहा है कि यह अब तक विकसित विश्व की सबसे लंबी हाइड्रोजन-चालित यात्री ट्रेन में से एक है। अगर यह प्रयोग सफल हुआ, तो देश में हाइड्रोजन ट्रेनों का उपयोग बढ़ेगा। नीलगिरी, दार्जिलिंग और कांगड़ा घाटी सहित अनेक चर्चित पहाड़ी मार्गों पर ऐसी 35 ट्रेनें चलाने की योजना सराहनीय है। ये ऐसे इलाके हैं, जहां ट्रेनों को बहुत तेज नहीं चलाया जा सकता, पर इस ट्रेन को 110 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ने के लिए तैयार किया गया है। हालांकि, पहाड़ी रास्तों पर 75 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति भी बहुत फायदेमंद रहेगी।

कोई दोराय नहीं, हरित ऊर्जा या हरित वाहन की दिशा में यह कदम पर्यावरण को लाभ पहुंचाएगा। जिंद और सोनीपत के बीच चली यह नमो ग्रीन रेल अपने लिए ऊर्जा स्वयं बनाएगी। हाइड्रोजन को ट्रेन के अंदर ही ऊर्जा में बदला जाएगा। डीजल गाड़ियों की तुलना में हाइड्रोजन गाड़ियां ज्यादा अनुकूल हैं, इनका रखरखाव भी किफायती है। हाइड्रोजन वाहन केवल वाष्प उत्सर्जन करते हुए शोर भी बहुत कम करते हैं। आज देश में ज्यादातर रेल गाड़ियों को दौड़ने के लिए सतत बिजली का प्रवाह चाहिए, जबकि हाइड्रोजन रेल को किसी बाहरी ऊर्जा के सहारे की जरूरत नहीं है। इसे चलाने की बुनियादी लागत भी कम आएगी। अगर किसी दुर्गम जगह पर ट्रेन चलाने की जरूरत है, तो रेल विभाग के पास बिजली संचार तंत्र का ढांचा खड़ा करने के अलावा भी एक विकल्प है। जैसे-जैसे हाइड्रोजन से चलने वाली रेलों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे ताप विद्युत केंद्रों पर पड़ने वाला दबाव भी कम होता जाएगा। एक बड़ी खुशखबरी है कि यह तकनीक भारत में ही विकसित की गई है। यह मेक इन इंडिया के तहत मिली ऐसी वैज्ञानिक कामयाबी है, जो इस क्षेत्र में भारत की महारत साबित करती है।

**पावन भूमि में महापाप**

# राम मंदिर दान लूट : कुतर्कों की इंतेहा ?

प्रभु श्री राम मंदिर,अयोध्या में दान व चढ़ावे के पैसों व बहुमूल्य वस्तुओं की कथित लूट जैसे शर्मनाक कृत्य की चौतरफा निंदा की जा रही है।



निर्मल रानी
(दैनिक अवन्तिका)

सुप्रीम कोर्ट ने भी चंदा व चढ़ावा चोरी मामले में दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुये केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया है तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) को अब तक हुई जांच की रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और घोर निंदनीय बताते हुये कहा है कि दानपात्र से हुई चोरी ने 'पूरे हिंदू समाज' और राम भक्तों की श्रद्धा और भावनाओं को गहरी चोट पहुंचाई है जिससे संघ परिवार भी पूरी तरह आहत है। संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि इस 'महापाप' में शामिल हर एक दोषी को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए और चंदे की पवित्रता से कोई समझौता नहीं हो सकता। संघ ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि आस्था का मामला है।

परन्तु सुप्रीम कोर्ट व संघ की चिंताओं से इतर एक वर्ग ऐसा भी है जो इस बेहद अफसोसनाक मामले पर भी राजनीति का ऐसा लेप चढ़ाने की कोशिश कर रहा है जिससे विषय की गंभीरता को कम किया जा सके और भक्तों का ध्यान दूसरी तरफ भटकया जा सके। उदाहरणार्थ राम मंदिर में चढ़ावे और चंदे की कथित चोरी के मामले पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर सनातन धर्म, राम भक्तों की आस्था और अयोध्या की छवि को वैश्विक स्तर पर बदनाम करने का गंभीर आरोप लगाया है। योगी ने कहा कि विपक्ष एक 'छोटी सी घटना' को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ?कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने भारत की आस्था, अयोध्या की विरासत और प्रभु राम के नाम पर हमला करने का जैसे ठेका ले रखा है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने कभी भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था, वे आज मंदिर



के चंदे के नाम पर मचल रहे हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं, वे आज राम मंदिर की पवित्रता पर सवाल उठा रहे हैं ? मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों की गलती की वजह से पूरे ट्रस्ट या अयोध्या को कटघरे में खड़ा करना गलत है।

उधर स्वयं को 'हिंदू रक्षा दल' का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताने वाला गाजियाबाद का एक व्यक्ति जिसने एक सार्वजनिक लंगर के दौरान एक मुस्लिम व्यक्ति हाथों से प्रसाद की थाली यह कहकर छीन ली थी कि 'यह लंगर मुल्लाओं के लिये नहीं'। इसी व्यक्ति ने अब राम मंदिर में चढ़ावे और चंदे की चोरी के मामले पर बेहद विवादित और अजीबोगरीब बयान दिया है। उस ने इस मामले में आरोपियों का एक तरह से बचाव करते हुए कहा कि मंदिर हमारा है, चंदा हमारा है और अगर हमारे ही लोगों अर्थात हिंदुओं ने पैसा ले भी लिया है, तो विपक्ष या दूसरों को इससे क्या परेशानी है? दूसरों को क्यों मिर्ची लग रही है? इस ने तर्क दिया कि राम मंदिर में चंदा या दान देने वाले लोग भी भगवान राम में अटूट विश्वास रखते हैं और जिन लोगों ने यह पैसा निकाला है, वे भी भगवान राम के ही भक्त हैं। उसने कहा कि भगवान राम के आशीर्वाद से ही दान का कुछ पैसा उन आरोपियों के घरों तक पहुँचा है, इसलिए इस पर किसी को भी सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है, हिंदुओं का पैसा तो हिंदुओं के पास ही रहा? उस ने उल्टे विरोधियों से ही सवाल पूछा कि तुमने राम मंदिर में कितना चंदा दिया है? उसके अनुसार 'जिन्होंने मंदिर में एक रुपया भी दान नहीं दिया, उन्हें इस मुद्दे पर बोलने या सवाल उठाने का कोई हक नहीं है।' चंदा लूट व चोरी को जायज ठहराने वाली और भी कई बातें इस नफरती शख़्स ने कीं।

इसी तरह अयोध्या के ही तपस्वी छावनी के पीठाधीश जगतगुरु परमहंस आचार्य ने इस मामले में आरोपियों की सजा को लेकर एक जातिगत और पक्षपातपूर्ण व विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी टिन्नू यादव को तो फांसी की सजा होनी चाहिए। जबकि मामले में शामिल अन्य कथित उच्च जाति के अन्य आरोपियों अनुकल्प मिश्रा,अविनाश शुक्ला,लवकुश मिश्रा व करुणेश पांडे का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि बाकी सबको छह-छह महीने की सजा देकर छोड़ देना चाहिए। उनके इस जातिगत दुर्भावना पूर्ण बयान की भारी आलोचना हुई कि वे आस्था की इस बड़ी लूट में शामिल विशेष जाति के आरोपियों को केवल छह महीने की मामूली सजा देकर रफा दफा करना चाहते हैं।इसी तरह सोशल मीडिया पर भी भारतीय जनता पार्टी और दक्षिणपंथी विचारधारा से जुड़े कुछ कट्टरपंथियों और समर्थकों द्वारा इस विमर्श को बढ़ावा दिया जा रहा है कि हम(हिन्दू ) आपस में निपट लेंगे । विपक्ष के अनुसार भाजपा के गुर्गे मैदान में उतर आए हैं, जो कह रहे हैं कि यह भाजपा, आरएसएस और राम भक्तों का निजी मामला है, उन्होंने ही चंदा दिया है, उन्होंने ही लिया है और वे आपस में निपट लेंगे। इसमें किसी तीसरे या गैर-हिंदू को बोलने की जरूरत नहीं है। ऐसे लोगों का तर्क है कि चंदा चोरी पर सबसे ज्यादा विपक्ष और गैर-हिंदू नेता छाती पीट रहे हैं। कुछ लोग तो यह कुतर्क भी दे रहे हैं कि यदि एक हिंदू भाई के पैसे का सुख दूसरा हिंदू भाई ले रहा है, तो इसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इस नैरेटिव की चौतरफा आलोचना हो रही है और मंदिर चंदा लूट को 'आपसी मामला' बताने वाले इन बयानों की केवल विपक्ष ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग द्वारा तीखी निंदा की जा रही है। आलोचकों और आम श्रद्धालुओं का कहना है कि भगवान के घर में चोरी 'महापाप' है। चोर का कोई धर्म या जाति नहीं होती। परन्तु राम मंदिर दान लूट के विषय में उपरोक्त दलीलें सुनकर तो यही लगता है गोया इस शर्मनाक घटना में भी कुतर्कों की इंतेहा कर दी गयी है।

## किताबों का अंतिम यात्रा

किताब होना इस दौर में वैसा ही है, जैसे किसी कड़कती धूप में बिना छाते के खड़े रहना। जब मैं पहली बार चमचमाते कवर के साथ लेखक महाशय के घर आई थी, तो लगा था कि साक्षात सरस्वती के मायके आ गई हूँ। लेखक साहब मुझे उंगलियों से ऐसे सहलाते थे, मानो कोई नया-नया आशिक अपनी महबूबा का हाथ थाम रहा हो। पन्ने पलटने के लिए जब उनकी जुबान का थूक मेरी छाती पर लगता, तो घिन नहीं, एक अजीब सा अपनापन महसूस होता था। लगता था कि मेरा जन्म सफल हो गया। शुरूआती हफ़्ते मैंने ड्रॉइंग रूम की उस शीशे वाली अलमारी में गुजारे, जिसे देखकर मोहल्ले के लोग लेखक की विद्वत्ता का अंदाजा लगाते थे। वह अलमारी घर का वीआईपी लाउंज थी। पर अफसोस, यह मुगालता ज्यादा दिन नहीं टिका। जैसे ही बाजार में कोई नई, चकाचौंध वाली किताब आई, मेरा प्रमोशन रुक गया और मुझे उस वीआईपी लाउंज से धक्के मारकर बाहर कर दिया गया। ड्राइंग रूम की अलमारी से सीधे सेंटर टेबल पर आना वैसा ही था, जैसे किसी कॉर्पोरेट कंपनी में मैनेजर से सीधे इंटर्न बना दिया जाना। पर असली कहानी तो अभी शुरू होनी थी।

जब आपकी ज़िंदगी में स्थायित्व खत्म हो जाता है, तो आप सिर्फ.वजूद बचाने की जंग लड़ते हैं। मैं थोड़ी सी मोटी और भारी-भरकम थी और यही मेरा सबसे बड़ा गुनाह बन गया। लेखक की पत्नी और उनके मॉडर्न बच्चों ने मेरी उपयोगिता का एक नया और क्रांतिकारी आयाम खोज निकाला। चाय की केतली से लेकर गरम कॉफी के मग तक, सब मेरी पीठ पर सजने लगे। मेरी पीठ पर बने वो गोल-गोल काले-भूरे निशान मेरी रीढ़ की हड्डी के टूटने के गवाह हैं। कभी-कभी तो हद ही हो जाती थी। जब रात को लेखक के कमरे में मच्छर या झींगुर आतंक मचाते, तो लेखक किसी हथियार की तरह मुझे उठाते और धड़ाम से दीवार पर दे मारते।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 19 जुलाई 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:56 सूर्यास्त 19:10
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - षष्ठी 03:30 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 18:12 उपरांत हस्त
योग - परिघ 19:23 उपरांत शिव
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या में रहेगा।
मुस्लिम मास- सावान मास 04 तारिख

**मेष-** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मिथुन-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

**कर्क-** लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे।

**सिंह-** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या-** परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक-** व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु-** बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**मकर-** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। प्रमाद न करें।रोजगार में वृद्धि होगी।

**कुंभ-** तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मीन-** भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी।

**व्यंग्य**

## कार वाले, हेलमेट कहाँ है...?

महासमुंद ने आखिर वह कर दिखाया, जिसकी कल्पना शायद न्यूटन ने भी नहीं की होगी। अब कार चलाते समय सीट बेल्ट ही नहीं, हेलमेट भी अनिवार्य हो गया है! क्योंकि एआई आधारित ई-चालान की कृपा-दृष्टि अब वाहन नहीं, कल्पनाशक्ति पर चलने लगी है।

बेचारा कार चालक सोच रहा होगा कि कार में एयरबैग हैं, सीट बेल्ट है, चारों ओर लोहे का कवच है, फिर भी पाँच सौ रुपये इसलिए कि सिर पर हेलमेट नहीं था! अब अगली बार शायद आदेश आए कि कार में बैठने से पहले घुटनों पर गार्ड, कोहनी पर पैड और क्रिकेट का एब्डॉमिनल गार्ड भी पहनना अनिवार्य है। सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए, आखिर मशीन की भावनाओं का भी तो सम्मान होना चाहिए!



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

लगता है कैमरे ने दूर से कार को मोटरसाइकिल समझ लिया, या फिर कंप्यूटर ने सोचा–₹वाहन है, सिर भी है, तो हेलमेट कहाँ है?₹ मशीन ने चालान काट दिया और इंसान उसे सही साबित करने में जुट गया। तकनीक का यही कमाल है–गलती भी डिजिटल, वसूली भी डिजिटल!

अब तो एआई की कार्यशैली देखकर लगता है कि वह इंसानों से भी अधिक कल्पनाशील हो गई है। हो सकता है, कल कार के शीशे बंद होने पर चालान आए–₹हॉर्न सुनाई नहीं दिया।₹ बारिश में वाइपर चलाने पर संदेश मिले–₹सड़क पर पानी फैलाने का प्रयास।₹ और यदि कार में कोई मुस्कुरा रहा हो, तो शायद नया नियम बन जाए–₹वाहन चलाते समय अत्यधिक प्रसन्न रहना यातायात में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है।

जनता भी अब पूरी तैयारी के साथ निकले। दस्तावेजों के साथ हेलमेट, सीट बेल्ट, लाइफ जैकेट, फर्स्ट एड बॉक्स, ऑक्सीजन सिलेंडर, पैराशूट और शायद अग्निशामक यंत्र के साथ एक वकील भी कार में बैठा लेना चाहिए। कौन जाने, अगला चालान किस नई रचनात्मकता का नमूना लेकर आ जाए!

संभव है भविष्य में पैदल चलने वालों को नोटिस मिले–₹जेब्रा क्रॉसिंग पर चलने के बावजूद ओवरस्पीडिंग।₹ साइकिल वालों पर आरोप लगे–₹सीट बेल्ट का उपयोग नहीं किया।₹ बैलगाड़ी वालों से पूछा जाए–₹फास्टैग क्यों नहीं लगाया?₹ और ऊँट-गाड़ी वालों को संदेश मिले–₹आपके वाहन का प्रदूषण प्रमाण-पत्र समाप्त हो चुका है।₹

इतना ही नहीं, यदि कोई गाय सड़क पर आराम से बैठी मिल गई, तो शायद उसके मालिक के मोबाइल पर संदेश आए–₹वाहन निर्धारित पार्किंग में खड़ा नहीं किया गया।₹ और यदि कोई कुत्ता सड़क पार कर गया, तो उसके नाम से ई-चालान निकल आए–₹बिना इंडिकेटर दिशा बदलने का अपराध।₹

तकनीक का स्वागत होना चाहिए, क्योंकि वह व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाती है। लेकिन जब तकनीक विवेक की जगह लेने लगे और इंसान मशीन की हर भूल को भी नियम का नाम देकर सही ठहराने लगे, तब समस्या तकनीक की नहीं, उसके उपयोग की हो जाती है। कानून का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा है, न कि उन्हें हास्य का पात्र बनाना।

आखिर जनता भी यही पूछ रही है–यदि मशीन गलती कर सकती है, तो उसकी गलती का दंड नागरिक क्यों भुगते? कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अर्थ यह तो नहीं कि प्राकृतिक बुद्धि को छुट्टी दे दी जाए।

अब तो बस यही कहना बाकी है– सड़क पर निकलने से पहले हेलमेट, सीट बेल्ट, लाइफ जैकेट, पैराशूट, अग्निशामक यंत्र, वकील और एक प्रार्थना–सब साथ रखिए; पता नहीं अगला ई-चालान किस बात का आ जाए। कहीं ऐसा न हो कि घर पहुँचने पर संदेश मिले–'आज आपने सुरक्षित यात्रा की, इसलिए सुरक्षा-शुल्क देय है!'

# वजन कम करने का कर रहे हैं प्लान तो इन फलों का न करें सेवन

वजन बढ़ाना बहुत आसान है, लेकिन कम करने के लिए जी-जान से मेहनत करनी पड़ती है। वजन कम करने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है धैर्य। कई बार हम बड़े जोश के साथ वर्कआउट और डाइटिंग शुरू करते हैं, लेकिन हफ्ते 10 दिन बाद ही वापस अपने पुराने रुटीन पर आ जाते हैं। वजन घटाने के लिए आपको हेल्दी लाइफस्टाइल की जरूरत है, जिसमें आपकी डाइट और एक्सरसाइज दोनों शामिल हैं।

आज हम आपको कुछ ऐसे फलों के बारे में बता रहे हैं जो वजन घटाने के दौरान आपको नहीं खाने चाहिए। ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि ये फल बहुत मीठे होते हैं या हाई कैलोरी से भरपूर होते हैं। जानते हैं ऐसे 5 फल कौन से हैं।

### केला सुपर

हेल्दी फ्रूट है लेकिन आप ज्यादा मात्रा में केला खाएंगे तो इससे वजन घटाने में परेशानी होगी। केले में भरपूर कैलोरी और काफी नेचुरल शुगर होती हैं। एक केले में करीब 150 कैलोरी होती है। ऐसे में अगर आप दिन में 2-3 केले खाते हैं, तो इससे वजन बढ़ने की संभावना हो सकती है ।



### आम

आम वैसे तो सभी को पसंद होते हैं लेकिन अगर आप वजन कम करने का प्लान कर रहे हैं तो आपको आम नहीं खाने चाहिए। अगर खा भी रहे हैं तो सिर्फ 1-2 स्लाइस से ज्यादा नहीं खाएं। आम में काफी कैलोरी होती है जो आपके वेट लॉस प्लान में बाधा डाल सकती है।

### अनानास

अनानासा एक हेल्दी फ्रूट है लेकिन आपको वजन कम करते वक्त इसका सेवन नहीं करना चाहिए। पाइनेप्पल में काफी मीठा होता है। इसमें पाई जाने वाली कैलोरी आपका वजन कम होने में मुश्किल खड़ी कर सकती है।

### एवोकैडो

वजन घटाते वक्त आपको हाई कैलोरी वाले फल नहीं खाने चाहिए। हाई कैलोरी फलों में एवोकैडो भी शामिल है। 100 के इस फल में करीब 160 कैलोरी होती है। एवोकाडो हेल्दी फैट का एक अच्छा सोर्स है। इसलिए आप इसे खाएं लेकिन सीमित मात्रा में ही।

### अगूर-

अंगूर शुगर और फैट से भरे होते हैं। इसलिए वजन कम करते समय आपको अंगूर कम मात्रा में खाने चाहिए। अगर आप 100 ग्राम अंगूर खाते हैं तो इसमें 67 कैलोरी और 16 ग्राम शुगर होता है। इसे खाने से आपका वजन कम करने का प्लान चौपट हो सकता है।

**धर्म-आस्था**

# जगन्नाथजी के रहस्य: आस्था, परंपरा और भारतीय संस्कृति का चमत्कार

भारत की आध्यात्मिक परंपरा में यदि किसी तीर्थ को आस्था, रहस्य और लोकजीवन का अद्भुत संगम कहा जाए तो वह श्रीजगन्नाथ धाम है। ओडिशा के पुरी में स्थित भगवान जगन्नाथ का मंदिर केवल पूजा का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, समरसता और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। प्रतिवर्ष निकलने वाली रथयात्रा में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि मानवता, समानता और भक्ति का विराट महाकुंभ है। जगन्नाथ जी का भात, जात पूछे ना पात₹–यह कहावत बताती है कि यहाँ प्रसाद और प्रभु के सामने सभी समान हैं।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

रथयात्रा का पहला रहस्य उसके निर्माण से जुड़ा है। बसंत पंचमी के दिन से वनवासी समाज विशेष वृक्षों की लकड़ी लाने का कार्य आरंभ करता है। पीढ़ियों से यह दायित्व उन्हीं परिवारों के पास है। आश्चर्य यह कि प्रत्येक वर्ष तीनों रथ नए बनाए जाते हैं और निर्माण में लोहे की एक भी कील का उपयोग नहीं होता। केवल लकड़ी की जोड़ाई और पारंपरिक शिल्पकला से विशाल रथ तैयार होते हैं। दूसरा रहस्य यह है कि रथ निर्माण का कार्य केवल निश्चित परिवारों के कारीगर ही करते हैं। यह ज्ञान किसी विद्यालय में नहीं, बल्कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी परंपरा के रूप में हस्तांतरित होता आया है। आज भी आधुनिक यंत्रों के युग में यह परंपरा अक्षुण्ण है। तीसरा रहस्य मंदिर के ध्वज से जुड़ा है। प्रतिदिन ध्वज बदला जाता है और सेवक बिना किसी आधुनिक सुरक्षा साधन के मंदिर के शिखर पर चढ़कर यह कार्य करते हैं। मान्यता है कि यदि किसी दिन ध्वज न बदला जाए तो मंदिर की पूजा व्यवस्था बाधित मानी जाती है। चौथा रहस्य मंदिर के महाप्रसाद का है। यहाँ सैकड़ों मिट्टी के पात्र एक-दूसरे के ऊपर रखकर भोजन पकाया जाता है। आश्चर्य यह कि सबसे ऊपर रखा पात्र पहले पक जाता है और नीचे वाले बाद में। विज्ञान आज भी इस प्रक्रिया का स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाया है।

पाँचवाँ रहस्य महाप्रसाद की मात्रा का है। प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु भोजन ग्रहण करते हैं, फिर भी न तो भोजन कम पड़ता है और न ही व्यर्थ बचता है। आवश्यकता के अनुरूप प्रसाद का उपलब्ध होना श्रद्धालुओं के लिए आश्चर्य और आस्था दोनों का विषय है। छठा रहस्य भगवान की प्रतिमा से जुड़ा है। निश्चित अवधि के बाद नवकलेवर की परंपरा के अंतर्गत नई काष्ठ प्रतिमाएँ बनाई जाती हैं। विशेष नीम वृक्ष की खोज भी निर्धारित धार्मिक संकेतों के आधार पर होती है। पुरानी प्रतिमाओं के भीतर स्थित दिव्य तत्व को अत्यंत गोपनीय विधि से नई प्रतिमाओं में स्थापित किया जाता है। सातवाँ रहस्य यह है कि मंदिर के शिखर पर स्थित सुदर्शन चक्र को किसी भी दिशा से देखने पर ऐसा प्रतीत होता है मानो वह आपकी ओर ही मुख किए हुए है। यह अद्भुत स्थापत्य कला का अनुपम उदाहरण है।

आठवाँ रहस्य मंदिर की ध्वनि व्यवस्था है। मंदिर के भीतर प्रवेश करते ही समुद्र की गर्जना लगभग सुनाई नहीं देती, जबकि बाहर निकलते ही वही ध्वनि स्पष्ट सुनाई देने लगती है। सदियों से यह रहस्य लोगों को आकर्षित करता रहा है।

नौवाँ रहस्य रथयात्रा का सामाजिक संदेश है। भगवान स्वयं मंदिर से बाहर निकलकर जनसामान्य के बीच आते हैं। यहाँ राजा और सामान्य व्यक्ति सभी एक ही रस्सी पकड़कर रथ खींचते हैं। यह समानता, सेवा और सामाजिक समरसता का अद्वितीय उदाहरण है।

दसवाँ रहस्य भारतीय संस्कृति का मूल संदेश है। यहाँ प्रसाद ग्रहण करते समय किसी की जाति, पंथ, भाषा या क्षेत्र नहीं पूछा जाता। जगन्नाथ जी का भात, जात पूछे ना पात₹ केवल कहावत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के समावेशी दर्शन का जीवंत उद्घोष है।

रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि वनवासी समाज, शिल्पकारों, पुजारियों, सेवायतों और लाखों श्रद्धालुओं के सामूहिक सहयोग का अद्भुत उदाहरण है। लकड़ी काटने से लेकर रथ निर्माण, भगवान के नगर भ्रमण और अंततः रथ विसर्जन तक प्रत्येक चरण में अनुशासन, परंपरा और श्रद्धा का अद्वितीय समन्वय दिखाई देता है। आज जब समाज अनेक विभाजनों से जूझ रहा है, तब भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा हमें यह संदेश देती है कि ईश्वर के द्वार पर सभी समान हैं। आस्था तभी सार्थक है जब उसमें समरसता, सेवा, सहयोग और मानवता का भाव हो।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,41,400 रवा- 1,41,200 चांदी- टंच- 2,22,000 पाट- 2,21,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## इंदौर जा रही कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त, पुलिस ने किया त्वरित रेस्क्यू

**शाजापुर।** अनियंत्रित होकर एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर खंती में जा पलटी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ग्वालियर से इंदौर की ओर जा रही एक कार अचानक संतुलन बिगड़ने से टुकराना बायपास पर दुर्घटना का शिकार हो गई। गनीमत यह रही कि समय रहते पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सुरक्षित निकाल लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी में कुल 4 लोग सवार थे, जिनमें 1 महिला और 3 युवक शामिल थे। बताया जा रहा है कि सफर के दौरान अचानक गाड़ी अनियंत्रित हो गई, जिसकी वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस रिस्पॉन्स टीम तत्काल मौके पर पहुंची। ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल पवन शर्मा और पायलट पंकज ने तत्परता दिखाते हुए फौरन राहत और बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी में फंसे सभी चारों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार किया गया।




**गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने, फायर स्टेशन निर्माण का विरोध**

## बस स्टैंड के पास शिफ्ट करने की मांग, आगर में हिंदू संगठन ने सौंपे दो ज्ञापन

**आगर मालवा।** आगर-मालवा में सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एसडीएम मिलिंद ढोके को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। इन ज्ञापनों में शहर की गोचर भूमि से अवैध कब्जा हटाने और नाव घाट स्थित श्मशान भूमि पर बनने वाले फायर स्टेशन को किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की गई है। पहले ज्ञापन में बताया गया कि गुफा बर्डी, गोगोदेव महाराज मंदिर और बस स्टैंड के पास अलग-अलग सर्वे और खसरा नंबरों की गोचर भूमि पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। हिंदू समाज का कहना है कि यह सरकारी जमीन भविष्य में गायों के चरने और जनता के काम आ सकती है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पहले भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई थी, लेकिन कोर्ट से स्टे मिलने के बाद बने पक्के निर्माण आज तक नहीं हटाए गए हैं। संगठन ने प्रशासन से इन अवैध कब्जों को हटाकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। दूसरे ज्ञापन में नाव घाट श्मशान भूमि पर प्रस्तावित फायर स्टेशन के निर्माण का विरोध किया गया। संगठन का कहना है कि यह जमीन बरसों से श्मशान के रूप में इस्तेमाल हो रही है, जहां नवजात शिशुओं, लावारिस लाशों और मवेशियों का अंतिम संस्कार और दफन किया जाता है। आरोप है कि समाज को भरोसे में लिए बिना ही यह जमीन बांट दी गई और निर्माण भी शुरू कर दिया गया, जिससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं।

## मरीजों के मसीहा डॉ. कैलाश गोयल का निधन, नम आंखों से दी विदाई

**आगर मालवा।** आगर मालवोआगर मालवा के वरिष्ठ चिकित्सक और मरीजों के बीच सेवा भाव के लिए पहचाने जाने वाले डा. कैलाश गोयल का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शहर और ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ऐसे दौर में जब शहर में गिने-चुने डाक्टर हुआ करते थे, तब से उन्होंने मरीजों की सेवा को प्राथमिकता दी और नाममात्र की फीस लेकर इलाज किया। बच्चों के इलाज में उनकी विशेष पहचान थी और दूर-दूर से लोग अपने बच्चों को उनके पास लेकर आते थे।

## जिले में दो अलग अलग स्थानों पर चोरी, लाखों रुपए के आभूषण और मवेशी चोरी

**शाजापुर।** जिले में बदमाशों ने दो अलग अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर लाखों रुपए के आभूषण और मवेशियों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार चोरी की पहली घटना मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के ग्राम मंडोदा में हुई। बताया जा रहा है कि किसान सत्यनारायण माली ने 15 जुलाई की शाम को अपने मवेशियों को घर में बांधा था। रात करीब 4 बजे जब वे जागे, तो देखा कि घर के सामने की दीवार टूटी हुई थी और फाटक खुला था। चोर उनके तीन भैंसें और दो पाड़ा-पाड़ी चुरा ले गए थे, जिनकी कीमत करीब 90 हजार रुपए है। दो बछड़े पास में ही छूटे मिल गए। वहीं दूसरी वारदात बेरछा थाना क्षेत्र में बल्डी पेट्रोल पंप के पास हुई। यहां रहने वाले बुजुर्ग राधेश्याम सोलंकी 66 के सूने घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोर उनके घर से सोने का हार, अंगूठी, मंगलसूत्र, चांदी की पायजेब, बिछिया, बच्चों के चांदी के गहने, चांदी के गिलास, कटोरी, चम्मच और नकदी समेट ले गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## पोरवाल समाज दान दी गई भूमि पर करेगा पौधारोपण

**महिदपुर रोड।** एक पेड़ समाज के नाम अभियान के अंतर्गत नगर का अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन ग्राम कल्लू खेड़ी मार्ग पर स्थित पोरवाल समाज की कृषि भूमि पर एक पेड़ समाज के नाम के तहत पौधारोपण का आयोजन 19 जुलाई रविवार को करेगा। आयोजन में समाज के सभी समाज जन पोरवाल महिला मंडल, बहू मंडल, सहित युवा साथी, पौधा लाकर पौधारोपण करेंगे। जानकारी देते हुए समाज के युवा समाजसेवी अनिल भैसोटा मिनावदा ने बताया वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम स्व रतनलाल धानगढ़ द्वारा पोरवाल समाज को दान स्वरूप दी गई दी गई कृषि भूमि कल्लूखेड़ी मार्ग महिदपुर रोड पर किया जायेगा।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विजेन्द्र सिंह राजपूत पिता श्री शम्भूसिंह राजपूत निवासी वीटीसी इमलिया, लश्करपुर, विदिशा (म.प्र.) हाल मुकाम - 113, नजरअली मार्ग, बागडिया टावर के सामने, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 23 (पुराना नंबर 6/713), ब्लॉक नंबर 27, विश्वविघालय मार्ग, पथ कमांक 5, प्रकाश नगर, उज्जैन (म.प्र.) में है जो तीन मंजिला (G+2) गार्डर फर्शी की छत का निर्मित होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 92-42 वर्गमीटर अर्थात 995-00 वर्गफीट है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि, उक्त संपत्ति में कोई अपना स्वत्व या हिस्सा रखता हो या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 18/07/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**


### पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा, पाउच मंगाने की बात पर हुई थी कहासुनी

# नांदनी गांव में लापता 10 वर्षीय मासूम का खंडहर में मिला शव, हत्या की आशंका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

थाना कालापीपल क्षेत्र के ग्राम नांदनी में 10 वर्षीय बालक की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए गंभीर आपराधिक कृत्य में संलिप्त एक नाबालिग बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों बालकों के बीच हुए विवाद के बाद चाकू से हमला कर हत्या किए जाने की बात सामने आई है।

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को नांदनी निवासी 10 वर्षीय बालक प्रियांशु मेवाड़ा पिता सुरेश मेवाड़ा के अपहरण की सूचना मिलने पर थाना कालापीपल में प्रकरण दर्ज कर तत्काल तलाश शुरू की गई। थाना प्रभारी रवि भंडारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में ग्रामीणों के





सहयोग से पूरी रात सघन खोजबीन की। शुक्रवार सुबह गांव के समीप स्थित एमपीईबी के एक खंडहर में बालक का शव बरामद हुआ। सूचना पर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय तथा एसडीओपी निमेश देशमुख मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉग स्क्वॉड, एफ एसएल एवं फि ंगरप्रिंट टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान पुलिस ने उन बालकों से पूछताछ की, जो घटना से पहले मृतक के साथ खेल रहे थे। पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर एक नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लिया गया।

**प्रारंभिक पूछताछ में यह आया सामने**

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि उसने मृतक से गुटका पाउच लाने के लिए कहा था। पाउच लाने के बाद मृतक ने भविष्य में ऐसी वस्तुएं नहीं मंगवाने की बात कही, जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान मृतक बालक एमपीईबी के खंडहर की ओर भागा, जहां पीछा कर आरोपी बालक ने कथित रूप से चाकू से गले पर वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना में प्रयुक्त हथियार सहित अन्य साक्ष्यों के संबंध में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की विवेचना जारी है तथा किशोर न्याय अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जिला अस्पताल में डॉक्टर, स्टाफ और गार्ड से मारपीट

# पुलिस से भी मरीज के परिजनों ने की झूमा झटकी पर्ची कटवाने को लेकर हुआ झगड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिला अस्पताल की इमरजेंसी में शुक्रवार देर रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक मरीज को लेकर पहुंचे परिजनों का ओपीडी पर्ची बनवाने को लेकर डॉक्टरों से विवाद हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि परिजनों ने डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस के साथ भी झूमाझटकी की गई। करीब 15 से 20 मिनट तक इमरजेंसी वार्ड में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने मामला शांत कराया और शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, घटना शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे की है। कुछ लोग एक मरीज को लेकर जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे थे। ड्यूटी पर मौजूद डॉ. क्षितिज वर्मा और मेडिकल स्टाफ ने बिना देर किए मरीज का उपचार शुरू कर दिया। इलाज के दौरान जब साथ आए लोगों से ओपीडी की पर्ची बनवाने के लिए कहा गया, तो वे इस बात पर नाराज हो गए।

पर्ची बनवाने की बात पर विवाद बढ़ गया और मरीज के परिजनों ने डॉक्टरों तथा अस्पताल स्टाफ के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने पहले सुरक्षा गार्ड से मारपीट की, फिर डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों से भी हाथापाई की। इमरजेंसी वार्ड में अचानक हंगामा मचने से मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई।



**पुलिस पहुंची तो उससे भी हुई झूमाझटकी**

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया और झूमाझटकी की। बताया जा रहा है कि डायल-112 की टीम के मौके पर पहुंचने पर भी कुछ लोग डंडे लेकर उनकी ओर दौड़ पड़े। करीब 15 से 20 मिनट तक अस्पताल की इमरजेंसी में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में थाना प्रभारी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद संबंधित लोगों को कोतवाली थाने ले जाया गया।

**सीएमएचओ ने किया निरीक्षण**

घटना के अगले दिन शनिवार सुबह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सी एम एच ओ) डॉ. सरोजनी जेम्स जिला अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया और डॉक्टरों व स्टाफ से पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रात के समय सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाने के लिए सिविल सर्जन से चर्चा की जाएगी। साथ ही डॉक्टरों और अस्पताल कर्मचारियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे, क्योंकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना विभाग की जिम्मेदारी है।

## 20 भाजपा सदस्यों ने कांग्रेस की सदस्यता ली

**अकोदिया।** कालापीपल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बटवाड़ी में भाजपा के 20 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ले ली। पूर्व विधायक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव कुणाल चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। आगामी चुनावों से पहले इस घटनाक्रम को क्षेत्र में कांग्रेस की मजबूती और भाजपा के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने भाजपा सरकार की नीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से आम जनता, किसान और युवा परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही है और महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

घटनाक्रम पर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। उन्होंने कहा कि अगर वे लोग वाकई भाजपा के कार्यकर्ता थे, तो उन्हें पार्टी छोड़ने से पहले संगठन को इसकी जानकारी देनी चाहिए थी। वे इस मामले की पूरी जानकारी लेंगे।

**यह कार्यकर्ता हुए शामिल**

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा जारी सूची के अनुसार कांग्रेस में शामिल होने वालों में अमर सिंह आंजना, अर्जुन आंजना, कोमल आंजना, महेश आंजना, रवि आंजना, रूपेश आंजना, महेंद्र आंजना, गोविंद मिड़िया आंजना, चम्पा आंजना, कमल आंजना, रजनेश आंजना, शंभूदयाल आंजना, बंटी आंजना, वासुदेव आंजना, रूपेश आंजना, गिरीश आंजना, कल्याण आंजना, धीरज आंजना, धाकू आंजना और राजा आंजना शामिल हैं।

## अजा आयोग सदस्य मालवीय ने मां बंगलामुखी के कि ए दर्शन

**आगर-मालवा।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय ने शुक्रवार को आगर-मालवा जिले के प्रवास के दौरान नलखेड़ा स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां पीतांबरा बगलामुखी देवी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। दर्शन के बाद वे मंदिर परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने नलखेड़ा में अनुसूचित जाति वर्ग द्वारा संचालित छात्रावास का भी निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# कुत्तों के हमले में मादा हिरण गंभीर रूप से घायल

### गौरक्षा सेना और ग्रामीणों की तत्परता से बची जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

झुंड से बिछड़ी मादा हिरण को आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे की है। कांजा और बरवाल के बल्डे. के पास स्थित आश्रम की जगह के समीप तार फेंसिंग के बीच बनी एक खंती (गड्ढे) में यह घटना घटी।

सुबह के समय शौच के लिए गए स्थानीय निवासी विष्णु नायक और जितेंद्र नायक ने अचानक किसी जानवर के दर्द से चिल्लाने की आवाज सुनी। आवाज की दिशा में जब वे दौड़कर मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि एक मादा हिरण को आवारा कुत्तों ने घेर रखा है और उस पर हमला कर रहे हैं। दोनों युवकों ने बिना समय गंवाए पत्थर मारकर कुत्तों को वहां से खदेड़ा। झुंड से बिछड़ने के कारण यह हिरण कुत्तों का आसान शिकार बन गई थी और हमले में गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। कुत्तों को भगाने के बाद विष्णु और जितेंद्र ने तुरंत इसकी सूचना गौरक्षा सेना बरवाल टीम को दी। सूचना मिलते ही टीम के सदस्य अर्जुन राजपूत, राजपाल राजपूत और कुलदीप राजपूत तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए। युवाओं ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तार फेंसिंग के पास बनी खंती से खून से लथपथ और डरी हुई मादा हिरण को सुरक्षित बाहर निकाला। बिना कोई देरी किए, वे घायल हिरण को तुरंत स्थानीय पशु चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां पशु चिकित्सक द्वारा उसका उचित उपचार किया गया। हिरण के प्राथमिक उपचार के बाद गौरक्षा सेना की टीम ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारी को दी।



## ओएमएस बाक्स में लगे उपकरणों की चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**तराना।** क्षेत्र में नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशी परियोजना का कार्य किया जा रहा है। जिस पर असामाजिक तत्वो द्वारा कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की सूचना प्राप्त हुई थी।सूचना पर कार्यवाही करते हुए कंपनी के अधिकारीगण से समन्वय स्थापित कर 17 जुलाई को ग्राम नाटाखेडी बगोदा मे परियोजना क्षेत्र में एक अज्ञात संदेही व्यक्ति को घुमते हुए देखे जाने की सुचना प्राप्त हुई । टीआई रामनारायणसिह भदौरि?ा ने बताया की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए । पुलिस बल द्वारा परियोजन के अधिकारी कर्मचारी के साथ मिलकर घेरा बंदी कर अज्ञात संदेही व्यक्ति को पकडा गया जिसके पास से परियोजन में उपयोग होने वाले ओएमएस बाक्स मे लगे 28 नग पीएफसी एमडी वाल मिले जो संदेही व्यक्ति द्वारा चोरी किये गये थे । संदेबी व्यक्ति का नाम पता पुछते उसने अपना नाम दरबारसिहं पिता चरणसिहं गुर्जर नि. भैसाखेडी थाना टोक खुर्द जिला देवास का होना बताया । आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध.क्रमांक 457/2026 धारा 303(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । आरोपी से चोरी गया मश्रुका जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी से अन्य चोरी की घटनाओ के संबंध में पुछताछ की जा रही है ।

## जैन संतों के प्रवेश के साथ पूरे चार महिने बहेगी धर्म की ज्ञान गंगा

**महिदपुर रोड।** जैन समाज का चातुर्मास 23 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है नगर में पूरे चौमासे के दौरान जैन संतों साध्वियों के सानिध्य में धर्म की ज्ञान गंगा बहेगी सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष अजय जैन ने जानकारी देते हुए बताया पूरे चातुर्मास के दौरान समस्त धार्मिक गतिविधियां व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके इसके लिये युवाओं की एक टीम समाज के वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में बनाई गई है। जो पूरे चातुर्मास के दौरान समस्त धार्मिक आयोजन क्रियाकलापों को मूर्त रूप देगी।


### कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)

## द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा सूचना क्र./88/ज.प्र. स्टोर/2026** — **देवास, दिनांकः- 14.07.2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | ई-टेण्डर आमंत्रण क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 521329_1 14/07/2026 | स्टेबल ब्लिचिंग, पावडर ग्रेड 1st आय.एस.आय. मार्क कोड नं. 1055/1989 ग्रेसिम मेक विक्रम ब्राण्ड स्पेसिफिकेशन अनुसार क्रय। | 01 वर्ष 20.00 लाख | 2000/- 60,000/- | 04.08.2026 06.00 PM |
| 1 | 2026_UAD_ 521329_2 14/07/2026 | पी.ए.सी.-10 High Basicity in Liquid from as per IS CODE 15573/2005 ब्राण्ड स्पेसिफिकेशन अनुसार क्रय। | 01 वर्ष 10.00 लाख | 2000/- 30,000/- | 04.08.2026 06.00 PM |

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)**




**बेकरी संचालक के खाते से 25000 निकाले गए**

## व्हाट्सएप पर आई लिंक पर क्लिक करते ही सामने आए छह ट्रांजेक्शन

**शाजापुर।** शाजापुर शहर के लालपुरा क्षेत्र में रहने वाले एक बेकरी संचालक साइबर ठगी का शिकार हो गए। 10 जुलाई को व्हाट्सएप पर आई संदिग्ध फाइल पर क्लिक करने के बाद उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद साइबर ठगों ने उनके एसबीआई बचत खाते से 25,400 निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, लालपुरा निवासी मोहम्मद आफताब शाह (39) पुत्र अब्दुल रशीद शाह ने बताया कि 10 जुलाई की रात करीब 9 बजे उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से अढक फाइल आई थी। उन्होंने अनजाने में उस पर क्लिक कर दिया। इसके बाद उनका मोबाइल कथित रूप से हैक हो गया। घबराहट में उन्होंने संबंधित नंबर और फाइल डिलीट कर दी। 14 जुलाई को दोपहर 12:53 बजे उनके मोबाइल पर एसबीआई बैंक से 5,000 डेबिट होने का मैसेज मिला। बैंक पहुंचकर स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि उनके बचत खाते से 5-5 हजार रुपए के पांच ट्रांजेक्शन और 400 का एक अन्य ट्रांजेक्शन कर कुल 25,400 निकाल लिए गए। ट्रांजेक्शन के बाद खाते में केवल 82 शेष बचे थे। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने किसी को भी राशि ट्रांसफर नहीं की थी। घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने सबसे पहले राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद कोतवाली थाने पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सर्पदंश से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत

**शाजापुर।** सर्पदंश से बुजुर्ग की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजगढ़ जिले के झाड़ पिपलिया गांव के रहने वाले लक्ष्मीनारायण 62 वर्ष शुक्रवार सुबह अपने घर में बैठे हुए थे, तभी उन्हे जहरीले सांप ने पैर में डस लिया। घटना के बाद लक्ष्मीनारायण को इलाज के लिए परिजन शाजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, अस्पताल पहुंचने में काफी देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने जांच के बाद बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई प्रेम सिंह ने बताया कि वे डॉक्टरों को दिखाने के लिए सांप को भी झोले में साथ लाए थे। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। मामले में मर्ग कायम किया गया है।

## संदिग्ध हालत में शव मिलने से हड़कंप

**शाजापुर।** शहर के लक्ष्मी नगर इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव बरामद हुआ। शुक्रवार सुबह हुई इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय नितिन मालवीय के रूप में हुई है, जिनके पिता का नाम बंसीलाल मालवीय है। नितिन फिलहाल शाजापुर के टंकी चौराहा क्षेत्र के निवासी थे। मिली जानकारी के अनुसार, नितिन का परिवार मूल रूप से आगर का रहने वाला है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है।

## 12 गांवों के ग्रामीणों कलेक्टर और विधायक कार्यालय का करेंगे घेराव

**शाजापुर।** शहर की कृषि उपज मंडी के पीछे से गुजरने वाली सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में है। ऐसे में ग्रामीणों ने अब विधायक और कलेक्टर कार्यालय के घेराव करने की योजना बनाई है। शुक्रवार को 12 गांवों के ग्रामीणों ने ग्राम पिंदोनिया में बैठक कर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय और विधायक कार्यालय का घेराव करने की रणनीति बनाई। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाली को लेकर प्रशासन से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नही हुई है, इसलिए अब आंदोलन किया जाएगा।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी अजय विश्वकर्मा 2279/1, स्टेशन पिता श्री जगदीश विश्वकर्मा, जाति सुतार, पता व कृषक रोड से बेडवान रोड, उन्हेल जिला उज्जैन म.प्र. के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य का रकबा 0.6000 हेक्टेयर जो कि कृषि भूमि सर्वे नंबर 185/1/1 का भाग होकर ग्राम पानखेड़ी, तहसील उन्हेल, जिला उज्जैन म०प्र० में स्थित हैं। तथा भूमि स्वामी - ईश्वरलाल पिता सीताराम, जाति चमार, पता व कृषक - लेकोड़ा आंजना, उन्हेल जिला उज्जैन म.प्र. के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य का कृषि भूमि सर्वे नंबर 186/2 रकबा 0.6400 हेक्टेयर जो कि ग्राम पानखेड़ी, तहसील उन्हेल, जिला उज्जैन म०प्र० में स्थित हैं। उक्त दोनों भूमियों को मेरे पक्षकार ने संबंधित भूमि स्वामी से क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही उक्त कृषि भूमि के दस्तावेज विक्रय-पत्र का पंजीयकरण होना हैं। उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधि ाकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त वर्णित कृषि भूमि कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हुई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय/कार्यालय में उक्त वर्णित कृषि भूमि से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 सात दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त वर्णित कृषि भूमि की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा ली जावेगी। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त कृषि भूमि को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो।

इति दिनांक 18/07/2026, स्थानः उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस, 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मोबाईल नं. 87707-18997**

## बाथरूम में मृत मिला अधेड़ हार्ट अटैक की आशंका

**इंदौर।** इंदौर के चोरल रेंज के ग्राम रसकुंडिया के जंगल में शनिवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब शासकीय कार्य करने पहुंची वन विभाग की टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। अतिक्रमण संभावित क्षेत्र में जल संरचना और कंटूर निर्माण का काम रोकने पहुंचे आरोपियों ने न सिर्फ वन विभाग के अमले पर पथराव किया, बल्कि तलवार और फालिये से भी हमला कर दिया। इस झड़प में एक वनरक्षक के हाथ की कलाई पर तलवार का हत्था लगने से वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मध्यभारत अस्पताल भेजा गया। आरोपियों ने जेसीबी और वन विभाग की एम्बुलेंस पर भी पथराव किया, जिससे वाहनों को नुकसान पहुंचा। घटना के बाद सिमरोल थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सिमरोल पुलिस के मुताबिक, वनपाल दर्शन सिंह परमार की शिकायत पर पवन पिता प्रेमसिंह भील, अनोखीलाल पिता प्रेमसिंह भील और प्रेमसिंह पिता पूनमचंद भील के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वनपाल ने बताया कि वे जंगल में शासकीय कार्य कराने पहुंचे थे।

## सोनम वांगचुक का अस्पताल में दवा लेने से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर 21 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को शनिवार सुबह पुलिस उठाकर सफदरजंग अस्पताल ले गई। अस्पताल प्रशासन ने बुलेटिन जारी करके बताया कि वांगचुक को डिहाइड्रेशन हुआ है, लेकिन उन्होंने दवा लेने से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट में बताया गया कि वांगचुक के शरीर पोटैशियम का लेवल घट गया है। यूरिन कीटोन बढ़कर 3+ हो गया। हालांकि, वांगचुक के डॉक्टर नितिन दीघे ने कहा- अस्पताल में गृह मंत्रालय का अधिकारी मौजूद होने के कारण हमारी टीम को वांगचुक से मिलने नहीं दिया गया। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंग्मो का भी दावा है कि सोनम का पोटैशियम लेवल कम है। इसकी दवा जंतर-मंतर पर भी दी जा सकती थी, अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं थी। वांगचुक पेपर लीक मामले की जांच और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अनशन कर रहे हैं। उनकी सेहत लगातार गिरती जा रही थी। वजन भी 9.5 किलो तक कम हो चुका है।

## अमेरिका-ईरान युद्ध में अब पानी भी निशाने पर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच अब समुद्र के खारे पानी को साफ करने वाले प्लांट्स को निशाना बनाया जा रहा है। ईरान ने शनिवार को दावा किया कि अमेरिका ने होर्मोजगान प्रांत में हवाई हमला कर बोंजी डिसैलिनेशन (वाटर) प्लांट को तबाह कर दिया। इस हमले के बाद 20 गांवों के करीब 10 हजार लोगों की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। वहीं कुवैत ने कहा कि ईरान ने लगातार दूसरे दिन उसके पानी के प्लांट को निशान बनाया है। कुवैत में पीने का लगभग 90 प्रतिशत खारे पानी को मीठी बनाने की प्रक्रिया (डिसैलिनेशन) से मिलता है। कुवैत की तरफ से कहा गया है कि इसमें किसी भी तरह की रुकावट रेगिस्तान वाले छोटे से देश में जीवन के लिए खतरा पैदा कर सकती है।

## मिड-डे मील की खिचड़ी में मिली इल्लियां

**मैहर।** मैहर जिले के कल्याणपुर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मिड-डे मील) योजना में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां स्कूल में गैस कनेक्शन होने के बावजूद 300 से ज्यादा बच्चों का खाना लकड़ी के चूल्हे पर पकाया जा रहा था। इस बीच बच्चों को परोसी गई खिचड़ी में इल्लियां (कीड़े) मिलने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट हो गया, जिसके बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया।स्थानीय लोगों के मुताबिक सरकार ने धुएं से मुक्त और सुरक्षित रसोई के लिए स्कूल को गैस सिलेंडर और कनेक्शन दिया था, लेकिन इसके बाद भी खाना पुराने ढर्रे पर लकड़ी जलाकर ही बनाया जा रहा था।स्कूल पर मिड-डे मील के तय मेन्यू का पालन न करने के भी आरोप हैं। तय व्यवस्था के अनुसार बुधवार को बच्चों को चावल, चने की दाल और मिक्स सब्जी दी जानी थी, लेकिन उसकी जगह सिर्फ खिचड़ी परोस दी गई। इसी खिचड़ी में बच्चों को इल्लियां तैरती हुई मिलीं, जिसका वीडियो शनिवार को सामने आने के बाद यह मामला सुर्खियों में आ गया।

## जगदीशपुर में कल कैबिनेट मीटिंग, रूट प्लान पर चर्चा की

**भोपाल।** भोपाल के जगदीशपुर (इस्लाम नगर) में रविवार को कैबिनेट की मीटिंग होगी। इसे लेकर शनिवार को दिनभर तैयारियां होती रही। भोपाल कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्रियों के आने वाले रूट पर चर्चा की।मुख्यमंत्री और सभी मंत्री सड़क से होते हुए ही जगदीशपुर पहुंचेंगे। इसलिए पुलिस के जरिए रूट पर आने वाली बाधाओं को दूर किया गया। कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, डीआईजी राजेश सिंह चंदेल, एसपी (देहात) पंकज पांडे भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर शर्मा ने कहा कि बैठक के महत्व को देखते हुए सभी तैयारियां पूरी तरह चाक-चौबंद और त्रुटिहीन होनी चाहिए। उन्होंने वहां बैठक व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, सौंदर्यीकरण तथा ई-कैबिनेट के लिए आवश्यक आधुनिक तकनीकी प्रबंधों को देखा। जगदीशपुर में डॉ. मोहन सरकार की आठवीं डेस्टिनेशन कैबिनेट मीटिंग हो रही है। इससे पहले जबलपुर के शक्ति भवन, दमोह के सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के सम्मान में मंत्रि परिषद की बैठक आयोजित की गई थी। लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती वर्ष पर इंदौर के राजवाड़ा में, पचमढ़ी के राजभवन में मंत्रि परिषद की बैठक हो चुकी है।

# बसों की किल्लत से जूझ रहे 2800 छात्र, सांदीपनि विद्यालय में एबीवीपी ने की तालाबंदी

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

सरदार वल्लभभाई पटेल सांदीपनि विद्यालय में शनिवार का दिन भारी हंगामे के बीच गुजरा। स्कूल में आवागमन के लिए बसों की भारी किल्लत से परेशान विद्यार्थियों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व में आक्रोशित छात्रों ने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जड़कर जोरदार प्रदर्शन किया। स्थिति को तनावपूर्ण होता देख आनन-फानन में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का दल मौके पर पहुंचा और लंबी समझाइश के बाद मामला शांत कराया जा सका। जानकारी के अनुसार, सांदीपनि विद्यालय में इस समय लगभग 2,800 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन उनके आवागमन के लिए स्कूल के पास मात्र 15 बसें ही संचालित हैं। बसों की इस भारी




कमी के कारण विद्यार्थियों को रोजाना स्कूल आने-जाने में भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। इसी अव्यवस्था से नाराज होकर छात्रों ने हंगामा किया।

**एबीवीपी की चेतावनी- मांग पूरी नहीं हुई तो होगा चक्काजाम**

तालाबंदी की सूचना मिलते ही जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम मनीषा वास्कले, तहसीलदार गौरव पोरवाल, एसडीओपी अजय मिश्रा और लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन के बीच एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों ने अधिकारियों से सीधी चर्चा की। परिषद के सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) दीपा किर को ज्ञापन सौंपा और प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर अतिरिक्त बसों की व्यवस्था नहीं की गई, तो परिषद उग्र आंदोलन करेगी और सड़कों पर चक्काजाम किया जाएगा। किसी भी अप्रिय स्थिति की जिम्मेदारी सीधे तौर पर स्कूल प्रशासन और डीईओ की होगी।

वित्त विभाग की स्वीकृति का है इंतजार

छात्रों के प्रदर्शन और बसों की कमी के मुद्दे पर जिला शिक्षा अधिकारी दीपा किर ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नए प्रवेश अधिक होने के कारण स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है, जिससे अतिरिक्त बसों की जरूरत उत्पन्न हुई है। डीईओ ने स्पष्ट किया कि नई बसों की व्यवस्था के लिए कमिश्नर को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया, पहले भी प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन प्रदेश के अन्य जिलों से मांग न आने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी थी। हाल ही में डीपीआई (लोक शिक्षण संचालनालय) स्तर पर इस संबंध में चर्चा हुई है। अब सभी जिलों के प्रस्ताव एक साथ भेजे जाएंगे और वित्त विभाग से स्वीकृति मिलते ही अतिरिक्त बसों की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाएगी। आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

# दिव्यांगों को मिली नई उड़ान, 45 हितग्राही को बंटे 164 सहायक उपकरण, मंत्री परमार ने की घोषणा

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

शारीरिक चुनौतियों का सामना कर रहे दिव्यांगजनों के लिए अब ट्राईसाइकिल या बैसाखी ही उनके जीवन का एकमात्र सहारा नहीं होगी, बल्कि वे खुद के दम पर अपना व्यवसाय चलाकर आत्मनिर्भर भी बनेंगे। शनिवार को शुजालपुर में दिव्यांगों की यह उम्मीद तब हकीकत में बदलती नजर आई, जब प्रदेश के उच्च शिक्षा व आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने उन्हें सहायक उपकरणों की सौगात देने के साथ-साथ स्वरोजगार से जोड़ने का एक बड़ा ऐलान किया। मौका था शनिवार को स्थानीय जे.एन.एस. महाविद्यालय में भोज मुक्त विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण शिविर का। यहां 45 दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार 164 आधुनिक और सहायक उपकरण बांटे गए। इस दौरान प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री परमार ने दिव्यांगों के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा



कि शुजालपुर से दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने की नई मुहिम शुरू की जाएगी।

उन्होने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल सहायक उपकरण बांटना नहीं है, बल्कि दिव्यांगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना भी है। उन्होंने ऐलान किया कि जल्द ही शुजालपुर क्षेत्र के दिव्यांगजनों को किराना दुकान और कंप्यूटर चलित केंद्रों जैसे स्वरोजगार से जोड़ने की पहल शुरू की जाएगी, ताकि वे किसी पर निर्भर न रहें और अपनी सम्मानजनक आजीविका खुद अर्जित कर सकें।

### उपकरण पाकर खिले चेहरे

शिविर में जब हितग्राहियों को उनकी जरूरत के उपकरण सौंपे गए, तो उनके चेहरों पर अलग ही खुशी देखने को मिली। आयोजन में कुल 45 दिव्यांगों को 164 उपकरण वितरित किए गए। इनमें 2 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 6 सामान्य ट्राईसाइकिल, 66 कान की मशीनें (हियरिंग एड), 3 व्हीलचेयर, 6 बैसाखियां, 24 छड़ियां, 17 कमर बेल्ट, 36 घुटने के बेल्ट, 2 कंधे के बेल्ट, 1 रोलेटर और 2 टीएलएम किट शामिल थे।

### सरस्वती वंदना से हुआ शुभारंभ

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इस मौके पर भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति मिलिंद दांडेकर, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, विजय सिंह बैस, भोज मुक्त विवि के हेमंत केशवाल और जनपद पंचायत शुजालपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्दी कोरव विशेष रूप से मंचासीन रहीं।

## सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ने बलराज सिंह मलिक ने जंतर-मंतर पर छात्रों और नागरिकों को संबोधित किया

**नई दिल्ली।** अपने भाषण के दौरान, उन्होंने सरकार और नेतृत्व पर तीखे हमले किए, लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शनों की स्वतंत्रता का समर्थन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे की मांग की उन्होंने छात्रों के अधिकारों, प्रणाली में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए वकीलों और जनता से एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया? और जिसका काम देश के लोगों के फंडामेंटल राइट्स की सुरक्षा करना है, वह लोग कहीं ना कहीं सरकार के गलत फैसलों का, गलत रास्तों का समर्थन करते हुए दिखाई देते हैं। और यह लगातार हो रहा है। इसलिए अगर राज्य के तीन अंग हैं। एक विधायिका जो कानून बनाते हैं विधानसभा में बैठ के पार्लियामेंट में बैठ के दूसरे उस बने हुए कानून को लागू करते हैं। तीसरा? तीसरा है हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट जो जिसमें जज बैठते हैं। उनकी ड्यूटी है। मर्जी नहीं है कि इस देश के लोगों के फंडामेंटल राइट की सुरक्षा करें। ये उनकी ड्यूटी है जो इस ड्यूटी को ना समझे। वो इस्तीफा देके घर जाए देश पे बोझ ना बने कोई भी जज [प्रशंसा] साथियों 10 फुट टावर पे इसलिए बिठाया हमने घर के बाहर ताकि जो दो सेवक मालिकों ने देश की जनता ने तय किए हुए हैं वो अगर कोई कानून गलत बना दें पार्लियामेंट के लोगों को भगा के डरा के सस्पेंड करके गुंडागर्दी से कोई कानून पास कर लें तो उसके खिलाफ ड्यूटी हैहाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की बराबर की ड्यूटी है। अगर वो कानून संविधान के खिलाफ है तो इमीडिएट सुमोटो एक्शन लेने की ड्यूटी है। मुकदमों के इंतजार करने की जरूरत नहीं होती। करनी भी नहीं चाहिए। अगर अच्छा कोई कानून भी है उसको इंप्लीमेंट करने में गड़बड़ है तब भी सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट के जजों की ड्यूटी है कि उसको रोका जाए। मगर पे बैठे हुए लोग हैं उनके तरफ डंडे में बांध के टोफी दे दी कानून बना के कि जब तुम रिटायर होगे तुम्हें नेशनल कमीशनों का ट्राइबनलों का मेंबर और चेयरमैन बना देंगे। यह डेमोक्रेसी के खिलाफ है। यह सारे कानून भ्रष्टाचार की जड़ है। फिर उस इंतजार में बहुत सारे लोग खुद बीजेपी में मंत्री रहे। एक एडवोकेट जेटली ने जो अब नहीं है। उन्होंने खुद कहा था कि जज रिटायरमेंट से पहले उस तरह के फैसले करते हैं जो उनको पोस्ट रिटायरमेंट के बाद नौकरी पे लगाने का जुगाड़ कर सकते हैं। इसका मतलब वो देश का काम नहीं कर रहे। वह देश के साथ गद्दारी करते हैं। ऐसे गद्दार जजों को भी पकड़ने की जरूरत है। उनको जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। मैं सुप्रीम कोर्ट के प्रांगण से भी कह चुका हूं। ये इस्तीफा जिसको शिक्षा मंत्री मानव संसाधन मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नहीं मांग रहे । यह इस्तीफा प्राइम मिनिस्टर से मांग रहे क्योंकि उसने सारे मंत्रालय अपनी जेब में रखे हुए हैं। मंत्री सारे मददारी के बंदर हैं देश के। [प्रशंसा] मदारी के बंदर की तरह पटका है पीएमओ का।

## दिलीप सिंह बामनिया को दिल्ली में मानद डॉक्टरेट उपाधि, शाजापुर लौटने पर भव्य स्वागत

**शाजापुर।** शहर के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता, कबीर फाउंडेशन और अखिल भारतीय बलाई समाज (नई दिल्ली) के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप सिंह बामनिया को सोशल वर्क में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया है। उनके इस सम्मान से पूरे शहर और समाज में हर्ष का माहौल है। नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित लेगेसी शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया। समारोह में अमेरिका इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक व कुलपति डॉ. सांग वान पार्क, रजिस्ट्रार क्यूंग बाई एन, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.एन. शुक्ला, अविनाश राय खन्ना, वित्त मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव सुनील कुमार के हाथों उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई। बामनिया को यह सम्मान उनके द्वारा महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, शिक्षक व नारी शक्ति सम्मान, रक्तदान शिविरों और सामाजिक समरसता के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए मिला है।

**रेलवे स्टेशन पर हुआ जोरदार स्वागत**

दिल्ली से यह बड़ी उपलब्धि हासिल कर शाजापुर लौटने पर डॉ. दिलीप सिंह बामनिया का स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया। कबीर फाउंडेशन के वरिष्ठजनों और युवा साथियों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर रामचंद्र चौहान, बाबूलाल गोयल, राजेश पारछे, मूसा आजम खान, अमृतलाल मालवीय, नारायण सिंह मालवीय सहित भारी संख्या में समाजजन और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उक्त जानकारी राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल मालवीय ने दी।

# सांप के डसने के बावजूद नहीं छोड़ा फर्ज, सांप को जंगल में छोड़ा

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर




एक मकान में घुसे सांप का रेस्क्यू करने पहुंचे प्रोफेशनल स्नेक कैचर को सांप ने आंख के पास डस लिया। चेहरे पर सांप के काटने और तबीयत बिगड़ने के बावजूद इस एक्सपर्ट ने अपना काम बीच में नहीं छोड़ा। उन्होंने न सिर्फ सांप को सुरक्षित पकड़ा, बल्कि उसे जंगल में आजाद करने के बाद ही अपने इलाज के लिए अस्पताल का रुख किया। जानकारी के अनुसार शनिवार को ज्योति नगर स्थित एक मकान में सांप निकलने की सूचना मिली थी, जिस पर प्रोफेशनल स्नेक रेस्क्यू एक्सपर्ट जितेंद्र मालवीय तत्काल मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जब वे सांप को काबू कर रहे थे, तभी सांप ने अचानक पलटवार कर दिया और जितेंद्र की आंख के पास चेहरे पर डस लिया।

आंख के पास संवेदनशील जगह पर सांप के काटने के बाद जितेंद्र की तबीयत बिगड़ने लगी थी, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपना रेस्क्यू बीच में छोड़ने के बजाय उसे पूरा किया। सांप को सुरक्षित रूप से पकड़ा और उसे ले जाकर जंगल में छोड़ दिया, ताकि किसी अन्य इंसान या उस जीव को कोई नुकसान न पहुंचे। सांप को जंगल में सुरक्षित छोड़ने के बाद, दोपहर करीब 2 बजे जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर लिया। अस्पताल में उपचार के दौरान जितेंद्र मालवीय ने बताया कि उन्हें जिस सांप ने काटा था, वह रेड स्नेक था, जो विषैला नहीं होता है। समय पर अस्पताल पहुंचने और उचित इलाज मिलने के कारण अब उनकी हालत स्थिर और खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## चलती बाइक पर जेब में फटा मोबाइल, प्राइवेट पार्ट झुलसा

**पांढुर्णा।** मध्य प्रदेश के पांढुर्णा में चलती बाइक पर सवार युवक की जेब में रखा मोबाइल अचानक फट गया। धमाके के बाद पैंट में आग लग गई। बाइक बेकाबू होकर सड़क पर फिसल गई। युवक करीब 12 फीट तक घिसटता चला गया। उसकी जांघ और प्राइवेट पार्ट का ऊपरी हिस्सा झुलस गया, जबकि पैर की हड्डी टूट गई। हादसा शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे पांढुर्णा-परसोडी हाईवे के फोरलेन पर हुआ। घायल की पहचान टेमनी कला निवासी संदीप परतेती के रूप में हुई। संदीप ड्राइटेक कंपनी में काम करता है। ड्यूटी खत्म होने के बाद वह बाइक से पांढुर्णा से अपने गांव लौट रहा था। विजय ने बताया कि संदीप के साथ बाइक पर वह भी सवार था। जैसे ही उसने लपटें देखीं, तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक संदीप की जांघ बुरी तरह झुलस चुकी थी।

# मेडिकल स्टोर्स पर कसेगा शिकंजा बिना पर्ची प्रतिबंधित दवा दी तो खैर नहीं

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

शहर की रगों में नशा घोलने वाले अवैध कारोबारियों और नियमों को ताक पर रखने वाले मेडिकल संचालकों पर अब प्रशासन का चाबुक चलने वाला है। विगत कुछ दिनों से शुजालपुर शहर में प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री की मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय मोड में आ गया है। नशा मुक्त अभियान को धार देने और इस काले कारोबार पर लगाम कसने के लिए शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में केमिस्ट एसोसिएशन की एक आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में प्रशासन ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर अब सीधे कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में आयोजित



इस आपात बैठक में मेडिकल संचालकों के लिए नई और सख्त गाइडलाइन जारी की गई। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि दवाओं की आड़ में नशे का व्यापार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए औषधि निरीक्षक (ड्रग इंस्पेक्टर) को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अनुविभाग शुजालपुर के अंतर्गत आने वाले सभी मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस की सघन जांच करें और उनके स्टॉक का भौतिक सत्यापन करें। साथ ही केमिस्ट एसोसिएशन को निर्देशित किया गया है कि शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न शेड्यूल के अनुसार सभी प्रतिबंधित दवाओं की खरीद-बिक्री का समुचित और पारदर्शी रिकॉर्ड रखा जाए।

किसी भी परिस्थिति में रजिस्टर्ड प्रैक्टिशनर (चिकित्सक) के पर्चे के बिना कोई भी प्रतिबंधित दवा नहीं बेची जाएगी। प्रशासन की नजर उन सामान्य दवाओं पर भी है जिनका उपयोग नशे के लिए वैकल्पिक रूप में किया जा रहा है। मेडिकल संचालकों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि ऐसी दवाओं का सीमित स्टॉक ही रखें। यदि जांच में इन दवाओं का स्टॉक सामान्य क्रय-विक्रय से अधिक पाया गया, तो गतिविधि को संदिग्ध मानकर सीधी कार्रवाई की जाएगी।

**अवैध संचालन पर होगी जेल और जुर्माना-** एसडीएम ने बैठक में साफ चेतावनी दी है कि यदि कोई मेडिकल स्टोर बिना वैध पंजीकरण के संचालित होता पाया गया, प्रतिबंधित दवाओं को बिना डॉक्टर की पर्ची के बेचा गया या रिकॉर्ड संधारित नहीं किया गया, तो ऐसे संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।


**भवन क्रमांक 144 स्थित शंकराचार्य मार्ग नमकमण्डी उज्जैन के बाबत जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन नगर पालिक निगम क्रमांक पुराना 4038 नया क्रमांक 144 स्थित शंकराचार्य मार्ग नमकमण्डी उज्जैन में है जो जीर्णशीर्ण अवस्था का होकर जिसके पूर्व में . भटेवराजी का मकान व बाडा श्वेताम्बर जैन स्थानक का, पश्चिम में. सडक सरकारी, उत्तर में. सकलेचाजी का मकान, दक्षिण में. शर्माजी का मकान। उक्त मकान के मूल स्वामी रामचन्द्र पिता जमानादासजी जाती महाजन मोढ निवासी उज्जैन थे। जिनका की स्वर्गवास हो चुका है उनके उत्तराधिकारी मनोहर, राजेन्द्र गुप्ता व मृतक ओमप्रकाश के वारिसान आशा गुप्ता, प्रेम गुप्त, सपना गुप्ता, विनिता गुप्ता व मृतक डॉ. बालकृष्ण गुप्ता के वारिसान किरण गुप्ता, द्वतिक गुप्ता निवासीगण उज्जैन आदि से उक्त भवन को क्रय करने का सौदा किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी हैए शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त भवन पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, हिस्सा, हक, अधिकार हो या भवन कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधनग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेजए बंधक आदि किया हो या भवन के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या भवन विक्रय बाबत किसी को आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र व विक्रय.पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 18/7/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन पालरेचा एडवोकेट**
**51ए दादाभाई नोरोजी मार्ग खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 94250.91124**

## न्यूज-कॉलम

### गुजरात के 3 तस्करों को ड्रग्स के साथ दबोचा

**मन्दसौर।** नशे से दूरी 2.0 अभियान के तहत एसपी विनोद मीना के निदेशानुसार मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए सुवासरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बसई से एक बाइक सवार गुजरात के राजकोट निवासी तीन आरोपियों मोहसिन पिता रफीक भाई खाटकी, जाफर पिता हुसैन कादरिया और फजल पिता अख्तर नागोरी शामिल को गिरफ्तार किया है। पुलिस दबिश के दौरान स्थानीय आरोपी अफरोज उर्फ फिरोज मौके से भागने में सफल रहा। जानकारी अनुसार पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख रुपये कीमत की 80 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स और एक बैग में भरी 10 हजार रुपये कीमत की 5 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा सहित मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस ने फरार और गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिवसेना ने फूंका मौलाना जर्जिस का पुतला

**मंदसौर।** स्थानीय गांधी चौराहे पर शनिवार दोपहर शिवसेना (यूबीटी) ने मौलाना जर्जिस अंसारी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण पर की गई उनकी विवादित टिप्पणी के विरोध में नारेबाजी की और मौलाना का पुतला दहन कर उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। शिवसेना पदाधिकारियों का आरोप है कि मौलाना जर्जिस अंसारी ने जानबूझकर धार्मिक ग्रंथों की मूल भावना को ठेस पहुंचाई है और श्रीमद्भगवद्गीता के छठे अध्याय के 10वें श्लोक की ऐसी मनगढ़ंत व्याख्या की है जो मूल संस्कृत पाठ और उसके पारंपरिक अर्थ से पूरी तरह से अलग और भ्रामक है। प्रदर्शन के दौरान आईटी सेल राज्य प्रमुख नाहर सिंह गौड़, उज्जैन संभाग उप प्रमुख अनिल माली और जिला प्रभारी शुभम सिंह कच्छावा आदि मौजूद रहे।

### पीजी कॉलेज में स्नातक स्तर की विशेष परीक्षाएँ होंगी

**मन्दसौर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर में सत्र 2025-26 के स्नातक स्तर के उन छात्र-छात्राओं के लिए विशेष परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है, जो पूर्व में मुख्य परीक्षा देने से वंचित रह गए थे। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, उज्जैन द्वारा घोषित विशेष परीक्षा समय-सारणी के हवाले से बताया कि यह अवसर उन विद्यार्थियों को दिया जा रहा है जिन्होंने एनसीसी, एनएसएस, राज्य व राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं या फिर राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लिया था। यह विशेष परीक्षाएँ आगामी 22, 24 एवं 27 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे के बीच आयोजित की जाएंगी। परीक्षा से संबंधित विस्तृत समय-सारणी छात्र महाविद्यालय के सूचना पटल पर जाकर देख सकते हैं।

### आचार्य श्री अशोक सागर सूरीश्वरजी का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

**मन्दसौर।** श्री संघ की आज्ञा से परम पूज्य आचार्य श्री अशोक सागर सूरीश्वरजी म.सा. और गुरु भगवंतों का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश आज रविवार को पशुपतिनाथ मंदिर के पास स्थित श्री आर्यरक्षित सुरी जैन तीर्थ धाम (देवमंदिर) में संपन्न होने जा रहा है। इस पावन प्रसंग पर नगर में भव्य सामैया (प्रवेश शोभायात्रा), नवकारसी, धर्मसभा, मांगलिक प्रवचन तथा स्वामीवात्सल्य जैसे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन का लाभ मंदसौर के समस्त खमेसरा परिवार द्वारा स्व. श्री कुशालचंद, श्रीमती अमृत एवं श्री बापूलाल की पुण्य स्मृति में श्रीमती सुमन खमेसरा, अभिलाषा धर्मेंद्र खमेसरा, निधि चेतन खमेसरा और पुत्री-दामाद नेहल-शुभम धींग द्वारा लिया जा रहा है।

### बारिश नहीं होने से बढ़ी किसानों की चिंता

**नीमच ।** शहर के साथ जिले भर में 8 दिन से अधिक समय से बारिश नहीं होने से किसान लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है द्यबारिश के मौसम में लगातार 8 दिन से बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। वही आमजन भी उमस और गर्मी से परेशान हो चुके हैं।

# गड़ा धन निकालने और नोटों की बारिश के नाम पर रतलाम के किसान से ठगे 11 लाख, मंदसौर पुलिस ने गिरोह के 4 शातिर ठगों को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



जिले के अफजलपुर थाना पुलिस ने धन दोगुना करने और गड़ा धन निकालने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। थाना प्रभारी हरीश मालवीय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस मामले में संलिप्त चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरी कार्रवाई फरियादी गोपाल पिता रामेश्वर धाकड़ निवासी चिकलाना (रतलाम) की शिकायत पर की गई, जिसने अपनी आपबीती बताते हुए पुलिस को तांत्रिक क्रिया के नाम पर हुई लाखों रुपये की ठगी की जानकारी दी थी।

जानकारी अनुसार, आरोपी पृथ्वीराज ने फरियादी को अपने जाल में फंसाया और कमलेश नामक व्यक्ति से मिलवाया जो कथित तौर पर जादू-टोना कर नोटों की बारिश करवाता था। इसके बाद कमलेश ने तांत्रिक नबीनुर, कंवरलाल और एक अन्य साथी से मिलवाकर पहली बार में 2 लाख 61 हजार रुपये ऐंठ लिए और कुएं पर पूजा करवाई। पूजा में कमी का नाटक कर आरोपियों ने दोबारा 2 लाख 85 हजार रुपये लिए और वहां एक्सीडेंट व मौत का ढोंग रचकर फरियादी को डराकर भगा दिया। बाद में 50 लाख की बारिश का लालच देकर और फिर घर में गड़ा धन निकलने की बात कहकर अलग-अलग किश्तों में कुल 11 लाख 21 हजार रुपये ठग लिए। फरियादी को डराने के लिए भूत-प्रेत का डर दिखाया गया और अंत में नोटों की गड्डी के नाम पर 20-20 रुपये के नोट थमा दिए गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य रूपरेखा तैयार करने वाले कमलेश पिता प्रभुलाल निवासी रिण्डा थाना अफजलपुर जिला मंदसौर, तांत्रिक बनने वाले अफसर (जिसने अपना नाम गोपाल बताया था) पिता सुभान, नबीनुर पिता सुभान दोनों निवासी कुचडोद थाना अफजलपुर और पृथ्वीराज पिता भेरुलाल निवासी चिकलाना थाना कालुखेडा जिला रतलाम को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि खेत मालिक कंवरलाल पिता चेतराम निवासी कुचडोद अभी फरार है। पुलिस ने आरोपियों से 51 हजार रुपये नकदी, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें, जमीन से निकाली अम्बे माता की मूर्ति और तांत्रिक के कपड़े व माला विधिवत जब्त कर ली है।

## महासाध्वी प्रफ्फुल्ला म.सा. आदि ठाना 5 का चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जैन दिवाकर प.पू. गुरूदेव चौथमलजी म.सा., ज्योतिषाचार्य मालवरत्न उपाध्याय प.पू. गुरूदेव कस्तुरचंदजी म.सा. एवं श्रमण संघीय महामंत्री घोर तपस्वी पुज्य गुरुदेव मोहनमुनिजी म.सा. के दिव्य आशीर्वाद से श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ नीमचौक रतलाम को वर्ष 2026 हेतु श्रमण संघीय आचार्य सम्राट ध्यानयोगी प.पू. श्री डॉ. शिवमुनिजी म.सा. एंव कर्नाटक गजकेसरी घोर तपस्वी प.पू. गुरूदेव श्री गणेशीलालजी म.सा., की आज्ञानुवर्तिनी महाराष्ट्र प्रवर्तिनी प.पू. गुरूणी मैया डा. प्रतिभाजी म.सा. की लघु भगिनी एंव सुशिष्या वर्धमान आयम्बिल तपोनिधी जिनशासन प्रभाविका महासाध्वी प.पू.श्री प्रफ्फुल्लाजी म.सा. द्विशतावधी प.पू. साध्वी श्री महिमाजी म.सा., ज्ञान पिपासु प.पू.साध्वी श्री प्रणयाजी म.सा., शतावधानी प.पू. श्री महती श्रीजी म.सा. एंव नव दिक्षिता प.पू. साध्वी श्री परिज्ञाजी म.सा. आदि ठाणा 5 का चातुर्मास प्राप्त हुआ हैं ।

उक्त जानकारी देते श्रीसंघ मीडिया प्रभारी नीलेश बाफना ने बताया की महासतिया वृंद का रतलाम नगर मे चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश दिनांक १९ जुलाई रविवार को प्रजापति समाज धर्मशाला खान बावडी, रतलाम से प्रातः 9 बजे प्रारम्भ होगा जो नीमचौक जैन स्थानक पर धर्मसभा मे परिवर्तित होगा। इससे पूर्व नवकारसी का आयोजन किया गया जिसके लाभार्थी श्रीमति प?द्मादेवी-मिट्ठुलालजी, सीमा-अजय खमेसरा परिवार है। इसी के साथ 20 जूलाई को महासती प्रफुल्लाश्री मसा की 98वीं ओलीजी की पुणार्हुति (4851 आयंबिल) की अनुमोदनार्थ सामुहिक आयंबिल निवी का आयोजन रखा गया है।

श्रीसंघ अध्यक्ष अजय खिमेसरा, महामंत्री विनोद कटारिया, कोषाध्यक्ष अमृत कटारिया, संघ रत्न इंदरमल जैन, संघ गौरव महेन्द्र बोथरा, मणिलाल कटारिया, सुरेश कटारिया, ललित पटवा, प्रेम कुमार मोगरा, जयंतीलाल डांगी, विनोद बाफना, प्रकाश मेहता, विजय कटारिया, विजय पटवा नवयुवक मंडल अध्यक्ष आशीष कटारिया, वीरेंद्र कटारिया, अरिहंत बोराणा, पंकज पटवा, मनीष भटेवरा, रितेश मूणत

बहु मंडल अध्यक्ष रीना गांधी, ऋतु कटारिया, समता पितलिया, महिला मंडल अध्यक्ष मीना बोथरा, उषा बोथरा, , बालिका मंडल अध्यक्ष रक्षिता पटवा, जियांशी कटारिया, बालक मंडल अध्यक्ष लक्ष्य कटारिया, श्रेयांश बाफना, शुभ बोराना आदि समस्त धर्मप्रेमी जनता से मंगल प्रवेश एवं चातुर्मास के समस्त कार्यक्रमों मे भाग लेने की बिनती करी।



## नवरत्न महिला परिषद का नवाणु यात्रा संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

सहस्त्रफना पार्श्वनाथ जैन मंदिर नवरत्न महिला परिषद की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक, शपथ विधि समारोह और नवाणु यात्रा सम्मान समारोह का आयोजन बेहद सौहार्दपूर्ण और गरिमामय माहौल में किया गया। प्रारंभ में सुरभि भंडारी ने नवकार मंत्र की मंगल प्रस्तुति दी। इस मौके पर अतिथि देवो भवः की भावना के साथ परिषद की सभी पूर्व अध्यक्षों का अभिनंदन किया गया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष वर्षा छिंगावत ने पिछले वर्ष के सामाजिक कार्यों का ब्योरा दिया, वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना बोथरा ने आगामी वर्ष को संस्कार, सेवा एवं संगठन के संकल्प के साथ उत्कृष्ट संस्था बनाने की कार्ययोजना पेश की। इस दौरान घोषित की गई नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष हंसा छिंगावत व संगीता, सचिव भारती जैन, सहसचिव सारिका नाहटा, कोषाध्यक्ष रेखा धींग, संचालन मंत्री कविता लोढ़ा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में हिना दावड़ा, सुरभि भंडारी व दीपिका, सूचना मंत्री वृद्धि राका, बीओडी सदस्य आशा कचौरिया, अंजू कासमा, सोनम जैन व सोनाली जैन तथा प्रवक्ता सोनू चौरड़िया को दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम में नव्वाणु यात्रा पूर्ण करने वाली महिलाओं का भी बहुमान किया तथा सदस्यों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संचालन कविता लोढ़ा व हिना दावड़ा ने किया।



## देहदान परिचय पत्र प्राप्ति के अवसर पर किया पौधा रोपण

**रतलाम।** डॉ लक्ष्मी नारायण पांडे मेडिकल कॉलेज अधिष्टा डॉक्टर अनीता मुथा द्वारा देहदान कर्ता अशोक खाबिया को देहदान संकल्प परिचय पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने मधु कामिनी पौधे का तकनीकी तरीके से पौधारोपण करके बताया। पर्यावरण प्रेमी अशोक खाबिया का काटजू नगर स्थित बंगला पुरे पेड़ पौधों से भरा हुआ देख समाजसेवी गोविंद काकानी ने उन्हें पौधारोपण तकनीकी बताने के लिए अनुरोध किया था। आज रतलाम विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष समाजसेवी गोविंद काकानी , डॉ लक्ष्मीनारायण पांडे मेडिकल कॉलेज डीन डॉ अनीता मुथा, मानव संरचना विभाग प्रभारी राजेंद्र सिगरोले, डॉ विजय चौहान ,डॉ ध्रुवेंद्र पांडे डॉक्टर स्वर्ण कांता लिखार, डॉ प्रफुल्ल सोनगरा एवं सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉक्टर अखंड प्रताप सिंह की गरिमा में उपस्थिति में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## जगदीश मालवीय पदोन्नत होकर बने सहायक संचालक जनसंपर्क, पत्रकारों ने दी शुभकामनाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



मध्यप्रदेश शासन ने प्रदेश के कई विभागों में पदोन्नति आदेश जारी किए हैंद्य जिसमे जन संपर्क विभाग के अधिकारियों की भी पदोन्नति आदेश व सूची जारी करते हुए लंबे समय नीमच जिले में अपनी सेवाएं दे चुके वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी जगदीश मालवीय को सहायक संचालक, जनसंपर्क के पद पर पदोन्नत किया है।

पदोन्नति के बाद भी उनकी पदस्थापना जिला जनसंपर्क कार्यालय, आगर मालवा में ही यथावत रहेगी।वे एक माह पूर्व ही आगर पदस्थ हूए हैं द्य श्री मालवीय ने अपने सेवाकाल के दौरान नीमच जिले में जिला जनसंपर्क अधिकारी के रूप में लंबे समय तक जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक गतिविधियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रशासन, मीडिया और आमजन के बीच समन्वय स्थापित करने की उनकी कार्यशैली को हमेशा सराहा गया। वे अपनी सहज, सरल और सकारात्मक कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। पत्रकारों के साथ बेहतर संवाद, प्रशासनिक सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान तथा जनहित से जुड़े विषयों के प्रभावी प्रचार-प्रसार में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।

यही कारण है कि जनसंपर्क विभाग में उनकी सेवाओं से उन्हें यह महत्वपूर्ण पदोन्नति प्रदान की गई है। इस सुचना के बाद जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, पत्रकारों, सामाजिक संगठनों तथा उनके शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। वरिष्ठ पत्रकार नीमच असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट जिलाध्यक्ष डॉक्टर जीवन कौशिक एवं पत्रकारों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की है।

## बड़ेसाथ ओसवाल समाज की नई कार्यकारिणी घोषित

**मन्दसौर।** बड़ेसाथ ओसवाल समाज मंदसौर के संयोजक सुरेंद्र लोढा ने बताया कि समाज के नवनिर्वाचित मंडल में गुणवान सिंह कोठारी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही निर्मल सुराणा एवं संजय मुरड़िया को सहसंयोजक तथा हीरालाल मेहता को मुख्य परामर्शदाता मनोनीत किया गया है।

महामंत्री पद पर प्रेमेंद्र चोरड़िया, सुनील तलेरा एवं सीए आयुष जैन की नियुक्ति की गई है, जबकि राजेंद्र नाहर को कोषाध्यक्ष व दिनेश जैन (धुँधड़का) को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष राकेश सुराणा, वीरेंद्र मारू, अजय लोढ़ा, कपिल नाहटा, राजेश संघवी, सोधर्म सुशील डोसी एवं पारस कोचट्टा, मंत्री संजय चौधरी, आशीष खेमसरा, अमित कीमती, मनोज जैन, जितेंद्र कर्नावट एवं अनिल बाफना जिम्मेदारी संभालेंगे। साथ ही युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष पद पर अरुण मारू और महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष के रूप में शालू सौरभ दुग्गड़ को चुना गया है। समाज के व्यापक मार्गदर्शन हेतु एक वरिष्ठ परामर्शदाता मंडल और एक विशाल कार्यकारिणी सदस्य दल का भी गठन किया गया है।

## चार्जिंग पर लगी ई-स्कूटी में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग, प्लास्टिक गोदाम जलकर राख

**मंदसौर ।** शहर के गांधीनगर इलाके में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे एक रिहायशी मकान में भीषण आग लग जाने से हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आग लगने की मुख्य वजह घर के अंदर चार्जिंग पर लगी एक इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में खराबी के कारण हुआ शॉर्ट सर्किट था। स्कूटी से उठी लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और मकान के निचले हिस्से में बने एक व्यापारिक गोदाम तक फैल गई। इस गोदाम में भारी मात्रा में प्लास्टिक का सामान और पानी की टंकियां रखी होने के कारण आग अत्यंत तेजी से पूरे निचले फ्लोर में फैलती चली गई। यह मकान व्यापारी सचिन जैन का बताया जा रहा है। आग को बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत नगर पालिका की फायर ब्रिगेड और पुलिस प्रशासन को सूचित किया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला स्तरीय मातृ मृत्यु की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला का गर्भावस्था के प्रथम त्रैमास में अनिवार्य रूप से पंजीयन कर गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व जांच (एएनसी) सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी विभाग समन्वित एवं परिणाममुखी कार्य करें। कलेक्टर श्री चन्द्रा ने निर्देश दिए कि सभी गर्भवती महिलाओं की समय पर समग्र आईडी बनाकर जानकारी अनमोल पोर्टल पर अद्यतन की जाए, ताकि उन्हें समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने गंभीर एवं अति गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान कर उनके गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं प्रबंधन के निर्देश दिए। साथ ही गर्भावस्था के दौरान रक्तचाप की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा एएनएम द्वारा बीपी उपकरणों का समय-समय पर कैलिब्रेशन कराने को भी कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन एवं प्रबंधन की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। शहरी क्षेत्र में कम उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ संयुक्त सर्वे कर लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नवजात एवं शिशु मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एनआईसीयू, एनबीएसयू तथा गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल (एचबीएनसी) कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। उन्होंने आशा कार्यकताओं को प्रत्येक नवजात की नियमित गृह आधारित देखभाल तथा उच्च जोखिम वाले बच्चों को तत्काल अस्पताल रेफर करने के निर्देश दिए।

## न्यूज कालम



### रूठे इन्द्रदेव को मनाने हेतु उज्जयनी व हनुमान चालीसा का पाठ किया

**पिपलीया मंडी ।**बारिश की लंबी खेंच के चलते अच्छी बारिश की प्रार्थना को लेकर बरखेड़ा जयसिंह में उज्जयनी तो ग्रिड बालाजी पर कांग्रेसजनों ने सोनम वांचूनग के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए भी हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि बारिश की लंबी खेंच के चलते किसानों के चहरे मुरझाने लगे है अभी सभी फसल आईसीयू में चली गई है अच्छी बारिश हो किसान, मजदूर,व्यापारी सब खुशहाल हो इसको लेकर कांग्रेसजनो ने शनिवार को ग्रिड बालाजी पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर,नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता,नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा,व्यापारी प्रतिनिधि दिलीप मोहनलाल गुप्ता,भेरूपप्पू गुर्जर,दीपक भूरिया, राहुल पाटीदार आदि ने हनुमान चालीसा का पाठ कर इन्द्रदेवता को प्रसन्न करने के लिए प्रातः 9,30 बजे हनुमान चालीसा का पाठ किया।इसी तरह बरखेड़ा जयसिंह में भी रूठे इन्द्रदेवता को मनाने की लिए जंगल मे खेत कुवे पर दाल बाटी चूरमा बनाकर भगवान को भोग लगाया।

### पिपलिया मंडी में पहली बार निकलगी भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा



**पिपलिया मंडी।** कल 20 जुलाई सोमवार को मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के पिपलिया मंडी में पहली बार निकल रही भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कृषि उपज मंडी के वरिष्ठ व्यापारी तथा सिंधी समाज अध्यक्ष रूपचंद होतवानी ने समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ से आग्रह किया है कि अधिकाधिक संख्या मे उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे।

### सरस्वती शिशु मंदिर मे हुआ तरुण भारती किशोर भारती का गठन



**पिपलियामंडी।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज तरुण भारती किशोर भारती का गठन किया गया! जिसमें अध्यक्ष भैया नारायण सिंह उपाध्यक्ष बहिन इशिका माली सचिव कृष्णा स्वामी सह सचिव प्रिया मालवीय को नियुक्त किया गया! इसके साथ ही विद्यालय में विभिन्न दायित्वों पर भैया बहिनो को नियुक्त किया गया! जिसमें खेल प्रमुख बहिन हँसा दमानी, अनुशासन प्रमुख सौम्या बैरागी, पर्यटन प्रमुख जितेंद्र कायस्थ,स्वच्छता प्रमुख पीयूष माली, भोजन मंत्र प्रमुख प्रियांशी दायम,विसर्जन मंत्र प्रमुख बलराम जादव, सांस्कृतिक प्रमुख तारा माली, वाणिज्य सचिव भूमिका चौहान, विज्ञान सचिव जय सैनी, कला सचिव बहिन अंतिम कुंवर शक्तावत को नियुक्त किया गया!भैया बहिनो की इस कार्यकारिणी के गठन पर विद्यालय प्राचार्य प्रधानाचार्य एवं समस्त आचार्य परिवार द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई!

### आलोट में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुआ हेड बॉय एवं हेड गर्ल का चयन



**आलोट।** श्री महावीर हायर सेकेंडरी स्कूल, आलोट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए हेड बॉय एवं हेड गर्ल का चयन चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न हुआ। हेड बॉय पद के लिए दिव्यांश गोस्वामी, अंकित सोलंकी एवं महेंद्र सिंह परिहार ने अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की, जबकि हेड गर्ल पद के लिए इंसिया लोखंडवाला, जितिशा भट्ट एवं राजनंदिनी लोहार चुनाव मैदान में रहीं। चुनाव में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया बैलेट पेपर एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई गई। विद्यार्थियों ने जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ मतदान कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। मतगणना के उपरांत दिव्यांश गोस्वामी को हेड बॉय तथा राजनंदिनी लोहार को हेड गर्ल निर्वाचित घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण बन गया तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विजेताओं का पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया।

### सडक पर घूमते निराश्रित पशुओं के विरुद्ध नपा की कार्रवाई

**नीमच।** शहर में सड़कों व चौराहो पर स्वच्छंद विचरण कर आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे निराश्रित पशुओं को पकड़ने हेतु नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में कार्यवाही निरंतर जारी है।



## आस्था और उल्लास के साथ निकाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**महिदपुर।** गुरुवार आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को महिदपुर में श्री जगदीश मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ यात्रा रथयात्रा महोत्सव आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया । इस पावन अवसर पर शहीद भगत सिंह चौक स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर में दोपहर को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की प्रतिमा को पूजन अर्चन के पश्चात फूलों से सज्जित आकर्षक रथ में विराजित किया गया । बैंड बाजे, डीजे एवं ढोल ढमाको के साथ रथ यात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई । भगवान जगन्नाथ के रथ को महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धाभाव से रस्से से बांधकर खींचा जा रहा था । रथ यात्रा घोड़ा पछाड़, श्री राधा कृष्ण मंदिर, पुराना बस स्टैंड, गांधी मार्ग से होते हुए किशनगंज दरवाजा, घाटी मोहल्ला होकर श्री रणजीत हनुमान मंदिर से होते हुए पुनः जगदीश मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई रथ यात्रा में बैंड बाजो पर बज रहे धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु झूमते नाचते हुए जय जगन्नाथ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे । रथ यात्रा का नगर में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ-साथ आम श्रद्धालुओं ने भी पुष्प वर्षा कर एवं प्रसादी वितरण करके भव्य स्वागत किया ।

## अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नगर के वार्ड 01 जलप्रदाय कार्य का शुभारंभ



**खाचरौद।** मध्यप्रदेश शासन की अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नगर के वार्ड 01 में आने वाली श्री राम कॉलोनी में जलप्रदाय कार्य का शुभारंभ विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा अखिलेश शर्मा ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक चौहान एवं नगर मण्डल अध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने बताया कि नगर के पेयजल सिस्टम को और अधिक सुदृढ करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा अमृत 2.0 योजना अंतर्गत लगभग 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की हैं। जिसके अंतर्गत नागदा रोड़ पर एक नवीन 3 लाख लीटर की पानी की टँकी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 26 किलोमीटर के क्षेत्रफल में पाइप लाइन डाली गई हैं। जिससे सम्पूर्ण नगर के लगभग 45 हजार नागरिको को लाभ मिलेगा।इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष मान सूर्य प्रकाश शर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष प्रवीण जायसवाल, महामंत्री द्वय सौरभ भटेवरा, नितेश संगीतला,नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, वार्ड पार्षद राजेन्द्र धाकड़, दशरथ वात्तरिया, भाजपा नेता विनोद चतुर्वेदी, हरिराम कांकर, राजेन्द्र पण्डया, राजु मकवाना, जगदीश खटोलिया, जगदीश चौहान, शिव हर्रा, संजय गांग, भरत कांकर, इंकिसार अली, गौरव कपूर, श्रीमती कविता खटोलिया, बाबूलाल राठौर, नपा इंजिनियर बी एल पाटीदार, सप्लाई अधिकारी जीतसिंह कुशवाह आदि की उपस्थिति में क्षेत्र वासियों ने प्रेशर वाल खोलकर जलप्रदाय प्रारम्भ किया।

## उदनखेडी में समाज सेवी ने गायत्री मंदिर परिसर में रोपे 11 पौधे



**सारंगपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढावा देने के उद्देश्य से स्थानीय कस्बे में एक सराहनीय पहल सामने आई है। कस्बे के जाने-माने समाजसेवी रामप्रसाद जाट द्वारा गायत्री मंदिर परिसर में मां के नाम एक पौधा अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में कुल 11 पौधे रोपे। समाजसेवी रामप्रसाद जाट ने न केवल इन पौधों को लगाया, बल्कि पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इन सभी 11 पौधों की नियमित देखरेख, सिंचाई और सुरक्षा का पूरा जिम्मा (संकल्प) भी अपने हाथों में लिया है। धार्मिक और सामाजिक स्थलों पर इस तरह के पौधारोपण से न सिर्फ वातावरण शुद्ध होगा, बल्कि आमजन को भी पर्यावरण बचाने की प्रेरणा मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने समाजसेवी की इस अनूठी और प्रेरक पहल की सराहना की है।

## 3 दिवसीय नानी बाई रो मायरे का समापन



**तराना।** नगर के चल रहे 3 दिवसीय नानी बाई रो मायरो का शुक्रवार को समापन हुआ। गोवत्स राधाकृष्ण महाराज ने श्रद्धालुओं से कहा कि आलस ओर भजन का कोई मेल नही है ।राठी परिवार द्वारा आयोजित नानी बाई रो मायरो में उन्होंने कहा कि जितने कदम चले उस पर भगवान का नाम ले लिया तो हर कदम प्रभात फेरी है ।आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थित है। समापन पर आभार जगदीश चंद्र राठी ने माना।

## नन्हीं बालिकाओं ने घर-घर पहुंचाया गो सम्मान आह्वान अभियान

**सुसनेर।** गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत शुक्रवार को नगर के इतवारिया क्षेत्र में छोटी बालिकाओं ने घर-घर जाकर लोगों को अभियान की जानकारी दी तथा गो संरक्षण एवं गो सम्मान के समर्थन में हस्ताक्षर भी करवाए। बालिकाओं ने नागरिकों से अभियान से जुड़ने और अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की अपील की। अभियान के तहत आगामी 27 जुलाई को एकत्रित हस्ताक्षरों के साथ कलेक्टर को प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। इस दौरान रुचिका विश्वकर्मा सहित अन्य बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### सारंगपुर में स्वास्थ्य संकट : डॉ. अंकित और डॉ. तस्लीम ने दी बच्चों बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह

# उल्ट-दस्त और बुखार के मरीजों से भरा सिविल अस्पताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

क्षेत्र में लंबे समय से बारिश न होने और भीषण उमस व गर्मी के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ रहा है। बारिश की खेंच (देरी) की वजह से स्थानीय सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा दर्ज किया जा रहा है। प्रतिदिन ओपीडी में उल्टी, दस्त, तेज बुखार, घबराहट और त्वचा से जुडी समस्याओं के सैकडों मरीज पहुंच रहे हैं, जिससे अस्पताल परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं बच रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अंकित यादव और डॉ. तस्लीम मंसूरी ने क्षेत्र की जनता के लिए बेहद जरूरी स्वास्थ्य सलाह और सुरक्षात्मक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

डॉ. यादव ने सलाह देते हुए कहा कि शरीर में पानी की कमी न होने दें। दिनभर में कम से कम 3 से 4 लीटर साफ और छना हुआ पानी जरूर पिएं। बच्चों और बुजुर्गों को ओआरएस का घोल अथवा नींबू-पानी देते रहें। इस मौसम में खाना बहुत जल्दी खराब (दूषित) होता है। बासी भोजन, कटे हुए खुले फल और बाजार के खुले खाद्य पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करें। हमेशा ताजा बना गर्म भोजन ही ग्रहण करें। दोपहर के समय बिना वजह बाहर निकलने से बचें। यदि बाहर जाना जरूरी हो, तो सिर को सूती कपडे या छाते से ढंककर ही निकलें।



वहीं, डॉ. तस्लीम मंसूरी ने इस बदलते मौसम में बच्चों और बुजुर्गों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) के कारण बच्चे और बुजुर्ग इस उमस भरे मौसम का शिकार सबसे पहले बनते हैं। हवा में नमी और गर्मी के कारण वायरल इंफेक्शन बहुत तेजी से फैल रहा है। अचानक तेज बुखार और दस्त की समस्या देखी जा रही है। ऐसी स्थिति में घरेलू इलाज के भरोसे रहने के बजाय तुरंत अस्पताल आकर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि भोजन करने से पहले और शौचालय के उपयोग के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं। बच्चों के हाथ समय-समय पर साफ करते रहें। अत्यधिक ठंडे कमरे से अचानक तेज उमस और गर्मी में बाहर न जाएं। तापमान के इस अचानक बदलाव से सर्दी-जुकाम और निमोनिया का खतरा बढ जाता है। उमस के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ रहा है। घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें और रात में सोते समय मच्छरदानी या मॉस्किटो लिक्विड का उपयोग करें।

### उमस और गर्मी से बढीं बीमारियां: डॉ. यादव

अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अंकित यादव ने बताया कि बारिश न होने की वजह से वातावरण में उमस और तापमान काफी बढ गया है। यह मौसम बैक्टीरिया और वायरस के पनपने के लिए सबसे अनुकूल होता है। इस समय हमारे पास सबसे ज्यादा मरीज गैस्ट्रोएंटेराइटिस (उल्टी-दस्त), डिहाइड्रेशन (शरीर मंश पानी की कमी) और तेज बुखार के आ रहे हैं। इस मौसम में जरा सी लापरवाही भी स्वास्थ्य पर भारी पड सकती है।

### अच्छी वर्षा की कामना को लेकर धार्मिक आयोजन शुरु

# बारिश की बेरुखी को लेकर किसान हुए चिंतित- माथे पर उभरी चिंता की लकीरें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां

क्षेत्र में सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा तथा जन-कल्याण की कामना को लेकर शुक्रवार से फुलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत श्रद्धा एवं भक्ति के साथ अखंड रामायण पाठ से की गई।

मंदिर परिसर मे दो दिवसीय शिव-शक्ति महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आहुति देकर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना करेंगे। आयोजन के समापन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महिला एवं पुरुष श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

इस दौरान क्षेत्र के खेड़ापति देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। साथ ही



पशुधन को विभिन्न रोगों से सुरक्षित रखने की पारंपरिक लोक परंपरा के तहत 'रोकटीया' कार्यक्रम का भी आयोजन भी होगा। ग्रामीणों का मानना है कि तंत्र मंत्र से इस धार्मिक अनुष्ठान से पशुधन की रक्षा होती है ।तथा क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

**महिदपुर रोड**

बारिश की बेरुखी से पूरे क्षेत्र का किसान इन दिनों बड़ी चिंता में है महंगे दामों के बीजों को खरीद कर खेतों में बुवाई करने खेतों में खाद डालने के बाद दिनभर की तेज गर्मी से खेतों में खड़ी मुरझा कर झुलस रही फसलें किसानों के लिये चिंता का विषय बनी हुई है आसपास के गांव में बारिश की खेच से परेशान किसानों ने धार्मिक आस्था का सहारा लेते हुए मंदिरों में अखंड रामायण पाठ सहित अन्य जतन शुरू कर दिये है दूसरी और मौसम विशेषज्ञों की मानें तोअभी दो-तीन दिन और बारिश की संभावना नहीं है

## नशे मुक्ति की शपथ दिलाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत गुरुवार को थाना क्षेत्र के पीएम श्री स्कूल श्यामपुर में पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी देवनारायण यादव व थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। एसडीओपी यादव ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और भविष्य पर गंभीर प्रभाव डालता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहकर सकारात्मक जीवनशैली अपनानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने की शपथ दिलाई गई। इस अवर पर ब्लाक शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, प्राचार्य जितेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## चीनी के कप में चाय देने वाले होटल संचालक का सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी की अपील का असर अब नगर में दिखाई देने लगा है। नगर परिषद द्वारा होटल एवं चाय व्यवसायियों से डिस्पोजल कपों के स्थान पर चीनी के कप अथवा अन्य सुरक्षित बर्तनों में चाय परोसने का आग्रह किया गया था। इस पहल का पालन करते हुए बस स्टैंड स्थित एक होटल संचालक ने डिस्पोजल कपों में चाय देना बंद कर चीनी के कप में चाय परोसना शुरू कर दिया।इस सराहनीय पहल की जानकारी मिलने पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी व सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया होटल पहुंचे और होटल संचालक का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि लोगों को सुरक्षित बर्तनों के उपयोग के प्रति भी जागरूक करेंगे।

प्रदीप सोनी ने नगर के सभी



होटल एवं चाय व्यवसायियों से भी डिस्पोजल कपों का उपयोग कम कर चीनी के कप, स्टील के गिलास या कुल्हड़ जैसे सुरक्षित विकल्प अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि गर्म पेय पदार्थों के लिए निम्न गुणवत्ता वाले डिस्पोजल कपों का लगातार उपयोग स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं माना जाता, इसलिए सभी को सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने की दिशा में आगे आना चाहिए। नगर परिषद की इस पहल को नगरवासियों ने भी सराहा और इसे स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण हितैषी सुसनेर की ओर एक सकारात्मक कदम बताया।



## सड़क पर आवारा घूमता गोवंश- बच्चों के पैरंट्स रहते आशंकित

■ स्थानीय प्रशासन चौमासे में तो गौशाला में रखवायें गोवंश को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

इन दिनों नगर के मुख्य मार्ग सहित विभिन्न कॉलोनियों मोहल्लों में जाने आने वाली गलियों में पूरे दिन भर तथा रात में सड़कों पर विचार करने वाला गोवंश तथा 4 से 6 की संख्या में विचरण करते नंदी घूमते रहते हैं बैठे रहते हैं जिसके चलते पैदल जाने आने वाले छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों सहित सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों सहित उन छोटे-छोटे बच्चों को जो पैदल अपने स्कूल आते-जाते हैं उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है आसपास के खेतों में खरीफ फसल की बुवाई के बाद किसानों ने अपने खेतों के आस पास बाड लगा दी जिससे गो वंश का दिन भर विचरण करना उनकी मजबूरी बन गया है हालांकि आसपास बड़ी संख्या में गौशालाएं संधारित है जहां पूरे समय नहीं तो कम से कम बारिश के चार महिने (चौमासे) के दौरान तो स्थानीय प्रशासन के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारी इन गोवंश को वहां पहुंचा कर मुख्य सड़क तथा गलियों को आवागमन के योग्य बना सकते हैं। ग्राम डेलची बुजुर्ग, बलाई खेड़ा, खेड़ा खजूरिया जैसे गांवों से गुजरने वाला मुख्य मार्ग तो वाहन चालकों के लिये डेंजर जोन जैसा बन गया है इन स्थानों पर दिनभर को गौवंश बैठा रहता है।

## नगर में वाहन चोरों के हौसले बुलंद

**मक्सी।** नगर में वाहन चोरों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं।ग्यारह दिन पहले का मामला मक्सी थाना क्षेत्र का है, जहां नर्मदा मार्ट के सामने सड़क किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल दिनदहाड़े चोरी हो गई। पीड़ित युवक ने मक्सी थाने में लिखित शिकायत देकर पुलिस से बाइक बरामद करने एवं आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नई आबादी मक्सी निवासी विवेक लोधी (18) पिता कैलाश लोधी 6 जुलाई 2026 की सुबह करीब 9 बजे अपनी पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक MP-12-MG-4844 (काले रंग) से नर्मदा मार्ट पर काम करने गया था। उसने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। दोपहर करीब 1 बजे जब वह बाहर आया तो मोटरसाइकिल मौके से गायब थी।

पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उसने मक्सी थाने पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। आवेदन में बताया गया है कि बाइक के सामने लगे मास्क पर जय श्री महाकाल लिखा हुआ है।

# मैना पुलिया निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

### एक माह में कार्रवाई नहीं हुई तो चक्का जाम व भूख हड़ताल की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

ग्राम मैना मार्ग पर कंठाल नदी स्थित रपट (पुलिया) के निर्माण की मांग को लेकर शुक्रवार को युवा शिवसेना के नेतृत्व में 15 गांवों के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

ज्ञापन में बताया गया कि मैना, कलारिया, नयाखेड़ा, सेमली, देहरिया, डोगरगांव सहित करीब 15 गांवों के लोगों के लिए यह मार्ग मुख्य आवागमन का साधन है। यह मार्ग मध्यप्रदेश को राजस्थान से भी जोड़ता है। बरसात के दिनों में कंठाल नदी की रपट पर पानी आने से आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है, जिससे मरीजों, गर्भवती महिलाओं, स्कूली बच्चों, किसानों तथा आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार



दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों में लगातार नाराजगी बनी हुई है।

ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि वर्तमान जर्जर और संकरी रपट के स्थान पर शीघ्र ही ऊंचे एवं चौड़े पुल का निर्माण कराया जाए, ताकि वर्षभर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा शिवसेना जिलाध्यक्ष मनोहर सिंह बगड़ावत, जिला उपाध्यक्ष प्रेम सिंह बगड़ावत, जिला मंत्री भगवान सिंह आर्य, तहसील उपाध्यक्ष मनोहर सिंह कलारिया, जिला सचिव जितेंद्र सिंह सहित 15 गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर पुल निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई शुरू नहीं हुई तो युवा शिवसेना एवं क्षेत्र के ग्रामीण चक्का जाम, भूख हड़ताल और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की परिस्थितियों के लिए शासन-प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

# व्यापारी महासंघ एवं व्यापारी संघ की धार्मिक यात्रा संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

व्यापारी महासंघ एवं नागदा व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अयोध्या, प्रयागराज एवं काशी विश्वनाथ की छह दिवसीय पारिवारिक धार्मिक यात्रा श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न होकर नागदा पहुंची। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का पुष्पमालाओं से आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया।

महासंघ अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के नेतृत्व में लगभग 40 सदस्यीय दल ने यात्रा के दौरान प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या, तीर्थराज प्रयागराज एवं धर्मनगरी काशी (वाराणसी) के प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

अयोध्या में श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला सरकार के दर्शन, पावन सरयू नदी में स्नान, सरयू आरती, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, रामायण वैक्स म्यूजियम, भरत-हनुमान मिलन मंदिर एवं भरत गुफा के दर्शन किए।



प्रयागराज में श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई तथा पातालपुरी मंदिर, अक्षयवट, ऐतिहासिक किला एवं बड़े (लेटे) हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया।

वाराणसी में यात्रियों ने गंगा नदी के 84 घाटों का नौका विहार किया, गंगा स्नान किया तथा श्री काशी विश्वनाथ महादेव, काल भैरव, आदि शक्ति दुर्गा माता मंदिर, तुलसी मानस मंदिर, त्रिदेव मंदिर एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर के दर्शन किए। सायंकाल विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती का दिव्य एवं अलौकिक दृश्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन, धार्मिक आयोजनों एवं सामूहिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भक्ति रस में सराबोर रहे। यात्रियों ने इस यात्रा को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि इससे धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता, पारिवारिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई।

नागदा रेलवे स्टेशन पर नागदा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष सज्जनसिंह शेखावत, अमित पाल, अंकित राठौर, दिनेश सेठिया, कमल ज्ञानचंदनानी, निलेश पोरवाल, कान्हा पोरवाल सहित अनेक व्यापारियों एवं शुभचिंतकों ने यात्रियों का पुष्पमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया तथा सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।



## भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा व पूजा अर्चना संपन्न

**जगोटी ।** गुरुवार सायं श्री चारधाम मंदिर से प्रतिवर्षानुसार भगवान जगन्नाथ, बालभद्र ,व माता सुभद्रा की शोभायात्रा निकाली गई, अंबे माता मंदिर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। शोभायात्रा पुनः मंदिर परिसर में पहुंची जहां श्री चारभुजा नाथ मंदिर के पुजारी पंडित बनवारी लाल शर्मा ने आरती उतारी व मालपूवे का भोग लगाया। चारधाम मंदिर के संस्थापक डा. बजरंग गुरु ने भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा की पौराणिक कथाओं का वर्णन किया। प्रतिमा का आकर्षक श्रंगार प्रद्युम्न दीपक बैरागी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद थे।



### प्रियंका चोपड़ा ने पति निक जोनस से 10 साल बड़े होने पर कही बड़ी बात

# 'प्यार में उम्र का फासला मायने नहीं रखता है....'



बॉलीवुड और हॉलीवुड स्टार प्रियंका चोपड़ा ने अपने पति निक जोनस के साथ उम्र के अंतर पर खुलकर बात की है। एक हालिया पॉडकास्ट में उन्होंने बताया कि उनके रिश्ते में 10 साल का यह अंतर कभी भी कोई परेशानी नहीं बना। आईएएनएस के अनुसार, पॉडकास्ट के दौरान जब एक महिला ने प्रियंका से पूछा कि वह खुद से 6 साल छोटे लड़के को डेट कर रही हैं, तो वह इस रिश्ते में अपना आत्मविश्वास कैसे बढ़ाएं? इस पर प्रियंका ने जवाब देते हुए कहा कि जब आपको कोई ऐसा जीवनसाथी मिल जाता है, जो आपकी हर उम्मीद पर खरा उतरे, तो उम्र का अंतर कोई चुनौती नहीं रह जाता। प्रियंका ने कहा कि जिंदगी के बड़े फैसले लेते समय मन में ऐसे सवाल आना स्वाभाविक है। निक जोनस ने भी इस पर कहा कि उनके लिए प्रियंका से 10 साल छोटा होना कभी कोई बड़ी बात नहीं रही। प्रियंका और निक की मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। कुछ समय डेट करने के बाद दिसंबर 2018 में जोधपुर में उन्होंने हिंदू और ईसाई दोनों रीति-रिवाजों से धूमधाम से शादी की। जनवरी 2022 में सरोगेसी की मदद से उनके घर बेटी का जन्म हुआ, जिसका नाम उन्होंने मालती मैरी चोपड़ा जोनस रखा है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर एसएस राजामौली कर रहे हैं। इस फिल्म में प्रियंका के साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## आठवें दिन 100 करोड़ क्लब के बेहद करीब पहुंची 'धमाल 4'

इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में लगी हैं। हालांकि सभी बॉलीवुड फिल्मों की कमाई काफी कम हो गई है। 'धमाल 4' का कलेक्शन पहले वीकएंड के बाद घट गया। इसके बाद इसकी कमाई लगातार घटती ही चली गई। फिर भी फिल्म का कलेक्शन लगभग 100 करोड़ रुपये हो गया है। 'अल्फा' और 'वेलकम टू द जंगल' के कलेक्शन में काफी गिरावट दर्ज की गई है। अजय देवगन की अदाकारी वाली फिल्म 'धमाल 4' की कमाई में बीते कल के मुकाबले गिरावट आई है। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक इस फिल्म ने शुक्रवार को 3.31 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 99.31 करोड़ रुपये हो चुका है। भले ही फिल्म का कलेक्शन घटा हो मगर इसने आज आठवें दिन 100 करोड़ रुपये के बेहद करीब पहुंच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपये है।



### अल्फा

आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की फिल्म 'अल्फा' का कलेक्शन दो हफ्तों के बाद काफी घट गया है। फिल्म पहले ही लाखों में कलेक्शन कर रही थी। आज इसके कलेक्शन में काफी गिरावट देखने को मिल रही है। आज इसने खबर लिखे जाने तक 18 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसका टोटल कलेक्शन 56.58 करोड़ रुपये हो गया है।

### शो लॉकअप 2 के प्रतियोगी राम कपूर ने दिया हिंट

# क्या हर्षद चोपड़ा शिवांगी जोशी से प्यार करते हैं?



ह्यलॉकअप 2ह्न का एक हालिया एपिसोड तक चर्चा में आ गया, जब राम कपूर ने एक दूसरे प्रतियोगी से हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी के रिश्ते पर बात की। शो के कई प्रतियोगियों को लगता है कि इनके बीच दोस्ती से ज्यादा प्यार का रिश्ता है। जानिए, राम कपूर ने इस मामले पर क्या कहा?

### राम कपूर को ऐसा क्यों लगता है?

शो के एक दूसरे प्रतियोगी से बात करते हुए राम कपूर कहते हैं, ह्यहर्षद शिवांगी के लिए शो में खेल रहा है। अगर शिवांगी शो जीतने वाली होगी, तो वह खुद हट जाएगा। यह साफ है कि वह उससे प्यार करता है, लेकिन चुपचाप। जिस तरह वह उस दिन शिवांगी के लिए रोया था, उससे यह बात साफ हो गई। राम कपूर ने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह दोनों तरफ से नहीं है। शिवांगी जानती है कि हर्षद उससे प्यार करता है और वह इसका पूरा फायदा उठाती है। वह उसके लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है। मैं इसके लिए हर्षद को ही दोषी मानूंगा।

बीते दिनों 'लॉकअप 2' में आकांक्षा चमोला ने अपने और एक्टर गौरव खन्ना के तलाक की बात बताई। वहीं राम कपूर ने बताया कि जब वह छोटे थे तो हॉस्टल में उनका शोषण किया गया था। इसी तरह से हर्षद चोपड़ा ने बताया था कि उनकी गर्लफ्रेंड और दोस्त ने मिलकर उन्हें धोखा दिया था।

यह सब राज सुनकर इन सेलेब्स के फैंस काफी हैरान थे।

### क्या है शो लॉकअप 2 का कॉन्सेप्ट?

रियलिटी शो 'लॉक अप 2 को रितेश देशमुख और फराह खान होस्ट कर रहे हैं। इसमें कुछ चर्चित सेलिब्रिटीज को एक जेल के कॉन्सेप्ट वाली जगह पर प्रतियोगी के तौर पर रखा जाता है। वे बाहरी दुनिया से कटे रहते हैं।






### स्पेनिश गोलकीपर सिमोन ने सिर्फ 1 गोल खाया

# मेसी ने सबसे ज्यादा 8 गोल दागे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

102 मैच, 31 दिन और 46 टीमों के बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 को दो फाइनलिस्ट मिल गए हैं। डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार खिताबी मुकाबले में पहुंचा है, जबकि स्पेन 16 साल बाद फाइनल खेलेगा। दोनों टीमें 19 जुलाई की रात 12:30 बजे ट्रॉफी के लिए आमने-सामने होंगी। फाइनल तक पहुंचने का रास्ता दोनों टीमों के लिए आसान नहीं रहा। कहीं आखिरी मिनट में मैच पलटा, कहीं एक्स्ट्रा टाइम में जीत मिली तो कहीं गोलकीपर ने शानदार बचाव कर टीम को बाहर होने से बचाया।



### लियोनेल मेसी, कप्तान, फॉरवर्ड

39 साल के मेसी एक बार फिर अर्जेंटीना के सबसे बड़े मैच विनर साबित हुए। ग्रुप स्टेज में अल्जीरिया के खिलाफ हैट्रिक लगाई। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ टीम 85 मिनट तक 0-1 से पिछड़ रही थी, लेकिन आखिरी सात मिनट में मेसी ने दो असिस्ट देकर मैच पलट दिया। उनके नाम पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 8 गोल हैं।

### लॉटारो मार्टिनेज, स्ट्राइकर

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच 1-1 से बराबरी पर था। लॉटारो बतौर सब्स्टिट्यूट खेलने उतरे। इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में उन्होंने हेडर से गोल कर अर्जेंटीना को लगातार दूसरे वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा दिया।

### क्रिस्टियन रोमेरो, सेंटर बैक

राउंड ऑफ-16 में मिस्र के खिलाफ अर्जेंटीना 0-2 से पीछे थी। 79वें मिनट में रोमेरो ने गोल कर वापसी की शुरूआत की और अगले 13 मिनट में टीम ने तीन गोल दागकर मैच पलट दिया। डिफेंस में उनके टैकल और इंटरसेप्शन ने कई मजबूत टीमों के हमले रोके।

### जूलियन अल्वारेज, स्ट्राइकर

स्विट्जरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल एक्स्ट्रा टाइम तक खिंच गया था। 112वें मिनट में अल्वारेज ने बॉक्स के बाहर से शानदार गोल कर अर्जेंटीना को सेमीफाइनल का टिकट दिलाया।

### उनाई सिमोन, गोलकीपर

स्पेन के फाइनल तक पहुंचने की सबसे बड़ी वजह उसका मजबूत डिफेंस रहा और उस डिफेंस की सबसे मजबूत कड़ी गोलकीपर उनाई सिमोन रहे। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल खाया। फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में एमबाप्पे के कई शॉट रोके। उन्होंने सभी मैच मिलाकर 609 मिनट तक गोल नहीं खाने का रिकॉर्ड भी बनाया।

### एंजो फर्नांडीज, मिडफील्डर

सेमीफाइनल में एंजो ने इंग्लैंड के खिलाफ 25 गज दूर से शानदार शॉट लगाकर बराबरी दिलाई। डिफेंस और अटैक के बीच तालमेल बैठाने, गेंद पर नियंत्रण रखने और खेल की रफ्तार तय करने में उनकी भूमिका बेहद अहम रही।

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनजोत कालरा श्रीलंका में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय अंडर-19 क्रिकेटर मनजोत कालरा को श्रीलंका में गिरफ्तार किया गया है। उन पर लंका प्रीमियर लीग में एक खिलाड़ी को रिश्वत देने का आरोप लगा है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी टूर्नामेंट के छठे सीजन की शुरूआत से कुछ घंटे पहले की गई। अपराधों की जांच करने वाली श्रीलंका पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने हिरासत में लिया।

## फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियन को पहली बार मिलेंगे 490 करोड़

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फुटबॉल वर्ल्ड कप चैंपियन को 51 मिलियन डॉलर करीब 490 करोड़ रुपए मिलेंगे। पहली बार विश्व चैंपियन को इतनी बड़ी रकम मिलेगी। इस बार 871 मिलियन डॉलर यानी करीब 8,400 करोड़ रुपए की इनामी राशि बांटने का ऐलान किया है।

वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने वाले हर देश को कम से कम 12.5 मिलियन डॉलर यानी करीब 120 करोड़ रुपए मिलेंगे। फाइनल मुकाबले से पहले ऋ्रक्रऋ ने ऐलान किया कि विजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल के साथ चैंपियनशिप रिंग भी दी जाएगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को करीब 279 करोड़ (29 मिलियन डॉलर), चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को करीब 259 करोड़ (27 मिलियन डॉलर) की पुरस्कार राशि दी जाएगी।



## पीवी सिंधु जापान ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बना ली है। उनका सामना जापान की अकाने यामागुची और इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वारदानी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

सिंधु ने सेमीफाइनल में चीन की वर्ल्ड नंबर-4 चेन यूफेई को हराया। सिंधु सेमीफाइनल में 21-19, 15-10 से आगे थीं, तभी चेन यूफेई हैमस्ट्रिंग में परेशानी के कारण मैच से हट गईं। इसी के साथ सिंधु ने लगातार 5 हार के सिलसिले को तोड़ दिया। सिंधु 7 साल के बाद चीनी खिलाड़ी को हराने में कामयाब हुई हैं। उन्हें यूफेई पर पिछली जीत 2019 में वर्ल्ड चैंपियनशिप के दौरान मिली थी। सिंधु करीब 2 साल बाद इहऋवर्ल्ड टूर के किसी बड़े टूनार्मेंट का फाइनल खेलेंगी। इससे पहले उन्होंने 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब जीता था। सिंधु को क्वार्टर फाइनल में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोआमी ओकुहारा ने वॉकओवर दे दिया था। इससे पहले वे चीन की हान यू को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं। उन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले को महज 35 मिनट में 21-16, 21-14 से जीत लिया।

### वॉशिंगटन सुंदर तीसरे वनडे से बाहर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और आखिरी वनडे मैच के लिए ऑलराउंडर हर्ष दुबे को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें वॉशिंगटन सुंदर की जगह टीम में शामिल किया गया है। सुंदर दूसरे वनडे के दौरान चोटिल हो गए थे, जिसके कारण वह सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा वनडे कल लॉर्ड्स में खेला जाएगा। हर्ष दुबे ने 13 जून 2026 को अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला में अपना वनडे इंटरनेशनल डेब्यू किया। इस मैच में उन्होंने 5 ओवर में 47 रन देकर 3 विकेट लिए।

सीरीज के दूसरे वनडे मैच के दौरान सुंदर के दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। भारतीय टीम मैनेजमेंट और मेडिकल स्टाफ अब वॉशिंगटन सुंदर की चोट पर नजर रखे हुए है।

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क
9827820470

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### सोलर पैनल की फाइल बढ़ाने के लिए 40 हजार की रिश्वत लेते जूनियर इंजीनियर पकड़ाया

**इंदौर।** लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री नमेश कुमार भोंडेकर को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी सोलर पैनल संबंधी फाइल आगे बढ़ाने के एवज में 80 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार, परदेशीपुरा निवासी बिल्डर एवं होटल व्यवसायी शिवप्रकाश बसवाल ने 17 जुलाई 2026 को लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अंबे नगर स्थित जीआर-7 होटल की इमारत पर लगाए जाने वाले सोलर पैनल की फाइल आगे बढ़ाने के लिए कनिष्ठ यंत्री नमेश कुमार भोंडेकर 80 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत के सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के निर्देशन में निरीक्षक सचिन पटेरिया के नेतृत्व में ट्रैप टीम गठित की गई। शनिवार को टीम ने सुखलिया जोन स्थित विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में कार्रवाई की।

### दिनेश मकवाना आत्महत्या केस में आबकारी अधिकारी को राहत

**इंदौर।** चर्चित दिनेश मकवाना आत्महत्या प्रकरण में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने शुक्रवार को सिंगल बेंच द्वारा दिए गए सीबीआई जांच के आदेश को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर भी रद्द कर दी गई। मामला शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना की आत्महत्या से जुड़ा है, जो उस समय काफी चर्चाओं में रहा था। आत्महत्या के पीछे प्रशासनिक दबाव और अधिकारियों की भूमिका को लेकर उठे सवालों के बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। सुनवाई के दौरान सिंगल बेंच ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित की भूमिका की जांच सीबीआई से कराने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इस आदेश को चुनौती देते हुए दायर अपील पर सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के फैसले को पलट दिया। अदालत ने माना कि मामले में सीबीआई जांच जारी रखने के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं।

### पथराव और तोड़फोड़ करने पर पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के घर पर हमला कर दिया। हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बदमाश वारदात करते नजर आ रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फुटेज और फरियादी की शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में एसीपी अशोक सिंह जादौन ने बताया कि घटना शुक्रवार रात विजयश्री कॉलोनी, कालानी नगर की है। यहां रहने वाले राहुल राठौर के घर पर पप्पू खटिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर पथराव किया था। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी फरियादी के घर पर पथराव और तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं। अचानक हुए हमले से आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फरियादी के बयान व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। एसीपी ने बताया कि पथराव और तोड़फोड़ के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार चल रहे आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**इंदौर।** एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी काफी समय से तलाश की जा रही थी। बता दे कि इस मामले में पूर्व में चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। इंदौर क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच को फरार आरोपी अरमान (23) पिता आजम खान, निवासी ग्राम सुरजानी, जिला मंदसौर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। लंबे वक्त से उसकी तलाश की जा रही थी। एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में उसकी तलाश की जा रही थी। मुखबीर की सूचना और टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर टीम ने उसे गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि ईशान पिता इरफान खान निवासी झालावाड़, शाहनवाज पिता मो.साहिद निवासी छत्रीपुरा मेन रोड, नायब पिता मुबारिक शाह निवासी लाबरियाभेरू चौराहा और चितरंजन पिता वीरेंद्र सिंह राठौर निवासी जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया जा चुका है। पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के पास से 53.96 ग्राम एमडी ड्रग्स जिसकी कीमत 5 लाख 40 हजार रुपए और एक कार जिसकी कीमत 5 लाख रुपए है।

### पेटलावद में सखी-वन स्टॉप सेंटर शुरू, मंत्री भूरिया ने किया उद्घाटन

**झाबुआ।** महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने शनिवार को पेटलावद में 'सखी-वन स्टॉप सेंटर' का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और कन्या पूजन के साथ की गई। इस केंद्र का मकसद समाज के हर वर्ग की पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को तत्काल सहायता पहुंचाना है। मंत्री निर्मला भूरिया ने केंद्र के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यह राज्य सरकार की एक बड़ी पहल है। इसका मुख्य लक्ष्य हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही जगह पर अस्थायी आश्रय, डॉक्टरी इलाज, पुलिस सहायता, कानूनी सलाह और काउंसिलिंग की सुविधा देना है। उन्होंने साफ किया कि इस केंद्र में बिना किसी उम्र, जाति या वर्ग के भेदभाव के हर महिला की मदद की जाएगी। अपने संबोधन में मंत्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश-प्रदेश आत्मनिर्भर बन रहे हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं।

### 25 बच्चे बैठाकर स्कूल ले जा रहे तूफान वाहन का काटा 5 हजार रुपये का चालान

**झाबुआ।** झाबुआ जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने शनिवार को जांच अभियान चलाया। कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी कृतिका मोहटा और ट्रैफिक पुलिस की टीम ने विभिन्न स्थानों पर स्कूल बसों और निजी वाहनों का निरीक्षण किया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान तूफान वाहन में निर्धारित क्षमता से 25 बच्चे अधिक पाए गए। इस गंभीर लापरवाही के लिए अधिकारियों ने वाहन पर 5 हजार रुपये का चालान किया। एक अन्य तूफान वाहन बिना वैध बीमा के संचालित पाया गया, जिस पर 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कल्याणपुरा स्थित क्रिएटिव कॉन्वेंट स्कूल में भी जांच टीम ने कार्रवाई की। यहां अभिभावकों द्वारा निजी तौर पर किराए पर लगाए गए 5 वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे पाए गए। टीम ने इन सभी पांचों वाहनों को तत्काल जब्त कर लिया। विद्यालय संचालक अरुण डामोर को सख्त हिदायत दी गई है कि वे वाहनों और चालकों का पूरा रिकॉर्ड रखें और क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन न होने दें।

### अधूरा ओवरब्रिज, जर्जर वैकल्पिक मार्ग से जोखिम भरा सफर करने को मजबूर लोग

**धार।** धार में इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर नागदा-गुजरी मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण एक साल से अधिक समय से अधूरा पड़ा है। इसके कारण मुख्य मार्ग बंद है और आवागमन के लिए सुनारखेड़ी फाटे से बनाया गया वैकल्पिक मार्ग अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। यह वैकल्पिक मार्ग निर्माण शुरू होने के कुछ समय बाद ही उखड़ने लगा था, लेकिन इसकी मरम्मत अब तक नहीं की गई। नतीजतन, प्रतिदिन 20 से 30 गांवों के हजारों लोग इस बदहाल सड़क से गुजरने को मजबूर हैं। बारिश के दौरान इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे कीचड़ और फिसलन बढ़ जाती है। दोपहिया वाहन ड्राइवरों को इससे सबसे अधिक परेशानी होती है और हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं, पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से बारिश बंद होने के बाद सड़क पर धूल और गिट्टी उड़ने लगी है, जिससे चार पहिया वाहनों से उड़ते पत्थर राहगीरों और दोपहिया चालकों के लिए नई मुसीबत बन गए हैं। इस मार्ग से रोजाना स्कूली बच्चे, किसान, व्यापारी, मजदूर और नौकरीपेशा लोग गुजरते हैं। लगातार बढ़ते यातायात के दबाव ने सड़क की स्थिति को और खराब कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनसुनवाई में शिकायतें की हैं और संबंधित विभाग को आवेदन भी दिए हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

---

आठ साल से सिर्फ कागजों पर देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट विस्तार, रनवे की लंबाई भी नहीं बढ़ी

# 6 हजार वर्गमीटर में नया टर्मिनल-1 बनकर तैयार, फिर भी शुरू नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के विस्तार और रनवे की लंबाई बढ़ाने का मामला आठ साल से फाइलों और औपचारिकताओं में उलझा हुआ है। एयरपोर्ट को इंटरनेशनल लेवल का बनाने के लिए 143 एकड़ जमीन की दरकार है, जो शासन स्तर से अनुमति न मिलने के कारण अब तक नहीं मिल पाई है।

उधर, इंदौर से महज 55 किलोमीटर दूर उज्जैन में सिंहस्थ के मद्देनजर 400 एकड़ जमीन पर नया इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की तैयारी तेजी से शुरू हो गई है, जहां 4 किमी लंबा रनवे बनेगा।

पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर जमीन जल्द आवंटित कराने की मांग की है। वहीं सांसद शंकर लालवानी ने भी कहा है कि सिंहस्थ के लिहाज से इंदौर में यात्री सुविधाएं बढ़ाना बेहद जरूरी है और वे इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात करेंगे। उधर, एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी और एविएशन एक्सपर्ट्स का कहना है उज्जैन का विकास स्वागत योग्य है, लेकिन इसके लिए इंदौर एयरपोर्ट की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। एयरपोर्ट प्रबंधन ने विस्तार के लिए सिंहासा, नैनोद, कोडिया बर्डी और सिरपुर की ओर की जमीनों को चिह्नित कर अधिग्रहण का प्रस्ताव शासन को भेजा है। जमीन मिलने पर दो चरणों में यह काम होने हैं:

**पहला चरण (89 एकड़ जमीन की जरूरत) रनवे:** वर्तमान रनवे 2754 मीटर से बढ़कर 3500 मीटर लंबा हो जाएगा, जिससे बड़े विमान उतर सकेंगे।

**क्षमता:** फ्लाइट मूवमेंट 15 से बढ़कर 24 फ्लाइट प्रति घंटा हो जाएगा। विमान पार्किंग क्षमता 26 से बढ़कर 33 होगी।

**यात्री:** सालाना यात्री क्षमता वर्तमान 45 लाख से बढ़कर 1 करोड़ तक पहुंच जाएगी। प्रतिघंटा यात्री क्षमता 1300 से बढ़कर 6000 हो जाएगी।

**दूसरा चरण (54 एकड़ जमीन की जरूरत) रनवे व टर्मिनल :** रनवे बढ़कर 4000 मीटर लंबा हो जाएगा। 1 लाख वर्ग मीटर में कुल टर्मिनल एरिया विकसित होगा।

**क्षमता व यात्री:** फ्लाइट मूवमेंट 36 प्रति घंटा और विमान पार्किंग 54 तक पहुंच जाएगी। प्रति घंटे 20 हजार यात्री सफर कर सकेंगे और सालाना क्षमता में 6 से 8 गुना बढ़ोतरी होगी।

**ट्रेवल एसोसिएशन-** सिंहस्थ से पहले सुविधाएं बढ़ाना जरूरी है इंदौर एयरपोर्ट पर लगातार यात्रियों का दबाव बढ़ रहा है। सिंहस्थ से पहले रनवे का विस्तार और सुविधाएं बढ़ाना बेहद जरूरी है ताकि अंतरराष्ट्रीय और बड़े बोइंग विमान यहां आसानी से लैंड कर सकें।

#### करोड़ों के प्रोजेक्ट्स जो सिर्फ घोषणा बनकर रह गए

1. **नए टर्मिनल की घोषणाएं :** छह साल पहले 450 करोड़ से नई टर्मिनल बिल्डिंग को मंजूरी मिली थी। बाद में निजीकरण का हवाला देकर इसे रोक दिया गया। इसके बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 2026 में 492 करोड़ के नए टर्मिनल-1 की घोषणा की, जो सिर्फ कागजों पर रही।
2. **तैयार होकर भी बंद है टर्मिनल-1 :** ओल्ड टर्मिनल बिल्डिंग के हिस्से में 6 हजार वर्गमीटर में नया टर्मिनल-1 बनकर तैयार है। तीन महीने पहले इसका उद्घाटन भी हो चुका है, लेकिन सुरक्षा के लिए अब तक सीआईएसएफ का स्टाफ नहीं मिलने के कारण इसे शुरू नहीं किया जा पा रहा है।
3. **पार्किंग की जमीन पर मेट्रो :** एयरपोर्ट को पार्किंग विस्तार के लिए 20 एकड़ जमीन मिली थी। मेट्रो ने इस जमीन के एक हिस्से पर अपना काम शुरू कर दिया, जिससे पार्किंग का विस्तार अटक गया।

---

इंदौर और मंदसौर में एक साथ छापे, अहम दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त

# 70 करोड़ की ड्रग्स तस्करी में ईडी की एंट्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इंदौर सब-जोनल कार्यालय ने इंदौर और मंदसौर सहित विभिन्न स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ईडी ने अहम दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए हैं।

ईडी ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्रवाई 70 करोड़ की करीब 70 किलोग्राम एमडीएमए (मेफेड्रोन) ड्रग्स की तस्करी से जुड़े मामले में की गई है। ईडी ने यह जांच इंदौर क्राइम ब्रांच द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। मामला नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम, 1985 की धारा 8 और 22 के तहत दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान पता चला कि मामले का एक प्रमुख आरोपी अपने ज्ञात ठिकानों से फरार था। ईडी ने खुफिया सूचनाओं और आधुनिक जांच तकनीकों की मदद से कई दिनों तक हैदराबाद, बीकानेर और इंदौर में उसकी गतिविधियों पर नजर रखी। लगातार निगरानी और सूचना संकलन के बाद आरोपी को इंदौर के एक अज्ञात ठिकाने पर तलाश लिया गया, जिसके बाद तलाशी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

**वित्तीय नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की तलाश-** तलाशी में मिले साक्ष्यों से ड्रग्स तस्करी से जुड़े वित्तीय नेटवर्क, संपत्तियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की संभावना है। एजेंसी मामले से जुड़े सभी लोगों की भूमिका और अपराध से अर्जित धन से संबंधित वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है।

#### दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और वित्तीय रिकॉर्ड जब्त

तलाशी के दौरान ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य तथा आरोपियों की संपत्तियों और वित्तीय लेन-देन से जुड़ी जानकारी मिली है। कई दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। ईडी अब इन साक्ष्यों के आधार पर अपराध से अर्जित आय का पता लगाने, मनी ट्रेल की जांच करने और कथित मनी लॉन्ड्रिंग के दायरे का आकलन करने में जुटी है।

#### रिश्तेदार के नाम बैंक लॉकर भी मिला

कार्रवाई के दौरान एक आरोपी के रिश्तेदार के नाम पर बैंक लॉकर होने की जानकारी भी सामने आई। इस लॉकर की अलग से तलाशी और जब्ती की प्रक्रिया की जा रही है।

---

हाई कोर्ट में याचिका पर सुनवाई

# मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी पहले बना दी रीजन बाद में घोषित किया, यह गलत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी के गठन की प्रक्रिया को लेकर दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के लिए कहा है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि संविधान में जो प्रक्रिया दी गई है उसका पालन ही नहीं किया गया।

कानूनन पहले मेट्रोपॉलिटन रीजन (क्षेत्र) घोषित होना था, उसके बाद अथॉरिटी बननी थी। सरकार ने पहले अथॉरिटी बना दी और क्षेत्र की अधिसूचना 5 महीने बाद 12 जून को जारी की। यह पूरी प्रक्रिया कानून के तय नियमों के विपरीत है।

इसमें इंदौर की अनदेखी की गई है। हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से पूछा कि इससे क्या नगर निगम की शक्तियां खत्म हो जाएंगी। याचिकाकर्ता ने कहा कि बेशक निगम के कामकाज का दायरा सिमटकर रह जाएगा।

प्रशासनिक जज सुबोध अभ्यंकर, जस्टिस आलोक अवस्थी की डिविजन बेंच के समक्ष इस याचिका की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अक्षत पहाड़िया ने पैरवी की। याचिका में दावा किया गया है कि यह नया कानून स्थानीय स्वशासन की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करता है और संविधान के 74वें संशोधन व अनुच्छेद-14 का उल्लंघन करता है।

---

# सिस्टम की लापरवाही, 35 करोड़ की 15 ई-बसें 8 साल में ही बनीं कबाड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर को प्रदूषण मुक्त बनाने और जनता को आधुनिक सफर का अहसास कराने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से जो वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें खरीदी गई थीं, उनमें से करीब 15 बसें सिस्टम की लापरवाही का शिकार होकर वर्कशॉप में दम तोड़ रही हैं।

राजीव गांधी चौराहा स्थित एआईसीटीएसएल की वर्कशॉप की तस्वीरें हैरान करने वाली हैं। जिन बसों में रोजाना 40 हजार से अधिक यात्रियों को सफर करना था, वे अब विज्ञापन के होर्डिंग्स, फ्लेक्स और कबाड़ रखने का गोदाम बन चुकी हैं। बसों के भीतर सीटों से लेकर गैलरी तक कचरा भरा हुआ है और आलम यह है कि इनके दरवाजे तक ठीक से बंद नहीं हो पा रहे हैं। कबाड़ हो रही बसों की अनुमानित कीमत करीब 30-35 करोड़ रुपए है।

#### फेम इंडिया योजना 40 बसें मिली थीं

केंद्र सरकार की फेम इंडिया योजना के तहत 2018 में इंदौर को 9 मीटर लंबाई की 40 इलेक्ट्रिक सिटी बसें मिली थीं। शून्य उत्सर्जन वाली इन बसों का मकसद शहर की हवा को साफ रखना था।

- **पुर्जों का टोटा :** करीब 25 बसें महीनों से वर्कशॉप में धूल खा रही हैं, क्योंकि उनके जरूरी स्पेयर पार्ट्स और बैटरी उपलब्ध नहीं हैं।
- **बैटरी की समस्या :** एक बार बैटरी खराब होने के बाद नई बैटरी की व्यवस्था समय पर नहीं की गई, जिससे करोड़ों की गाड़ियां सड़क से बाहर हो गईं।
- **मेंटेनेंस का अभाव :** समय पर मरम्मत न होने से वर्कशॉप में खड़ी इन बसों की हालत लगातार बदतर होती जा रही है।

---

भय्यू महाराज की पत्नी ने मौलाना के खिलाफ एफआईआर की मांग की, वकीलों ने भी सौंपा ज्ञापन

# भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी को लेकर इंदौर में विरोध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





भैय्यू महाराज की पत्नी डॉ. आयुषी देशमुख ने भगवान श्रीकृष्ण पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने संबंधित मौलाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए एक आवेदन भी दिया।

इंदौर में भैय्यू महाराज की पत्नी आयुषी ने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर एक मौलाना के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म या आराध्य का अपमान स्वीकार नहीं किया जा सकता।

आयुषी देशमुख ने कहा कि जिस व्यक्ति ने यह बयान दिया है, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अपनी संस्था के माध्यम से संबंधित मौलाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन देंगी।

उधर, इंदौर के वकीलों में भी इस मामले को लेकर काफी रोष है। एडवोकेट दिलीप नागर, शैलेंद्र सिंह बैस, शुभम सुनहरे, सुनील डावर, कुलदीप नागर, शुभम राजपूत सहित अन्य ने शुक्रवार देर शाम पलासिया टीआई के नाम ज्ञापन सौंपा और मौलाना के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की।

#### धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा

आयुषी ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति हिंदू धर्म या भगवानों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करेगा तो उसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए जिससे किसी भी धर्म के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने इस दौरान कुछ बेहद कठोर दंड की भी मांग की।

#### यह है पूरा मामला

दरअसल उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी मौलाना जरजिस अंसारी का एक वीडियो सोशल मीडिया और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह बयान सनातन धर्म की आस्थाओं के विपरीत, भ्रामक और करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। शिकायती आवेदनों में यह भी कहा गया है कि इस प्रकार की टिप्पणी से सामाजिक तनाव और विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसी आधार पर मौलाना के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने से संबंधित प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

---

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर वर्कशॉप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विदेशों की स्वच्छता और व्यवस्थाओं की सराहना करने वाले भारतीय अक्सर अपनी ही सांस्कृतिक विरासत को भूल जाते हैं। भारत की मूल परंपरा कभी कचरा पैदा करने की नहीं रही। वर्ष 1970 तक देश में न डंपिंग साइट थीं और न ही कचरा प्रबंधन के लिए बड़े नियम-कायदे, क्योंकि हमारा समाज पुनः उपयोग (री-यूज) और वस्तु विनिमय (बार्टर सिस्टम) की संस्कृति पर आधारित था।

यह बात फीडबैक फाउंडेशन के सीईओ अजय सिन्हा ने शनिवार को इंदौर सिटी बस ऑफिस में आयोजित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी विशेष वर्कशॉप में कही। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने की। सिन्हा ने कहा कि भारतीय समाज में गोबर तक का उपयोग किया जाता रहा है और कचरे को भी पवित्र तथा अपवित्र की अवधारणा से जोड़कर देखा जाता था। ऐसी समृद्ध परंपराओं को स्कूलों के पाठ्यक्रम और कक्षाओं में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी स्वच्छता के सांस्कृतिक मूल्यों को समझ सके। उन्होंने कहा कि केवल होर्डिंग, पोस्टर और पेंटिंग लगाने से व्यवहार परिवर्तन नहीं आता। इसके लिए समाज में प्रभावी संवाद, जनभागीदारी और प्रेरक कहानियों की जरूरत होती है।

---

# नगर निगम वार्ड-60 का चुनाव निरस्त

## पार्षद सुनेहरा अंसारी की जीत रद्द

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 60 से वर्ष 2022 में निर्वाचित पार्षद सुनेहरा अंसारी की जीत को जिला कोर्ट ने निरस्त कर दिया है। द्वितीय जिला न्यायाधीश विनोद कुमार शर्मा ने 17 जुलाई को चुनाव याचिका में सुनाए गए फैसले में सुनेहरा अंसारी के नामांकन पत्र तथा निर्वाचन को शून्य घोषित कर दिया।

कोर्ट ने अपने निर्णय में माना कि प्रत्याशी द्वारा नामांकन के साथ प्रस्तुत शपथ-पत्र में संपत्ति, देनदारियों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के संबंध में अपूर्ण और गलत जानकारी दी गई थी। इससे मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम निर्वाचन नियम, 1994 के प्रावधानों का उल्लंघन हुआ। कोर्ट ने यह भी माना कि प्रत्याशी चुनाव लड़ने की पात्रता से संबंधित आवश्यक तथ्यों का सही खुलासा नहीं कर सकी। मामला वर्ष 2022 के नगर निगम चुनाव से जुड़ा है। 6 जुलाई 2022 को हुए मतदान के बाद 17 जुलाई 2022 को घोषित परिणाम में सुनेहरा अंसारी को वार्ड-60 से विजयी घोषित किया गया था। इसके खिलाफ इफ्तेखार अंसारी ने अपने एडवोकेट विजय शर्मा के माध्यम से चुनाव याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि नामांकन पत्र के साथ दाखिल शपथ-पत्र में संपत्तियों, कर बकाया और अन्य जानकारियों को छिपाया गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विभिन्न दस्तावेजों और साक्ष्यों का परीक्षण किया। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत जानकारी में गंभीर त्रुटियां और अपूर्णताएं थीं, जिसके कारण उनका नामांकन वैध नहीं माना जा सकता।


जय श्री महाकाल

ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।

ए.के. सिंह मो. 7748813792

सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।

देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता

ए.के. ट्रेडर्स

फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त

ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)

अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन

मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?

जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।

पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर

(M.A. Astrologer)

प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान

नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन

नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक

मोबाइल- 9827007312, 98277-33384

(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति

कटे कान जुड़वाएं

किडनी की पथरी का अंत तुरंत

निःशुल्क दवा प्राप्त करें

डॉ. पी.पी. ओझा

कर्ण रोग विशेषज्ञ

9425360006,9425107617

प्रति शनिवार को मिले

निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com